वर्ष 69 ▸ अंक 220 ▸ पृष्ठ 12+8 = 20
भोपाल, शनिवार 09 मई, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ **सत्यकथा** (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com


> यदि कभी हमें यह दिखे कि डाकुओं का एक दल खूब तरक्की कर रहा है तो ऐसे सच के आधार पर हम कतई यह सिद्धांत नहीं बना सकते कि डकैती डालना ही उन्नितका उपाय है।
> -रवीन्द्र नाथ टैगोर

### भाजपा विधायक दल ने सर्वसम्मति से चुना अपना नेता, अमित शाह ने की घोषणा


# सुवेंदु होंगे पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री, आज 11 बजे करेंगे शपथ ग्रहण

**कोलकाता, जेएनएन।** सुवेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। शुक्रवार को कोलकाता के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से नेता चुना गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उनके नाम का औपचारिक ऐलान किया। इसके तुरंत बाद 56 वर्षीय सुवेंदु अधिकारी सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल से मिलने लोकभवन पहुंचे।

सुवेंदु शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद राज्य में पहली बार पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

विधायक दल की बैठक के दौरान अमित शाह ने सुवेंदु अधिकारी के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि बंगाल की जनता ने भय, हिंसा और भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने का जनादेश दिया है। शाह ने सुवेंदु को माला पहनाकर बधाई दी और गले लगाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान पूरे सभागार में 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंजते रहे।

गौरतलब है कि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार 294 में से 207 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है, जबकि तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमट गई।



### शाह बोले- बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा

अमित शाह ने विधायक दल को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ चुनावी जीत नहीं, बल्कि भाजपा की वैचारिक यात्रा का ऐतिहासिक पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 'गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की सरकार बनने का सपना आज पूरा हो गया।' शाह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को लेकर शुरू हुई राजनीतिक यात्रा अब बंगाल में सरकार बनने तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी थी, लेकिन बंगाल में पार्टी की सरकार बनाना उनका अधूरा सपना था।

#### महिला सुरक्षा होगी सरकार की प्राथमिकता

सुवेंदु अधिकारी ने विधायक दल की बैठक के बाद कहा कि भाजपा सरकार महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि संदेशखाली और आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसे मामलों की जांच के लिए विशेष आयोग बनाए जाएंगे।

#### संदेशखाली पीड़िता को मिल सकता है मंत्री पद

संदेशखाली मामले की पीड़िता रेखा पात्रा को भी नई सरकार में मंत्री बनाया जा सकता है। उन्हें मंत्री पद की सूचना भेजी गई है, हालांकि विभाग तय नहीं हुआ है।

#### कोंताई में सुवेंदु के घर के बाहर जश्न

पूर्वी मिदनापुर के कोंताई में सुवेंदु अधिकारी के घर के बाहर समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और पटाखों के साथ जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ता मिठाइयां बांटते नजर आए।

## तमिलनाडु: विजय ने सौंपी बहुमत की सूची पर गर्वनर ने नहीं दिया न्यौता

### टीवीके के साथ 118 विधायक, कांग्रेस के अलावा सीपीआई, सीपीएम, वीसीके ने दिया समर्थन

**चेन्नई, जेएनएन।** तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी राजनीतिक सस्पेंस अभी बरकरार है। वीटीके चीफ और एक्टर विजय ने लोकभवन में लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को टीवीके (107), कांग्रेस (5), सीपीआई (2), सीपीएम (2) और वीसीके (2) के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। लेकिन अभी भी राज्यपाल ने उन्हें सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया है। इससे विजय के शपथ ग्रहण को लेकर संशय बरकरार है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि विजय शनिवार को सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण करेंगे।



इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। लेकिन राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते।

#### टीवीके समर्थकों ने लोकभवन के सामने प्रदर्शन किया

टीवीके समर्थकों ने शुक्रवार सुबह गवर्नर हाउस (लोकभवन) के सामने प्रदर्शन और नारेबाजी की। पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया। कांग्रेस ने भी विजय के समर्थन में प्रदेश व्यापी प्रदर्शन किया है। वहीं टीवीके मुख्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी।

### सुप्रीम कोर्ट की विजय शाह पर सख्त टिप्पणी, कहा-

# बहुत हुआ... अब हमारे आदेश का पालन कीजिए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सेना की महिला अधिकारी सोफिया कुरैशी पर विजय शाह की विवादित टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाई और अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने राज्य सरकार से कहा, 'बहुत हो चुका... अब हमारे आदेश का पालन कीजिए।' कोर्ट ने स्पष्ट संकेत दिए कि मामले को अनावश्यक रूप से लंबा नहीं खींचा जा सकता।

यह पूरा विवाद भारत की पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद शुरू हुआ था। इस ऑपरेशन की मीडिया ब्रीफिंग कर्नल सोफिया कुरैशी ने की थी। इसके बाद इंदौर के पास महू के रायकुंडा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में विजय शाह ने कहा था, 'जिन्होंने हमारी बेटियों को विधवा किया, हमने उन्हें सबक सिखाने के लिए उनकी ही एक बहन को भेजा।'

इस बयान को कर्नल सोफिया कुरैशी के धर्म से जोड़कर देखा गया और देशभर में इसकी आलोचना हुई। विपक्षी दलों, महिला संगठनों और पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी बयान पर आपत्ति जताई थी।

मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान जस्टिस अतुल श्रीधरन ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा था, 'अगर जरूरत पड़ी तो अदालत के आदेश को लागू कराने के लिए मैं नर्क भी एक कर दूंगा।'

इसके बाद विजय शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के तहत मामला दर्ज किया गया। इन धाराओं में राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने और समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने जैसे आरोप शामिल हैं।

#### प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार

**अभियोजन स्वीकृति देने में हो रही देरी पर जताई नाराजगी**




#### कोर्ट बोला- मंत्री को ऐसे बयान देने की आदत

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मंत्री विजय शाह का बचाव करते हुए कहा कि संभवतः उनके बयान को गलत तरीके से समझा गया और उनका उद्देश्य महिला अधिकारी की प्रशंसा करना था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि यह बयान सिर्फ 'दुर्भाग्यपूर्ण' नहीं बल्कि 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' था। उन्होंने कहा कि एक अनुभवी राजनेता अच्छी तरह जानता है कि किसी महिला अधिकारी की सराहना कैसे की जाती है। कोर्ट ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए टिप्पणी की कि मंत्री को इस तरह की टिप्पणियां करने की आदत है।


### आईपीएल में आज

**राजस्थान बनाम गुजरात**
समय : रात 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
**परिणाम: कोलकाता ने दिल्ली को 8 विकेटों से हराया।**


### रीवा अरोरा से डिलीवरी एजेंट ने की बदसलूकी



**मुंबई, जेएनएन।** रीवा अरोरा ने अपने साथ हुई एक परेशान करने वाली घटना का खुलासा किया है। 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' फेम एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि एक ऑनलाइन डिलीवरी एजेंट ने उनके और उनके परिवार के साथ बदतमीजी की और गालियां दीं। मामला इतना बढ़ गया कि मौके पर मुंबई पुलिस को बुलाना पड़ा। रीवा के मुताबिक यह घटना 26 अप्रैल की है। उन्होंने बताया कि जब ब्लिंकिट का डिलीवरी एजेंट ऑर्डर लेकर उनके घर पहुंचा, तभी से उसका व्यवहार ठीक नहीं था। रीवा ने कहा, 'उसका बोलने का तरीका काफी रूड और अनुचित था। जब मैंने जवाब दिया तो स्थिति और बिगड़ गई। मेरी मां निशा अरोड़ा ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार बदतमीजी करता रहा।'

**मामला बढ़ने पर बुलानी पड़ी पुलिस**

### बरगी क्रूज हादसा: संचालक का कलेक्ट्रेट में बयान

## 7 माह से खराब था 1 इंजन अफसरों को थी सब खबर

**जागरण, जबलपुर।** बरगी बांध में 13 लोगों की मौत की वजह बने पर्यटन निगम के क्रूज का एक ही इंजन काम कर रहा था, उसमें भी सात महीने से तकनीकी खराबी थी। उसकी स्पीड कम हो चुकी थी और लोड सहने की क्षमता भी घट गई थी। दूसरा इंजन कभी भी बंद हो जाता था। इसकी जानकारी प्रबंधन को अक्टूबर में लिखित में दे दी थी। भोपाल में निगम के जलक्रीड़ा शाखा के अफसर तक यह शिकायत पहुंच चुकी थी। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। क्रूज के पायलट ने जांच कर रहे अधिकारियों के सामने खुलासा किया है।

कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को क्रूज के स्टॉफ और बचाव दल को बयान के लिए बुलाया था। दुर्घटना के बाद बर्खास्त क्रूज पायलट महेश पटेल ने बयान में कहा कि खराब मौसम में क्रूज चलाने या न चलाने का निर्णय भी चालक दल नहीं लेता, बल्कि प्रबंधन की ओर से निर्देश मिलते हैं। कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को एसडीएम अभिषेक सिंह, तहसीलदारों व प्रशासनिक अमले ने करीब 30 लोगों के अलग-अलग बयान दर्ज किए हैं।



#### भागा नहीं, जैकेट भी मैंने ही बांटी

पायलट ने कहा कि मैं भागा नहीं था। मौसम बिगड़ने पर लाइफ जैकेट मैंने ही लोगों को दी थीं। लोगों को बचाने की कोशिश कर रहा था।

#### अभी नहीं पहुंची जांच समिति

हादसे को आठ दिन बाद भी कमेटी की ओर से जांच शुरू नहीं हो सकी है। सीएम ने होमगार्ड डीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, सचिव पर्यटन विभाग इलैयाराजा टी तथा जलबपुर संभागायुक्त डीएस भदौरिया को लेकर तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई है।

#### तीसरी याचिका भी दायर

हादसे की निष्पक्ष जांच के लिए हाईकोर्ट में एक ओर याचिका शुक्रवार को दायर की गई है। इसमें केंद्र व राज्य के अलावा पर्यटन विभाग को पक्षकार बनाया है।


#### रेस्क्यू ऑपरेशन में चकनाचूर किया क्रूज

सर्च ऑपरेशन के दौरान क्रूज को जेसीबी से चकनाचूर करा दिया था। गैस कटर से इसके कई टुकड़े कराए गए थे। अब क्रूज में खराबी और मेंटेनेंस के नाम पर दिखाए गए लाखों रुपए के खर्च को लेकर भी सवाल उठ गए हैं। माना जा रहा है कि जांच में कई खामियां और घोटाले सामने आ सकते हैं। इसी के चलते क्रूज नष्ट करा दिया गया है। बरगी से भाजपा विधायक नीरज सिंह ही निगम अफसरों के इस कदम पर सवाल उठा रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि इंजन की जांच में पूरी लापरवाही सामने आ जाएगी।

### कांग्रेस-टीवीके गठबंधन

## अय्यर बोले- यह घटिया राजनीतिक अवसरवाद

**चेन्नई, जेएनएन।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने तमिलनाडु में पार्टी द्वारा तमिलगा वेट्टी कझगम (टीवीके) के साथ गठबंधन करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे 'भयावह' और 'घटिया राजनीतिक अवसरवाद' करार दिया। अय्यर ने कहा कि कांग्रेस ने डीएमके के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, लेकिन नतीजों के तुरंत बाद उसी टीवीके के साथ हाथ मिला लिया, जिसने चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ मुकाबला किया था। अय्यर ने कहा कि यह महात्मा गांधी के उस सिद्धांत के खिलाफ है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'स्वराज नैतिकता पर आधारित शासन होना चाहिए।' उन्होंने इसे 'अक्षम्य गलती' बताया।



## लोस में कांग्रेस के साथ नहीं बैठेंगे डीएमके सांसद, टीवीके को समर्थन पर बढ़ा विवाद

**चेन्नई, जेएनएन।** द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) ने तमिलनाडु में तमिलगा वेट्टी कझगम (टीवीके) को कांग्रेस के समर्थन देने के बाद बड़ा राजनीतिक कदम उठाया है। डीएमके ने लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के साथ नहीं बैठने का फैसला किया है।

डीएमके सांसद कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को पत्र लिखकर पार्टी सांसदों के लिए अलग सिटिंग अरेंजमेंट की मांग की है। उन्होंने कहा कि बदलते राजनीतिक हालातों में कांग्रेस सांसदों के साथ बैठना उचित नहीं रहेगा। लोकसभा में डीएमके के 22 सांसद हैं और वह इंडिया गठबंधन की चौथी सबसे बड़ी पार्टी है। अभी तक उसके सांसद कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सांसदों के साथ विपक्षी ब्लॉक में बैठते रहे हैं।



डीएमके नेताओं ने कांग्रेस पर 'पीठ में छुरा घोंपने' का आरोप लगाया है। पार्टी प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने कहा कि कांग्रेस को तमिलनाडु में मिली पांच सीटें डीएमके गठबंधन की वजह से मिलीं। उनका दावा है कि गठबंधन न होता तो कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाती।वहीं कांग्रेस का कहना है कि उसने तमिलनाडु की जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए टीवीके का समर्थन किया है।

#### एनडीए से अलग हो सकती है अन्नाद्रमुक

इस बीच, ऑल इंडिया द्रविड मुनेत्र कझगम (एआईएडीएमके) के एनडीए से अलग होने की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक पार्टी नेतृत्व गठबंधन की मौजूदा स्थिति और भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से विचार कर रहा है। अगर एआईएडीएमके ने एनडीए से दूरी बनाई, तो यह दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जाएगा। दोनों दलों के बीच लंबे समय से कई मुद्दों पर मतभेद चल रहे हैं। खासतौर पर तमिलनाडु में नेतृत्व की भूमिका और गठबंधन की रणनीति को लेकर अन्नाद्रमुक के भीतर नाराजगी बढ़ी है।

## कच्चे तेल में उछाल: बढ़ सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है। सूत्रों के मुताबिक, 15 मई से पहले देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 126 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। सरकार और ऑयल मार्केटिंग कंपनियां पेट्रोल पर करीब 24 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर करीब 30 रुपए प्रति लीटर तक का अतिरिक्त बोझ खुद उठा रही हैं। इसके बावजूद इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियों को हर महीने करीब 30 हजार करोड़ रुपए की अंडर-रिकवरी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहीं, तो सरकार और तेल कंपनियों के लिए मौजूदा कीमतों को बनाए रखना मुश्किल होगा। ऐसे में अगले कुछ दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला लिया जा सकता है।



#### बांग्लादेश-श्रीलंका में ईंधन की राशनिंग शुरू

- तेल संकट से निपटने के लिए कई देशों ने आपात कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।
- बांग्लादेश में ईंधन राशनिंग लागू की गई है।
- श्रीलंका ने चार दिन का वर्किंग वीक शुरू किया है।
- पाकिस्तान ने सरकारी कार्यालयों के कामकाजी दिन घटा दिए हैं।
- दक्षिण कोरिया ने दशकों बाद पहली बार ईंधन मूल्य सीमा लागू की है।

#### भारत ने ऐसे संभाली स्थिति

- हांगकांग में पेट्रोल करीब 295 रुपए प्रति लीटर, सिंगापुर में 240 रुपए, नीदरलैंड में 225 रुपए और ब्रिटेन में लगभग 195 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है।
- घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36 हजार टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 54 हजार टन प्रतिदिन किया गया।
- एक्साइज ड्यूटी में भी कटौती की, ताकि आम लोगों पर सीधा बोझ कम पड़े।
- रूस, अमेरिका, अफ्रीकी व अन्य देशों से आयात बढ़ाकर सप्लाई को स्थिर बनाए रखा है।

**शतकवीर** 100 साल के हुए मशहूर पर्यावरण संरक्षक, लेखक और डॉक्यूमेंट्री मेकर डेविड एटनबरो

# पृथ्वी का कथाकार जिसने सिखाया सभी जीवों से प्रेम

**लंदन, जेएनएन।** डेविड एटनबरो आज शनिवार को अपने जीवन के 100 वर्ष पूरे कर चुके हैं। यह महज किसी मशहूर डॉक्यूमेंट्री मेकर, होस्ट या पर्यावरणविद् का जन्मदिन नहीं, बल्कि उस व्यक्ति की शताब्दी है जिसने करोड़ों लोगों को पहली बार यह एहसास कराया कि पृथ्वी केवल इंसानों की संपत्ति नहीं, बल्कि सभी जीवों की साझा विरासत है।

जब दुनिया युद्ध, तकनीक, बाजार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता की ओर तेजी से बढ़ रही है, तब भी एटनबरो की शांत आवाज हमें जंगलों की नमी, समुद्रों की गहराई, पक्षियों की पुकार और पृथ्वी की पीड़ा सुनाना नहीं भूली। उन्होंने कैमरे को केवल रिकॉर्डिंग मशीन नहीं रहने दिया, बल्कि उसे मनुष्य और प्रकृति के बीच एक संवेदनशील पुल बना दिया।


दुनिया में वैज्ञानिक भी बहुत हुए और फिल्मकार भी, लेकिन एटनबरो इन दोनों के बीच की दुर्लभ कड़ी बने। उन्होंने विज्ञान को रोचक बनाया और भावनाओं को तथ्यों से जोड़ा।

1950 के दशक में उनका बीबीसी के साथ सफर शुरू हुआ। उनकी शुरुआती श्रृंखला 'जू क्वेस्ट' ने दर्शकों को पहली बार दूरस्थ जंगलों, दुर्लभ जीवों और आदिम समुदायों से परिचित कराया। उनकी सबसे बड़ी ताकत थी- विस्मय पैदा करना। जब वे किसी हिमखंड के टूटने, व्हेल के गीत, पक्षियों के प्रणय नृत्य या रेगिस्तानी छिपकली के संघर्ष का वर्णन करते थे, तो दर्शक केवल जानकारी नहीं लेते थे, बल्कि उस जीव के साथ भावनात्मक रिश्ता बनाने लगते थे।

वैज्ञानिक समुदाय ने उनके सम्मान में कई जीव-जंतुओं और पौधों की प्रजातियों का नाम उनके नाम पर रखा है। इनमें तितलियां, मकड़ियां, समुद्री जीव, जीवाश्म और यहां तक कि मांसाहारी पौधे भी शामिल हैं। हाल ही में खोजी गई एक नई परजीवी ततैया प्रजाति का नाम भी उनके 100वें जन्मदिन पर रखा गया है।

#### बीबीसी ने कर दिया था रिजेक्ट

डेविड फ्रेडरिक एटनबरो का जन्म 8 मई 1926 को इंग्लैंड के आइलवर्थ में हुआ था। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज से प्राकृतिक विज्ञान की पढ़ाई की और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रॉयल नेवी में भी सेवा दी। कम लोग जानते हैं कि शुरुआत में बीबीसी ने उन्हें यह कहकर अस्वीकार कर दिया था कि उनका चेहरा टेलीविजन प्रस्तोता जैसा नहीं है। लेकिन वही व्यक्ति आगे चलकर दुनिया की सबसे पहचानी जाने वाली आवाज बन गया।



#### भारत से रहा गहरा रिश्ता

भारत के जंगलों, मानसून, हिमालय और वन्यजीवों पर भी एटनबरो ने कई महत्वपूर्ण वृत्तचित्र बनाए। भारत के अनेक वन्यजीव विशेषज्ञ और प्रकृति प्रेमी मानते हैं कि बचपन में एटनबरो के कार्यक्रम देखकर ही उनमें प्रकृति के प्रति रुचि पैदा हुई।

- 2015 में आई डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला 'द हंट' में भारत के कम चर्चित घास के मैदानों को दिखाया गया।
- 2016 की मशहूर श्रृंखला 'प्लेनेट अर्थ 2' में भारत के बदलते शहरी परिदृश्य को भी दिखाया गया।
- 2019 में आई 'सेवन वर्ल्ड, वन प्लेनेट' में भारत को चरम प्राकृतिक परिस्थितियों वाले देश के रूप में दिखाया गया।
- एटनबरो की आगामी श्रृंखला 'एशिया' में भी भारत प्रमुख रूप से शामिल होगा।

### इंटरनेशन ट्रेड कोर्ट 10 फीसदी टैरिफ पर लगाई रोक

# ट्रंप टैरिफ को अमेरिका के कोर्ट ने बताया गैरकानूनी

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका के इंटरनेशन ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप की 10 फीसदी ग्लोबल टैरिफ नीति को अवैध करार दिया है। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने कांग्रेस की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लगाने के अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया। तीन जजों की पीठ ने 2-1 के बहुमत से कहा कि ट्रंप का ग्लोबल टैरिफ आदेश 1974 के व्यापार कानून के तहत वैध नहीं है। राष्ट्रपति को इतने बड़े पैमाने पर इम्पोर्ट ड्यूटी लगाने का असीमित अधिकार नहीं है। इससे पहले अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट भी ट्रंप के कुछ टैरिफ फैसलों को रद्द कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था कि राष्ट्रपति की 'इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स' असीमित नहीं हैं और उनका इस्तेमाल कानून के दायरे में ही किया जा सकता है।



#### भारत के लिए क्या मायने

ट्रंप लंबे समय से भारत समेत कई देशों के साथ व्यापारिक समझौतों और टैरिफ को लेकर सख्त रुख अपनाते रहे हैं। ऐसे में अमेरिकी अदालत का यह फैसला भारत के लिए राहत भरा माना जा रहा है। अगर अमेरिका में ग्लोबल टैरिफ नीति कमजोर पड़ती है, तो भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में पहुंच आसान बनी रह सकती है। इससे भारतीय उत्पादों की लागत बढ़ने का खतरा भी कम होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेयर अर्थ एवं टाइटेनियम थीम पार्क का उद्घाटन कल



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में देश का पहला रेयर अर्थ एवं टाइटेनियम थीम पार्क बनकर तैयार हो गया है। परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन आने वाली कंपनी इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड मुंबई ने इस पार्क को बनाया है। इस सेंटर का उद्घाटन परमाणु ऊर्जा आयोग के चेयरमैन डॉ. अजीत के मोहंती रविवार सुबह 10 बजे करेंगे। यह पार्क भोपाल के आचारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में बनाया गया है। इस पार्क को पूरी तरह से लैब टू प्रोडक्ट कॉन्सेप्ट पर बनाया गया है और यहां वैज्ञानिकों द्वारा लैब में की गई रिसर्च और खोज को सीधे फैक्ट्रियों और बिजनेस के इस्तेमाल के लायक बनाया जाएगा। इस पार्क का मुख्य लक्ष्य भारत को मिनरल सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाना है। यहां भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) द्वारा तैयार की गई नई टेक्नोलॉजी को भी प्रदर्शित किया जाएगा ताकि उद्योगों को भी इसका फायदा मिल सके। यह पार्क भारत के नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन के तहत स्थापित किया गया है।

### महिला उत्पीड़न के आरोप पर भाजपा विधायक सुन मंच से ही पलटे मंत्री सिलावट

**जागरण, इंदौर।** भाजपा में जाकर छह साल से सत्ता से जुड़े रहने के बाद भी पूर्व कांग्रेसी नेता अपने दल को लेकर असमंजस में आ जाते हैं। साथ ही ऐसी बात बोल जाते हैं कि संगठन भी संशय में आ जाता है। फिर मौके की खुद ही बगले झांकते हुए मंच पर ही अपना बयान बदलना पड़ जाता है। कुछ ऐसी ही उलझन में शुक्रवार को जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट भी फंस गए। जब उनसे आलोट सेभाजपा विधायक



चिंतामणि मालवीय पर यौन शोषण के आरोप के संबंध में सवाल किया गया। सवाल सुनते ही सिलावट पहले तो बोल पड़े कि आरोप सही होंगे, तभी तो लगाए गए होंगे। इतना ही नहीं, वे यह आपत्ति जताने से भी नहीं चूके कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है मुझसे क्यों पूछ रहे हो? उन्हें तब भी उलझन से बाहर नहीं निकले, जब उन्हें बताया गया कि मालवीय तो आपके ही विधायक व पूर्व सांसद हैं। उनका कहना था कि चिंतामणि अपना, किसने कहा। फिर बोले एक बात सुनो, आरोप सही होते हैं, तभी तो लगाए जाते हैं। इसकी पूरी नष्पक्षता से जांच की जाएगी, अगर कुछ गलत पाया गया तो कार्रवाई करेंगे। ठीक है ना? स्थिति बिगड़ते देख भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण चावड़ा ने मंत्री सिलावट को टोकते हुए कहा कि चिंतामणि आलोट से अपने विधायक है। इतना सुनने के बाद सिलावट के स्वर बदल गए। मीडिया के सवाल को ही गलत बताते हुए सिलावट बोले- गलत तरीके से पूछ रहे हो।

### यूसीसी कमेटी के लिए चार कर्मचारियों का ट्रांसफर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को तेजी से लागू करने की कोशिशों में जुटी है। इसके लिए कमेटी का गठन करने के बाद अब स्टाफ की तैनाती की जा रही है। शुक्रवार को अलग-अलग विभागों में पदस्थ राच्य मंत्रालयीन सेवा के चार कर्मचारियों को यूसीसी कमेटी में कामकाज के लिए ट्रांसफर किया गया है। जीएडी के उप सचिव शैलेंद्र हनोतिया द्वारा जारी ट्रांसफर ऑर्डर के अनुसार जीएडी के सहायक ग्रेड-3 दीपेश कुमार राठौर, खेल एवं युवक कल्याण विभाग के सहायक ग्रेड-3 निखिल मिश्रा, सीएम हेल्पलाइन में पदस्थ नितिन मिश्रा और धर्मस्व विभाग में पदस्थ स्टेनो-टाइपिस्ट सुरेंद्र धाकड़ को यूसीसी के काम के लिए अटैच किया गया है। इन सभी को तीन दिनों के भीतर रिलीव होकर नई पदस्थापना पर आमद देने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार्यसमिति के लिए 3 चेहरे तलाशने में प्रदेश भाजपा को आ रहा पसीना

## तीन राज्यों में सरकार गठन के कारण फिलहाल रोकी गई निगम-मंडलों की सूची

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश भाजपा ने ओरछा में कार्यसमिति की बैठक का तो एलान कर दिया, लेकिन अब तक कार्यसमिति का गठन नहीं हो सका है। इसके लिए नेतृत्व ने हर जिले से एक महिला सहित तीन नाम मांगे थे। जानकारों की मानें तो जिला संगठन इन तीन नामों पर सहमति नहीं बना पा रहा है। गौरतलब है कि मई माह में ओरछा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व वाली पहली कार्यसमिति की बैठक होनी है। इससे पहले प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा होनी है। नेतृत्व ने हर जिले से 3 कार्यकर्ताओं को कार्यसमिति में शामिल करने की गाइडलाइन तय की है। इसमें एक महिला, एक विशेष आमंत्रित सदस्य भी होंगे। यह संख्या छोटे और बड़े जिलों के अनुसार घट बढ़ सकती है। यानि कि पांढुर्ना, मैहर और मऊगंज, निवाड़ी जैसे छोटे जिलों में दो कार्यकर्ताओं को कार्यसमिति में लिया जा सकता है, जबकि संभागीय मुख्यालय वाले बड़े नगरों जैसे भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर और रीवा से 3 से 5 सदस्य कार्यसमिति में लिए जा सकते हैं।

पार्टी से जुड़े जानकारों की मानें तो नेतृत्व ने सभी जिला संगठनों से कार्यसमिति के लिए संभावित 3 नामों का पैनल भेजने को कहा था। इन सभी को मई के मौजूदा सप्ताह में ही नाम भोपाल भेजने थे, लेकिन कई जिले अब तक नाम नहीं भेज पाए हैं। कहा जा रहा है कि जिलों में वहां के संगठन किसी 3 नामों पर सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वहां के पार्टी विधायक, मंत्री, वरिष्ठ नेता और प्रदेश में पदाधिकारी अपने-अपने समर्थकों को कार्यसमिति के जरिए उपकृत करना चाहते हैं, जिससे आम सहमति नहीं बन पा रही है। इस चयन में नए और पुराने नेताओं, क्षेत्रीय समीकरण और सामाजिक संतुलन को साधने की कोशिश भी नेतृत्व को परेशानी में डाले हुए है। जानकारों की मानें तो इस बार प्रदेश नेतृत्व पिछली कार्यसमिति की तुलना में इस बार सदस्यों की संख्या सीमित होगी। हर जिले से 3 सदस्यों के हिसाब से 162 से भी कम संख्या रखने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा विशेष आमंत्रित सदस्यों की संख्या भी अधिकतम 30 प्रतिशत यानि कि 32 सदस्य तक सीमित रख सकती है।




### सीएम तीन दिन रहेंगे व्यस्त

इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी पिछले दो दिनों से मध्यप्रदेश से बाहर प्रवास पर हैं। सीएम शनिवार को पश्चिम बंगला के कोलकाता के प्रवास पर रहेंगे, जहां सीएम भाजपा की गठित हो रही नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उधर तीन राज्यों में भाजपा की सरकार के गठन की प्रक्रिया की वजह से पार्टी का केन्द्रीय नेतृत्व व्यस्त है। ऐसे में निगम मंडलों की शेष नियुक्तियों पर कुछ दिनों के लिए विराम लग सकता है। सीएम का पश्चिम बंगाल की नई सरकार का 9 मई को होने वाले संभावित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना लगभग तय है। इसी तरह संगठन के दूसरे वरिष्ठ नेता भी दूसरे कारणों से व्यस्त बताए जा रहे हैं, जिसकी वजह से संगठनात्मक नियुक्तियों में भी देरी हो रही है।

### विधायक-सांसद भी नेतृत्व से खुश नहीं

पार्टी के कुछ विधायक भी इस बात को लेकर प्रदेश नेतृत्व से खुश नहीं हैं कि उनके क्षेत्र के प्राधिकरणों की नियुक्ति में उनसे चर्चा नहीं की। कुछ विधायक प्राधिकरण से लेकर निगम मंडलों में भी अपने समर्थकों के लिए काफी दिनों से सक्रिय रहे है और उनके द्वारा कई बार प्रदेश संगठन से लेकर मुख्यमंत्री तक से सिफारिश की गई है। लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। पार्टी के सांसदों की भी कुछ ऐसी ही नाराजगी है। ऐसे में विधायक और सांसद चाहते है कि प्रदेश कार्यसमिति में उनके समर्थकों को ज्यादा से ज्यादा स्थान दिया जाए। सूत्रों की मानें तो सरकार के एक मंत्री भी इस बात को लेकर नाराज थे,कि उनकी सहमति के बिना राज्य महिला आयोग में एक महिला नेत्री को सदस्य बनाया जा रहा था। गौरतलब है कि सरकार ने जब राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों के नाम पर सहमति बनाई थी, तब उसमें ग्वालियर की पूर्व मेयर समीक्षा गुप्ता का भी नाम था। लेकिन उस पर ग्वालियर से आने वाले एक मंत्री ने एतराज जता दिया, जिससे पूरी सूची जारी होने से रोक दी गई। उसके बाद अध्यक्ष रेखा यादव व सदस्य के तौर पर पूर्व विधायक साधना स्थापक के नाम की अधिसूचना जारी हो गई,लेकिन समीक्षा गुप्ता के नाम का अब तक एलान नहीं किया गया है।

# निर्मला सप्रे ने मांगे 300 करोड़ कांग्रेस बोली सौदेबाजी आई सामने

## सिंघार बीना को जिला बनवा दें, तो मैं कांग्रेस के साथ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** अरसे से कांग्रेस से अलग-थलग चल रही बीना विधायक निर्मला सप्रे का शुक्रवार को एक चौकाने वाला बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि जो बीना को जिला बनाएगा और वहां के विकास के लिए 300 करोड़ देगा, वे उस दल के साथ रहेंगी। इस पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनकी सौदेबाजी सामने आ गई है। विधायक सप्रे ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि वे चाहती हैं कि नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बीना के विकास कार्यों के लिए 300 करोड़ रुपये दे दें और बीना को जिला बनवा दें, तो मैं कांग्रेस के साथ हूं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के दौरान विधायक सप्रे भाजपा के कार्यक्रमों और उनके मंचों पर नजर आने लगी। तब ये चर्चा हुई कि वे जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकती है। इसके पहले उन्होंने भाजपा सरकार से बीना को जिला बनाने की अपील की। सरकार ने भी उनकी मांग को लगभग मान लिया था,लेकिन तभी पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने खुरई को जिला बनाने की मांग को लेकर सरकार के निर्णय का विरोध किया,जिससे सरकार बैंकफुट पर आ गई। इधर कांग्रेस ने भी विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से निर्मला सप्रे की सदस्यता समाप्त करने का आग्रह किया। इस मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा है, जिसके निर्देश पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस मामले में शुक्रवार को जब सप्रे से पत्रकारों से सवाल करते हुए जानकारी चाही कि आखिर वे किस दल से विधायक है,इस पर उन्होंने विकास कार्यो के लिए 300 करोड़ देने और बीना को जिला बनवाने की चुनौती नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को दे डाली। इस मामले में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा निर्मला सप्रे के बयान से साफ हो गया है कि पूरा मामला राजनीतिक दबाव से साफ हो गया है कि पूरा मामला राजनीतिक दबाव और सौदेबाजी का है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर विपक्ष के विधायकों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है।





### राज्यसभा चुनाव में किसका साथ देंगी निर्मला

इधर अगले महीने प्रस्तावित राज्यसभा चुनाव में विधायक निर्मला सप्रे किस दल का साथ देगी,इस पर सभी की निगाहें लगी हुई है। हालांकि कांग्रेस के नेता उन्हें अपना वोट नहीं मान कर चल रहे है। कांग्रेस को राज्यसभा चुनाव की तीन सीटों पर होने वाले चुनाव में एक पर जीत का भरोसा है। इसमें यदि निर्मला सप्रे कांग्रेस के पक्ष में नहीं भी रहती है,तो पार्टी को नुकसान नहीं होगा,ऐसे कांग्रेस भी उनके बारे में अंतिम निर्णय कराने के पक्ष में है।

# देश के लिए मॉडल बनेंगे मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालय : मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार ने देश में सबसे पहले नई शिक्षा नीति को लागू किया है। राज्य के सांदीपनि विद्यालय देश के लिए मॉडल बनेंगे। हम चाहते है कि प्रदेश सरकार केन्द्र के साथ उच्च शिक्षा ,तकनीकी शिक्षा भारत सरकार से मिल कर कार्य करें। दिल्ली प्रवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि हम केन्द्र सरकार के साथ उस दिशा में काम करना चाह रहे हैं,जिसमें शिक्षा को लेकर नए प्रयोग हो,युवाओं को गुणवत्ता और रोजगारपरक शिक्षा मिले। युवाओं को आज के समसामाजिक विषयों में दक्ष किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 75 वें वर्ष में पश्चिम बंगाल में कमल खिला है। वहां की जीत के बाद देश भर में प्रसन्नता का वातावरण निर्मित है। अब बंगाल में भी विकास का सूरज निकलेगा। उन्होंने कहा कि विधायक दल के नेता चुने गए शुभेंदु के नेतृत्व में देश के बाकी राज्यों के साथ बंगाल भी कदम से कदम मिलाकर विकास करेगा। कांग्रेस -कम्युनिस्ट और टीएमसी ने बंगाल को बहुत पीछे धकेला है,लेकिन अब इतिहास को पीछे छोड़ पश्चिम बंगाल आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात की है। उनकी राष्ट्रीय अध्यक्ष से संगठन और सरकार को लेकर लीं चर्चा हुई है।। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को मध्यप्रदेश आने का न्यौता भी दिया है। इसी तरह उनके द्वारा शिक्षा मंत्री प्रधान से भी प्रदेश का दौरा करने का आग्रह किया गया है। सीएम ने कहा कि वे चाहते है केन्द्रीय मंत्री प्रधान मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालय देखें। उन्होंने बताया कि प्रधान द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया कि वे जून के पहले या दूसरे सप्ताह में भोपाल आ सकते हैं।



# मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक में एक साल का रोडमैप तैयार करेंगे सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 मई के बाद अपने मंत्रियों के साथ बैठक कर विभागों की समीक्षा करेंगे, जिसमें अगले एक साल का रोडमैप भी तैयार किया जाएगा। मंत्रियों को लक्ष्य दिए जाएंगे, तो अधिकारियों के साथ मैदानी दौरे करने के भी निर्देश मंत्रियों को दिए जा सकते है। मुख्यमंत्री कार्यकाल के ढाई साल पूरे होने से पहले सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसके लिए सभी मंत्रियों को पूरी तैयारी करने को कहा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि 15 मई के उपरांत सीएम मंत्रालय में विभागों की समीक्षा करेंगे,जिसमें पिछले दो वर्षो में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं और विकास कार्यो की समीक्षा की जाएगी,इसके उपरांत अगले एक साल का रोडमैप भी तैयार किया जाएगा। सीएम ने विभागों से 45 बड़े मुद्दों पर कार्ययोजना मांगी है। इसी आधार पर सरकार द्वारा अगले एक साल का रोडमैप तैयार कराया जाएगा। सीएम सचिवालय ने विभागों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं, जिसमें ग्रामीण आबादी की जमीनों की निःशुल्क रजिस्ट्री के अलावा गर्मी में पेयजल संकट की जिला वार जानकारी देने, अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में आरक्षण और मेडिकल यूनिवर्सिटी व आरजीपीवी यूनिवर्सिटी को भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में बांटने को लेकर चर्चा होने की बात कही गई है। अधिकारियों से कहा गया है कि वे चिन्हित विषयों पर स्पष्ट कार्ययोजना, विभागीय जिम्मेदारी और समय सीमा को लेकर तैयारी कर बैठक में पहुंचे। इसी तरह समीक्षा बैठक के दौरान सरकार लाड़ली बहना योजना को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित न रखकर महिलाओं को रोजगार प्रशिक्षण, हैंडलूम और बैंक लोन से जोड़ने की दिशा में क्या कदम उठाए जाए,इसे लेकर भी चर्चा की जाएगी। जानकारों की माने तो इस विषय को लेकर वित्त विभाग द्वारा प्रारंभिक प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### केन्द्र की योजनाओं के साथ बनेगा रोडमैप

इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ.यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश की जनता को कई सौगात दे सकते है। इसमें सीएम दुग्ध उत्पादकों को दिए जाने वाले लाभों का जहां दायरा बढ़ा सकते है,तो आदिवासियों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिलाने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कई योजनाओं को लेकर भी नई घोषणाए की जा सकती हैं। युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें उद्यमी बनाने के लिए सरकार लघु उद्योगों की स्थापना के लिए अतिरिक्त छूट का भी एलान कर सकती है।

# बाल विवाह रोकने पटवारी-आरआई भी होंगे प्रतिषेध अधिकारी

## सामाजिक बुराई को मिटाने गांव-कस्बों में रहेगी पैनी नजर, सरकार ने बनाया स्पेशल ऑफिसर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए सरकार ने नया कदम उठाया है। अब बाल विवाह को रोकने की जिम्मेदारी केवल कुछ बड़े अफसरों या विभागों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे गांव और मोहल्ले के स्तर तक पहुंचा दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की नई अधिसूचना के अनुसार प्रशासन के निचले स्तर के कर्मचारियों को भी अब बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की शक्तियां दे दी गई हैं। इस अधिसूचना के लागू होने के बाद गांव के पटवारी तक को इस मिशन से जोड़ा गया है। अब तक आमतौर पर बाल विवाह रोकने का जिम्मा मुख्य रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारियों या पुलिस-प्रशासन का होता था, लेकिन सरकार ने 14 जुलाई 2023 के पुराने आदेश को बदल दिया है।




**तत्काल होगी कार्रवाई, विवाह रोकने का दे सकेंगे आदेश:** नए नियमों के अनुसार जिलों में कलेक्टर से लेकर गांव के पटवारी और नगर निगम के जोनल अधिकारियों तक की जिम्मेदारी तय कर दी गई है । इसका मतलब यह है कि अगर कहीं भी बाल विवाह की खबर मिलती है, तो स्थानीय स्तर पर तैनात ये अधिकारी-कर्मचारी आला अफसरों का इंतजार करने के बजाय खुद ही तुरंत कानूनी कार्रवाई कर सकेंगे। सरकार ने यह कदम केंद्र के निर्देशों और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 को और ज्यादा मजबूती से लागू करने के लिए उठाया है।

**एमपी में 6 साल में 2916 बाल विवाह के मामले:** प्रदेश में बाल विवाह के मामले तमाम कोशिशों के बाद भी थम नहीं रहे हैं, हालांकि सरकार की सख्ती के बाद इनमें कमी जरूर आई है। विधानसभा में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, 2020 से 2025 तक छह साल की अवधि में बाल विवाह के 2,916 मामले दर्ज किए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2020 में जहां 366 बाल विवाह के मामले दर्ज किए गए थे, वे 2025 में बढ़कर 538 हो गए। एक अनुमान के मुताबिक प्रदेश में हर महीने औसतन 42 से अधिक बाल विवाह होते हैं। एमपी के बुंदेलखंड, ग्वालियर-चंबल और कुछ आदिवासी बाहुल्य इलाकों में सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। खासतौर पर दमोह जिला पिछले 5 सालों में सबसे अधिक बाल विवाह वाले जिलों में से एक रहा है। अन्य जिलों में राजगढ़, छतरपुर, गुना, सागर और देवास शामिल हैं।

### अब ये अफसर होंगे प्रतिषेध अधिकारी

| स्तर | अधिकारी |
|---|---|
| जिला स्तर | कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ |
| अनुभाग स्तर | एसडीओ |
| तहसील | तहसीलदार एवं समस्त नायब तहसीलदार |
| ब्लॉक विकास | जनपद सीईओ एवं महिला एवं बाल के परियोजना अधिकारी |
| सेक्टर | सभी राजस्व निरीक्षक (आरआई), महिला एवं बाल विकास विभाग की |
| सुपरवाइजर | ग्राम पटवारी |
| नगर निगम | जोनल अधिकारी, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य |
| नगर पालिका | सीएमओ, राजस्व निरीक्षक, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक |
| नगर परिषद | सीएमओ, राजस्व निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक |

# मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए ज्यादा आवास बनाएगा बोर्ड

## हाउसिंग बोर्ड के नए अध्यक्ष ओम जैन ने ली बैठक



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में हाउसिंग बोर्ड मध्यम और निम्न आय वर्ग के नागरिकों के लिए ज्यादा आवास बनाएगा। छोटे शहरों में भी बोर्ड बड़े प्रोजेक्ट तैयार करेगा और उसे समय सीमा पर ग्राहकों को उपलब्ध कराएगा। यह निर्देश मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के नए अध्यक्ष ओम जैन ने शुक्रवार को बोर्ड मुख्यालय में अपनी पहली बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य ऐसे आवास बनाना भी होना चाहिए,जिसे आम नागरिक भी खरीद कर अपना खुद का घर बनाने का सपना पूरा कर सके। जैन ने अधिकारियों के साथ मंडल के कार्यो की समीक्षा भी की । बैठक के दौरान बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने मंडल द्वारा कराए जा रहे कार्यो और प्रोजेक्ट के बारे में अध्यक्ष जैन को विस्तार से अवगत कराया। बैठक के उपरांत बोर्ड चेयरमैन जैन ने निर्माणाधीन तुलसी ग्रीन्स प्रोजेक्ट की साइट विजिट की। इस दौरान उन्होंने इंजीनियर व दूसरे कर्मचारियों से सीधे संवाद भी किया और उनकी तारीफ भी की। उन्होंने निर्देशित किया कि बोर्ड की सभी योजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए और समयसीमा पर कार्य पूर्ण होने चाहिए।

**नवाचार**

## एमपी में शुरू हुई सुविधा, पंचायतों के पास रहेगा ऑनलाइन हिसाब

# ग्रामीण घर बैठे मोबाइल से जमा कर सकेंगे वाटर और सीवरेज टैक्स

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** नगरीय क्षेत्रों के नागरिकों की तरह ग्रामीणों को भी जल कर (वॉटर टैक्स) और सीवरेज टैक्स जमा करने के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ग्राम पंचायतों में रहने वाले नागरिकों के लिए मध्यप्रदेश जल निगम ने इस माह से नई सुविधा शुरू कर दी है। निगम के प्रबंध संचालक वीके चौधरी कोलासानी के आदेश के मुताबिक, शासन ने अब पंचायतों के इन करों का भुगतान पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया है। अब ग्रामीण इलाकों के नागरिक पंचायत दर्पण के नागरिक सेवा पोर्टल के जरिए अपने कर जमा कर सकेंगे। जल निगम के मुताबिक, इस नई व्यवस्था से न केवल टैक्स कलेक्शन बढ़ेगा, बल्कि आए दिन करों के नाम पर होने वाली भ्रष्टाचार की शिकायतों से भी निजात मिलेगी। अब तक प्रदेश में नगरीय निकायों में ही ऑनलाइन टैक्स कलेक्शन की सुविधा थी, जबकि ग्रामीण इलाकों में दफ्तरों में जाकर ही लोगों को अपना कर चुकाना पड़ता था।

### एनआईसी की मदद से बना पेमेंट गेटवे

इस नई व्यवस्था के लागू होने से अब गांव का कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल या कंप्यूटर के जरिए सीधे पंचायत के खाते में टैक्स की राशि जमा कर सकेगा। इसके लिए जल निगम ने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर एक पेमेंट गेटवे तैयार किया है। इस नई व्यवस्था को आम जनता तक पहुंचाने के लिए जिला और जनपद पंचायतों के सीईओ को इसका प्रचार-प्रसार करने की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पहल का सबसे बड़ा फायदा उन लोगों को होगा, जो डिजिटल पेमेंट करना चाहते हैं। इससे समय की बचत होगी और कागजी खानापूर्ति से भी राहत मिलेगी। अब पंचायतें अपनी रसीदें और रिकॉर्ड भी ऑनलाइन मैनेज कर सकेंगी, जिससे विकास कार्यों के लिए फंड जुटाना भी आसान हो जाएगा।




### गांवों का बढ़ेगा रेवेन्यू, सरकार पर निर्भरता भी होगी कम

अब तक प्रदेश के गांवों में आय को लेकर कोई बड़ा जरिया नहीं होता था। गांवों में मैनुअल तरीके से मिलने वाला टैक्स कलेक्शन बिजली और अन्य भुगतानों में ही खर्च हो जाता था और गांवों की विकास योजनाएं सरकारी अनुदान पर ही निर्भर रहती थीं। अब इस नई व्यवस्था से ग्राम पंचायतों की आय बढ़ेगी, जिससे गांव अपने स्तर पर ही विकास योजना बनाकर इस रकम के जरिए निर्माण कार्य करा सकेंगे। इसके अलावा सबसे बड़ी समस्या भुगतान के बाद मिलने वाली रसीदों के गुमने और खोने की थी। ग्रामीणों को अब ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद रसीदों को संभालने की परेशानी से निजात मिलेगी और पंचायत के पास भी यह आंकड़ा रहेगा कि कितने नागरिकों ने अपना टैक्स चुकाया है। ऐसे में बकायादारों से वसूली में भी तेजी आएगी।

# निवेदिता शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने आयोग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर बाल अधिकारों के संरक्षण और बच्चों से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा एवं उनके समग्र विकास के लिए आयोग संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने बाल संरक्षण से संबंधित शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किए जाने तथा बच्चों के हितों से जुड़े मामलों में समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में आयोग की कार्यप्रणाली, बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं एवं विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने आयोग की गतिविधियों और कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।



## नगर में आज

**म्यूजिकल इवनिंग**
- स्थान: ख्याल प्रेमियों का
- समय: शाम 6:30 बजे

**रचना पाठ एंव किताब चर्चा**
- स्थान: ब्रीद एंड बैलेंस, जाटखेड़ी
- समय: शाम 5:30 बजे से

**प्रणाम उदंत मार्तण्ड**
- स्थान: भारत भवन
- समय: सुबह 10:30 बजे से

**आर्ट कैंप**
- स्थान: ध्रुपद संस्थान
- समय: सुबह 9:30 बजे से

**कला प्रदर्शनी**
- स्थान: मानव संग्रहालय
- समय: शाम 5 बजे

**स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026**
- स्थान: गौहर महल
- समय: दोपहर 12 बजे से

**'माह का प्रादर्श'**
- स्थान: मानव संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

**73 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
- स्थान: लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

## संक्षिप्त खबरें

### नेशनल लोक अदालत आज मामलों का होगा निराकरण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला न्यायालय भोपाल और सिविल न्यायालय बैरसिया सहित श्रम न्यायालयों में किया जाएगा। इस अवसर कुल 61 खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों को निराकरण के लिए रखा जाएगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 13186 रैफर्ड प्रकरण, बैंक रिकवरी के 48500 प्रकरण, विद्युत अधिनियम के 3000 प्रकरण, नगर निगम के जलकर व संपत्तिकर के 26000 से ज्यादा प्रकरण और यातायात ट्रैफिक चालान संबंधी 2000 प्रकरण और अन्य 1000 प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे।

### गलती से कीटनाशक पीने से फल विक्रेता की मौत

**जागरण, भोपाल।** टीला जमालपुरा इलाके में फल विक्रता की कीटनाशक पीने से मौत हो गई। 44 वर्षीय मनोज कुमार पंथी रेजीमेंट रोड इलाके में रहते थे। वह फल विक्रेता हैं और शराब पीने के आदी थे। उनके दोनों बच्चे अपने मामा के घर गए हुए थे। जबकि उनकी पत्नी चौक क्षेत्र स्थित एक पर्दे की दुकान पर काम करने गई थी। एक मई को शाम 7 बजे वह मनोज नशे की हालत में घर पहुंचे थे, जहां गलती से कीटनाशक दवाई पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां करीब आठ दिनों तक चले इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर, छोला मंदिर पुलिस ने कैंची छोला इलाके के फुटपाथ से एक युवक की लाश बरामद की है। मृतक की शिनाख्त लीलाधर निवासी कैंची छोला रूप में हुई है।

### रानी कमलापति स्टेशन से गांजा तस्कर गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** क्राइम ब्रांच भोपाल ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 9.570 किलोग्राम गांजा सहित एक मोबाइल जब्त किया है। आरोपी उड़ीसा से गांजा लाकर कई राज्यों सप्लाई करता था। क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-5 स्थित पार्सल ऑफिस के पास एक युवक ट्रॉली बैग में गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। जिसकी पहचान 27 वर्षीय आयुष शिवहरे पिता नरेंद्र झांसी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। आरोपी के ट्रॉली बैग से खाकी टेप में लिपटे 10 पैकेट में गांजा मिला। पूछताछ करने उसने बताया कि आरोपी उड़ीसा के रास्ते गांजा लेकर भोपाल पहुंचा था और इसे दूसरे राज्यों में सप्लाई करने की तैयारी में था।

### शादी का झांसा देकर 5 साल तक दुष्कर्म

**जागरण, भोपाल।** कमला नगर इलाके में शादी का झांसा देकर पांच साल तक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 34 वर्षीय युवती रहती है। वह निजी काम करती है। 10 सितंबर 2021 में एक रॉन्ग नंबर के जरिए उसकी बातचीत सागर निवासी सुरेंद्र राय नामक हुई थी। जो जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई। इस दौरान आरोपी ने खुद को तलाकशुदा बताते हुए उससे शादी करने की बात कही। जिस पर वह राजी हो गई। जिसके बाद में आरोपी उसे अंबेडकर नगर स्थित अपने घर बुलाया। जहां उसने शादी का झांसा देकर महिला से शारीरिक संबंध बनाए।

### लोकार्पण के बाद पहले दिन काम के लिए नगर निगम मुख्यालय पहुंचे लोगों ने ली राहत की सांस, लोकसेवा केंद्र की तरह शुरू की सुविधा

# आवेदन के लिए सिंगल विंडो, भटकने से मिली निजात

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** तुलसी नगर में सेकंड स्टॉप के पास नगर निगम के नवीन मुख्यालय अटल भवन में शुक्रवार से कामकाज शुरू हो गया। मुख्य द्वार से अंदर जाते ही गेट पर तैनात गार्ड सभी दो पहिया वाहनों को तलघर में बने पार्किंग में खड़ा करवा रहा था, जबकि चार व तीन पहिया वाहनों के लिए अटल भवन के सामने ही पार्किंग एरिया बनाया गया है। अपने वाहनों को खड़ा करने के बाद लोग मुख्यालय में प्रवेश कर सकते हैं। मुख्यालय में ग्राउंड फ्लोर पर ही सभी कार्यों की पूछताछ व आवेदन के लिए सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया है। साथ ही पूछताछ के लिए भी एक विंडो है। लोकसेवा केंद्र की तरह शुरू की गई इस सुविधा से अपने विभिन्न कार्यों को लेकर निगम मुख्यालय पहुंचने वाले लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। उनके 80 फीसदी काम इसी स्थान से हो जाएंगे। कुछ शेष कार्यों के लिए यदि उन्हें निगम मुख्यालय के किसी अन्य तल पर और जोन या वार्ड कार्यालय में जाना होगा तो इसकी जानकारी भी यहीं से आवेदकों को मिल जाएगी, जिसके बाद वे आसानी से अपने कार्यों को करवा सकेंगे। यदि लोगों के काम समय सीमा में नहीं होते हैं, तो वे अपनी शिकायतों को लेकर सहायक आयुक्त, उपायुक्त, अपर आयुक्त या सीधे आयुक्त से भी मिल सकेंगे ताकि लोगों के कार्यों में पूरी तरह पारदर्शिता बनी रहे। इसके अलावा सभी काम ई-ऑफिस प्रणाली के जरिए किए जाएंगे ताकि आवेदन स्वीकार करने वाले के साथ वरिष्ठ अधिकारियों तक को पता रहे कि आवेदन किस स्तर पर पेंडिंग है। निगम अधिकारियों की मानें तो वित्त शाखा का सारा काम ई-ऑफिस प्रणाली के तहत किया जा रहा है। अन्य विभागों का कामकाज भी जल्दी ई-ऑफिस के तहत शुरू कर दिया जाएगा, ताकि काम में पूरी तरह से पारदर्शिता बनी रहे। पहले दिन सीवेज शाखा में कनेक्शन का आवेदन लेकर पहुंचे दीपक कुमार ने बताया कि एक ही जगह काम होने से अब उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। मैरिज सर्टिफिकेट बनवाने की जानकारी लेने आए नफीस ने बताया कि उनके बेटे की शादी होना है। इसके मैरिज सर्टिफिकेट के कागजों की जानकारी लेने आए थे। इस तरह कई अन्य लोग भी अपने काम लेकर निगम मुख्यालय पहुंचे थे। जिन विंडो पर ज्यादा भीड़ थी। वहां वे इंतजार करते हुए दिखे। नए निगम मुख्यालय में बच्चों और दिव्यांगों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है।






### रिसाइकल सामग्री का इमारत के निर्माण में भी उपयोग

इमारत में लगी ईंटे भी रिसाइकल पदार्थों से तैयार हैं और इसे फ्लाई एश कहा जाता है, जो बिजली संयंत्रों से मिलने वाली राख में सीमेंट रेत और चूने को मिलाकर बनाई जाती हैं। इससे इमारत में गर्मी में ठंडी और ठंड में गर्म बनी रहती है। जिससे भी ऊर्जा की बचत होती है। इमारत को बनाने में ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण हितैषी सामग्री का उपयोग किया गया है, ताकि इमारत का कार्बन फुट प्रिंट बेहद कम रहे।

### पर्यावरण के अनुकूल है निगम का नया मुख्यालय

नगर निगम मुख्यालय की नवीन इमारत वन भवन के बाद शहर की दूसरी पर्यावरण अनुकूल इमारत है। इमारत की डिजाइन इस तरह बनाई गई है कि इस इमारत में दोपहर के समय बिजली जलाने की जरूरत नहीं होने वाली है। साथ ही इमारत में बिजली के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का काम भी चल रहा है, जिससे मिलने वाली बिजली से ही पूरी इमारत रोशन होगी। लगभग 200 फीट लंबे और 39 फीट चौड़े क्षेत्र में लगाए जाने वाले सौलर पैनल से 320 किलो वाट बिजली का उत्पादन होगा। भवन के शौचालय में उपयोग होने वाले पानी को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीट कर सिंचाई के लिए उपयोग किया जाएगा।

### बच्चों के लिए किड जोन और दिव्यांगों के लिए शौचालय व विशेष अन्य सुविधाएं

नए निगम मुख्यालय में बच्चों के लिए किड जोन जिसमें झूले व खेलने के लिए खिलौनों का इंतजाम किया गया है। सभी आठ तलों पर महिला व पुरुषों के लिए शौचालय की व्यवस्था है। दिव्यांगों के लिए भी विशेष शौचालय की व्यवस्था की गई है। दिव्यांगों के लिए आवेदन कक्ष में व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें बैठकर वे सभी तलों पर पहुंच सकते हैं और अपने कामकाज करवा सकते हैं।

### एक नजर में अटल भवन

- 40 करोड़ की लागत से बना अटल भवन
- 320 किलो वॉट बिजली भविष्य में होगी तैयार
- 1 फीसदी रिसाइकल लोहा इमारत में हुआ है उपयोग
- 80 फीसदी से ज्यादा बारिश का पानी सहेजा जाएगा
- 90 फीसदी से ज्यादा निर्माण सामग्री रिसाइकल कर बनाई गई

"नए निगम मुख्यालय में कामकाज शुरू कर दिया गया है। आम लोग यहां पहुंचकर अपने सभी काम करवा सकते हैं। आवेदन सहित जरूरी काम भूतल पर ही हो जाएंगे, जिससे लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा।
■ **संस्कृति जैन,** नगर निगम कमिश्नर, भोपाल

# एलपीजी गोदाम के पास केटरिंग संचालक के स्टोर में आग, समय रहते निकाले 22 सिलेंडर

**बड़ा हादसा टला:** पास ही मौजूद था एचपी का पेट्रोल पंप, फायर फाइटर ने दिखाई सूझबूझ

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को शहर के करोंद इलाके में भीषण हादसा होने से बच गया। दरअसल करोंद के पास जेल रोड स्थित हैप्पी इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम के पास मौजूद केटरिंग स्टोर में अचानक ही आग लग गई। जिसके चलते क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान यहां से गुजर रहे फायर मौके से गुजर रहे फायर फाइटर पंकज यादव को लोगों ने आगजनी की जानकारी दी, जिसके बाद पंकज ने दमकलों के आने का इंतजार किए बगैर ही आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। सबसे पहले केटरिंग स्टोर के पास खड़े होने वाले भारी वाहनों को हटवाया गया, इस दौरान मौके पर हैप्पी इंडेन गैस का सिलेंडरों से भरा हुआ ट्रक भी खड़ा था, जिसे तेजी से हटवाया गया। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को होने से रोका जा सके। दमकलों को आग बुझाने में किसी तरह की समस्या न हो। साथ ही पंकज सहित स्टोर में काम करने वाले लोगों ने अंदर जाकर आग को रोकने का काम शुरू किया। इस दौरान गोदाम में पड़े 22 कमर्शियल सिलेंडरों को एक एक कर बाहर निकाला गया। इन कमर्शियल सिलेंडरों में कुछ पूरे भरे हुए और कुछ में 50 फीसदी से ज्यादा एलपीजी भरी हुई थी। यदि आग इन सिलेंडरों तक पहुंच जाती तो भीषण विस्फोट हो सकता था। जिसके कारण 64 फीट दूर स्थित एचपी कंपनी का पेट्रोल पंप भी आग की जद में आ सकता था।





### वेलकम करने वाले पुतले में लगी थी आग

दरअसल आग शॉर्ट सर्किट के कारण शादी समारोह में वेलकम करने के लिए गेट पर रखे जाने वाले पुतले में लगी थी। साथ ही स्टोर में रखे गद्दे और तकियों ने भी आग पकड़ ली थी। ऐसे में आग को बुझाने से ज्यादा अति ज्वलनशील पदार्थों को बाहर निकालना जरूरी था। इस कारण सबसे पहले सिलेंडर बाहर निकाले गए। सभी ने मिलकर 15 मिनट के भीतर ही सारे सिलेंडर स्टोर से बाहर निकाल दिए और तब तक गांधी नगर और छोला फायर स्टेशन से दो दमकलें मौके पर पहुंच गईं, जिनकी मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

# रिटायर्ड बुजुर्ग को ज्यादा मुनाफे का लालच देकर 20 लाख की ठगी

**पहले 10 लाख पर 20 हजार महीना देकर जीता भरोसा**

**जागरण, भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र में रिटायरमेंट के पैसे पर ज्यादा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर रिटायर्ड बुजुर्ग कर्मचारी से 20 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले 10 लाख रुपए निवेश पर हर महीने 20 हजार रुपए देने का लालच देकर भरोसा जीता और बाद में दोबारा 10 लाख रुपए निवेश करने पर 40 हजार रुपए महीना देने का लालच दिया। कुछ महीनों तक रकम देने के बाद आरोपी ने पैसे देना बंद कर दिया। जांच में सामने आया कि रकम किसी कंपनी में निवेश ही नहीं की गई थी, बल्कि आरोपी ने पैसे अपने निजी खाते में ट्रांसफर करवा लिए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है पुलिस के अनुसार 65 वर्षीय विलास मनोहर त्रिलंगा में रहते हैं। वह विदेश की एक कंपनी में नौकरी करते थे। जहां रिटायरमेंट के बाद उन्हें करीब 20 लाख रुपए मिले थे। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक में एफडी करवाई थी। उन्हें करीब 7 प्रतिशत ब्याज मिल रहा था। इसी दौरान उनकी पुणे निवासी बेटी योगिता ने अपने पिता को बताया कि उसने पुणे के अमित गिरी नरखेड़े की कंपनी में 10 लाख रुपए निवेश किए थे, जिससे उसे अच्छा रिटर्न मिल रहा है। इसके बाद आरोपी अमित ने फोन पर विलास से बात करते हुए खुद को इंवेस्टर बताया और ज्यादा मुनाफा दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने कहा कि अगर वे उसकी कंपनी में निवेश करेंगे तो बैंक की तुलना में ज्यादा लाभ मिलेगा और जरूरत पड़ने पर एक महीने पहले सूचना देने पर पूरी रकम वापस कर दी जाएगी।



### टालमटोल कर बंद किया फोन

पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगा और फोन बंद कर दिया। चेक करने पर पता चला कि आरोपी ने रकम किसी कंपनी में निवेश नहीं की थी, बल्कि पैसे अपने निजी खाते में ट्रांसफर करवाए थे। इस पर ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच के बाद आरोपी अमित गिरी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### हर महीने दिया मुनाफा

आरोपी के झांसे में आकर 18 अप्रैल 2023 को अपनी 10 लाख रुपए की एफडी तुड़वाकर आरटीजीएस के जरिए रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद 15 महीने तक उन्हें हर महीने करीब 20 हजार रुपए का लाभ मिलता रहा। भरोसा बनने के बाद आरोपी ने दोबारा 10 लाख निवेश करने पर 40 हजार प्रतिमाह देने का लालच दिया। इस पर उन्होंने दूसरी एफडी भी तुड़वाकर कुल 20 लाख रुपये निवेश कर दिए। कुछ महीनों तक आरोपी ने तय रकम दी, लेकिन बाद में भुगतान बंद कर दिया।

### बुजुर्ग से 1.10 लाख की ऑनलाइन ठगी

एमपी नगर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग से 1.10 लाख रुपए ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने सोशल मीडिया पर खुद को किसी अन्य व्यक्ति के रूप में पेश कर पैसे ऐंठकर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस के अनुसार 70 वर्षीय अतुल भार्गव कचनार अपार्टमेंट में रहते हैं। एक मई को सोशल मीडिया पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी पहचान बताकर उन्हें झांसे में लेकर 1,10,134 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसकी शिकायत पहले साइबर थाने में दर्ज हुई थी।

# मानस भवन के पीछे खाली कराई गई जमीन पर बिना अनुमति काट दिए पेड़

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मानस भवन के पीछे से हटाई गई झुग्गियों के बाद खाली हुए स्थान पर खड़े कई पेड़ों को काटे जाने का मामला सामने आया है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय पार्षद शबिस्ता जकी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मानस भवन ट्रस्ट द्वारा इन सभी पेड़ों को बिना नगर निगम की अनुमति के काट दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन सभी पेड़ों को नियमों को ताक पर रखकर काटा गया है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान हुआ है, बल्कि पक्षियों के बसेरे भी उजड़ गए हैं। जकी ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसे मं दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन कर हरियाली उजाड़ने वालों पर कार्रवाई करवाएंगी। क्योंकि इस क्षेत्र की पहचान यहां की हरियाली से थी, लेकिन अब वहां का नजारा बदल गया है। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से मांग की है कि एक ओर शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है।




# बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक का आईफोन लूटा

**जागरण, भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक का आईफोन लूट लिया। घटना के वक्त वह फोन पर बात कर रहा था। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय आशुतोष चौबे रचना नगर में रहते हैं। वह एक निजी कॉलेज में पढ़ाई करते हैं। गुरुवार रात वह चार इमली बाल तिराहा क्षेत्र में टहल रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे वह मोबाइल पर बात करते हुए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उनके हाथ से आईफोन लूट लिया। घटना के वक्त आशुतोष कुछ समझ पाते,इससे पहले पहले ही आरोपी मौके से भाग निकले। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई जा रही है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।

**नवाचार** | पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में स्पेशल ट्रेनिंग, वन विभाग बदलाव को मंजूरी दिलाने में जुटा

# आबकारी अफसर सीख रहे हथियार चलाना, आपदा से निपटने के गुर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आए दिन होने वाले माफिया और तस्करों के हमलों से निपटने के लिए आबकारी और वन विभाग के अमले को अब न केवल आत्मरक्षा, बल्कि हथियार चलाने से लेकर युद्ध की रणनीति तक की ट्रेनिंग दी जा रही है। आबकारी अफसरों का कामकाज अब कागजी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन्हें पुलिस की तर्ज पर कॉम्बैट फोर्स के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत हो भी गई है। हाल ही में चयनित किए गए 45 नवनियुक्त आबकारी अधिकारियों को पहली बार इस तरह की ट्रेनिंग के लिए सागर में 90 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं वन विभाग ने भी अपने अमले को पुलिस ट्रेनिंग सेंटर्स में प्रशिक्षित करने के लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया है, हालांकि इसे सरकार की मंजूरी मिलनी बाकी है।




### स्पेशल कोर्स में हथियार ही ट्रेनिंग चलाना

आबकारी विभाग के नवनियुक्त अधिकारियों के लिए डिजाइन किया गया यह 90 दिनों का कोर्स बेहद चुनौतीपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान इन अधिकारियों को एसएलआर, राइफल, पिस्टल और आधुनिक ग्लॉक रिवॉल्वर जैसे हथियारों को चलाने का अभ्यास कराया जाएगा। इस प्रशिक्षण में हर दिन इन अफसरों को 5 किलोमीटर की दौड़, 12 किलोमीटर की चाल और क्रोकोडाइल और डग वॉक जैसे कठिन शारीरिक अभ्यास भी कराए जाएंगे। इस ट्रेनिंग का मकसद अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के दौरान अधिकारियों को निडर और सक्षम बनाना है। आबकारी अधिकारियों को 120 क्लासरूम सत्रों में आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट और साइबर अपराधों की शिक्षा दी जाएगी, वहीं गीता पाठ और ध्यान के सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इन अफसरों को एफएसएल सागर और जिला अदालतों के जरिए केस की बारीकियां भी समझाई जाएंगी।

### साइबर अपराध, ई-फाइलिंग और सीपीआर की भी मिलेगी जानकारी

आबकारी अफसरों को नौकरी में शामिल होने से पहले इस प्रशिक्षण के दौरान फिजिकल ट्रेनिंग के 47 पीरियड में शामिल होना पड़ेगा। इन्हें बुनियादी प्रशिक्षण के साथ आबकारी अधिनियम 1915, एनडीपीएस एक्ट, एमपी बीयर एवं शराब अधिनियम, विदेशी शराब भंडारण, टेंडर प्रक्रिया, बिक्री और आबकारी शुल्क से जुड़े विषय भी पढ़ाए जाएंगे। विभाग का मानना है कि इस नए प्रशिक्षण मॉडल से आबकारी अधिकारी अवैध शराब कारोबार और उससे जुड़े अपराधों पर अधिक प्रभावी कार्रवाई कर सकेंगे। इस ट्रेनिंग में आपात स्थिति में जान बचाने के लिए सीपीआर देने की भी ट्रेनिंग मिलेगी।

### वन विभाग भी ट्रेनिंग दिलाने की तैयारी में

इस बीच, जंगलों में लकड़ी माफिया और अवैध शिकारियों के बढ़ते हौसलों को देखते हुए वन मुख्यालय ने भी अपने मैदानी अमले को पुलिस की तरह प्रोफेशनल ट्रेनिंग दिलाने की तैयारी की है। वन मुख्यालय में इसका प्रस्ताव तैयार हो रहा है, जिसमें वन रक्षकों और रेंजर्स को भी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर्स से कमांडो और हथियार चलाने की ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। विभाग इस प्रस्ताव को जल्द ही मंजूरी के लिए वल्लभ भवन भेजने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि वन विभाग के स्टाफ को आए दिन माफिया और तस्करों के साथ ही शिकारियों का भी सामना करना पड़ता है। इस ट्रेनिंग के बाद उनकी अपराधियों से निपटने की क्षमता में इजाफा होगा।

कंज्यूमर टेक

# इंडक्शन के साथ करें स्मार्ट कुकिंग

**बिजली से चलने वाला यह आधुनिक उपकरण गैस पर निर्भरता को कम करता है। इसके सही उपयोग और सावधानियों को समझना बेहद जरूरी है, ताकि बिना किसी परेशानी के अपनी रसोई को स्मार्ट बना सकें...**



इंडक्शन कुकटाप की डिमांड काफी बढ़ गई है। यह तेज कुकिंग, ऊर्जा की बचत और सुरक्षा के मामले में भी बेहतर है।

हालांकि गैस से इंडक्शन पर शिफ्ट होना आसान नहीं होता। पहली बार उपयोग करने वालों के लिए कई छोटी-छोटी बातें होती हैं, जिन्हें नजरअंदाज करने पर परेशानी हो सकती है। इसलिए इंडक्शन कुकटाप के फंक्शंस को सही तरीके से समझें और उपयोग करें।

**कैसे काम करता है इंडक्शन कुकटाप:** इसमें आग नहीं जलती है, बल्कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक ऊर्जा के जरिये बर्तन को सीधे गर्म किया जाता है यानी गर्मी सीधे बर्तन के अंदर पैदा होती है, न कि बाहर से दी जाती है। इस तकनीक से खाना बहुत तेजी से पकता है।

**हर वर्तन इंडक्शन पर काम नहीं करता:** अगर बर्तन के नीचे मैग्नेट चिपक जाता है, तो वह इंडक्शन के लिए सही है। कई स्टेनलेस स्टील के बर्तन, एल्युमिनियम के बर्तन या पारंपरिक कड़ाही इस पर काम नहीं करते हैं।

**फ्लैट बेस क्यों है जरूरी:** इंडक्शन कुकिंग में बर्तन का तल यानी बेस बिल्कुल समतल होना चाहिए। कड़ाही या तवे का बेस थोड़ा घुमावदार होता है, जिससे इंडक्शन के साथ पूरा संपर्क नहीं बन पाता है।

**बिजली की क्षमता न करें नजरअंदाज:** इंडक्शन कुकटाप में बिजली खपत आमतौर पर 1200 से 2000 वाट के बीच होती है। अगर वायरिंग रानी है या एक साथ कई भारी उपकरण चल रहे हैं, तो यह समस्या पैदा कर सकता है। अक्सर देखा गया है कि इंडक्शन उपयोग करते समय फ्यूज उड़ जाते हैं या वोल्टेज फ्लक्चुएशन होने लगता है।

**कुकिंग स्टाइल में बदलाव:** गैस में आग की लौ देखकर आंच का अंदाजा लगाते हैं, लेकिन इंडक्शन में तापमान या पावर सेटिंग्स जानना होता है। डीप फ्राई, धीमी आंच पर पकाना या मसाले भूनने जैसी पारंपरिक कुकिंग में बदलाव करना पड़ सकता है। यहां सही तापमान का चुनाव ही बेहतर कुकिंग का राज है।

**पहली बार उपयोग कैसे करें:** इसे समतल व मजबूत सतह पर रखें। इसके अनुकूल बर्तन चुनें और उसे सेंटर में रखें। प्लग लगाकर पावर आन करें। स्क्रीन आन हो जाए, तो जरूरत के अनुसार मोड या तापमान चुन सकते हैं।

कई इंडक्शन कुकटाप्स में प्रीसेट मोड्स होते हैं, जैसे- उबालना, फ्राई करना या दूध गर्म करना, जो कुकिंग को और आसान बना देते हैं। ध्यान रखें कि इंडक्शन बहुत तेजी से गर्म होता है, इसलिए कुकिंग के दौरान पास रहना जरूरी है। काम खत्म होने के बाद इसे बंद करें और ठंडा होने पर साफ कर लें।

इंटरनेट मीडिया



# स्क्रालिंग नहीं अब स्टाप बटन की जरूरत

**स्क्रीन के साथ लगाव बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास में किस हद तक अवरोध बनने लगा है, इसे लेकर तमाम सर्व चिंताजनक तस्वीरें पेश कर रहे हैं। बच्चों के बर्ताव को कैसे बदल रहा है इंटरनेट मीडिया, क्या हैं कारण और बचाव के जरूरी उपाय बता रहे हैं ब्रह्मानंद मिश्र ...**



इंटरनेट मीडिया के ब्यूटी फिल्टर, हर वक्त लाइक्स गिनने की बेसब्री एक पूरी पीढ़ी को मानसिक तौर पर कमजोर बना चुकी है। बीते दिनों एक ऐसा ही मामला अमेरिका के कैलीफोर्निया कोर्ट में आया, जहां अदालत ने मेटा और यूट्यूब पर ऐसे एडिक्टिव फीचर्स के बढ़ते दुरुपयोग के चलते साठ लाख डालर का हर्जाना लगाया है। इंटरनेट मीडिया पर किशोरों की मौजूदगी को सीमित करने के लिए आस्ट्रेलिया समेत यूरोप के कई देशों में कानूनी प्रविधान लागू किए जा रहे हैं। हाल ही में दूरसंचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति ने कम उम्र के बच्चों के इंटरनेट मीडिया उपयोग पर कड़ा रुख अपनाने की सिफारिश की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को भी अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से सीख लेनी चाहिए। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में ऐसी पहल भी होने लगी है।

**कैसे गिरफ्त में लेता है अल्गोरिदम :** याद कीजिए, साल 2006 में फेसबुक ने पहली बार न्यूजफीड की शुरुआत की थी, ताकि लोग दोस्तों की पोस्ट को एक ही जगह पर देख पाएं। लेकिन बीते 20 वर्षों में एल्गोरिदमिक फीड का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। आज यूजर का अपने फीड्स पर नियंत्रण लगभग न के बराबर है। यूजर्स को एंगेज रखने के लिए प्लेटफार्म ऐसे कंटेंट को फीड में उड़ेल रहे हैं, जो शाकिंग और अश्लील भी हैं। ये प्लेटफार्म नहीं चाहते कि आप फोन रखकर टहलने जाएं या स्वजन के साथ बातचीत करें। लत इस हद तक है। कि जब भी निराशा का खयाल आए, तो आप फेसबुक, यूट्यूब, एक्स, इंस्टाग्राम पर जाकर स्क्रॉलिंग शुरू कर दें।

**बच्चों के लिए अधिक गंभीर स्थिति:** बिना नियंत्रण और संतुलन के इंटरनेट मीडिया नई पीढ़ी को किस हद तक प्रभावित कर रहा है, इसे बीते दिनों गाजियाबाद में हुई एक घटना से समझ सकते हैं, जहां स्कूल ड्रापआउट तीन नाबालिग बहनों ने कोरियन गेम्स के एडिक्शन के चलते सुसाइड कर लिया था। कारण बस इतना था कि पिता ने उन्हें ऐसा करने से रोका था और उनके यूट्यूब चैनल को डिलीट कर दिया था। तकनीकों का तीर्थ अमेरिका तक अपने बच्चों को इससे बचाने का हरसंभव प्रयास कर रहा है। बच्चे पर आप भरोसा कर सकते हैं, लेकिन इंटरनेट मीडिया में क्या हो रहा है और क्या हो सकता है, इस पर कोई अख्तियार नहीं है।

**भारत के सामने है बड़ी चुनौती:** बच्चों को स्क्रीन के ट्रैप से बचाने के लिए कहीं न कहीं फुल स्टाप तो लगाना ही होगा। देश में 25 करोड़ से अधिक बच्चों की उम्र 10-19 वर्ष के बीच है। इनके पास स्मार्टफोन व इंटरनेट है, पर सही व संतुलित प्रयोग कैसे होगा, शायद इसकी समझ नहीं है। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि पांच वर्ष तक के बच्चे भी डेढ़ घंटे और 6-10 वर्ष तक के बच्चे दो से ढाई घंटे का समय आनलाइन बिताते हैं। 16 वर्ष की उम्र तक बच्चों को इंटरनेट मीडिया के साथ- साथ आनलाइन चैटिंग और गेमिंग जैसी लत लग चुकी होती है। यह डिजिटल महामारी की चेतावनी है।

**क्यों जरूरी है रोक:** रील्स व शार्ट्स पर एडल्ट कंटेंट और फिल्मों से जुड़े विज्ञापन भी होते हैं। चूंकि, बच्चों का मस्तिष्क विकसित नहीं होता, इसलिए ऐसे कंटेंट से बचाना जरूरी है। आनलाइन कंटेंट, तुलना या ट्रोलिंग का उन पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में गुस्सा, चिड़चिड़ापन हो रहा है, तो समझ लें कारण इंटरनेट मीडिया भी हो सकता है।

**एआइ का है नया जोखिम:** छोटे बच्चों को अक्षर और जानवरों के बारे में सिखाने वाले वीडियो में अक्सर बेतुके और एआइ जेनरेटेड कंटेंट की भरमार होती है। यहां तक कि 'यूट्यूब किड्स' भी इससे नहीं बचा है। पांच वर्ष की उम्र में एकाग्रता विकसित होती है, ऐसे में फीड्स में पलक झपकने से पहले आते बेशुमार वीडियो दिमाग पर क्या असर डालते होंगे, इसकी कल्पना आप आसानी से कर सकते हैं।

## पहले कारणों को समझना होगा

बच्चों को कड़े नियमों के दायरे में बांधने से पहले उनसे यह पूछना चाहिए कि उन्हें आनलाइन क्या पसंद है। वे किस तरह के इन्फ्लुएंसर्स को फालो कर रहे हैं। उनके पसंदीदा एप्स क्या हैं। इससे उनके आनलाइन अनुभव के बारे में पता चल जाएगा। बच्चे से पूछ सकते हैं कि ऐसी चीजें जो उन्होंने देखी हैं, वे मजेदार, डरावनी, बढ़िया या परेशान करने वाली या कैसे लगीं। इसी आधार पर फी इस को रीसेट करने, सिर्फ दोस्तों का कंटेंट देखने या प्लेटफार्म से कुछ समय के लिए ब्रेक लेने जैसे उपाय कर सकते हैं। इसी तरह, अगर वे एक बार में घंटों तक स्क्राल करते रहते हैं तो 20 मिनट का टाइमर सेट कर फोन नीचे रखने के लिए कह सकते हैं। अगर वे बोरियत दूर करने के लिए इंटरनेट मीडिया पर जाते हैं, तो हफ्ते में एक दिन ऐसी एक्टिविटी करें, जिसमें पूरा परिवार शामिल हो। इंटरनेट मीडिया के चंगुल से छुड़ाना है, तो माता- पिता को ही इसका विकल्प बनना होगा।

## बच्चों के लिए बढ़ानी होगी सजगता

इंटरनेट मीडिया बच्चों को तुलना करने, वैलिडेशन और बिना फिल्टर कंटेंट के संपर्क में लाता है। भावनात्मक परिपक्वता नहीं होने से इसका नकारात्मक असर होता है। दूसरों जैसा बनने का दबाव, लाइक्स और कमेंट्स की चाह, परफेक्ट जिंदगी की कल्पना उनके मन में एक गलत समझ पैदा कर देती है। ऐसे में बच्चों के लिए मजबूत सपोर्ट सिस्टम होना जरूरी है। इसके लिए सजग पैरेंटिंग, उम्र के अनुसार नियम और प्लेटफार्म की जिम्मेदारी जैसे उपायों की जरूरत है। माता-पिता और शिक्षकों को खुलकर बातचीत करनी चाहिए और उन्हें डिजिटल साक्षरता के बारे में बताना चाहिए।

■ **लक्ष्मण देवराजन,** संस्थापक व सीईओ मैड मंकी एआइ

## बच्चों के लिए इन बातों का रखें ध्यान

- स्क्रीन टाइम को सीमित करने से शुरुआत करें और बच्चों को उन गतिविधियों में शामिल करें, जहां तकनीक की बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं होती।
- सबसे जरूरी है, अगर आप भी स्क्रीन से दूरी रखने या इसे कम प्रयोग करेंगे, तो बच्चा भी आपसे प्रेरित होगा।
- आनलाइन प्राइवेसी के बारे में जरूर बताएं जैसे, फोटो की सहमति देने और फोटो साझा करने में कैस सतर्कता होनी चाहिए।
- बच्चा कौन सा एप डाउनलोड और प्रयोग कर रहा है, इसका ध्यान रखना जरूरी है।
- पढ़ाई करते समय, भोजन करते समय, खेलते समय बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने का प्रयास करना चाहिए।
- बच्चों को इंटरनेट मीडिया के दुष्प्रभावों के बारे में समझना चाहिए और उन्हें कोई भी समस्या होने पर तुरंत इसकी जानकारी देने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## जेमिनी बताएगा वीडियो असली है या नहीं

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से एआई से बनी वीडियो की बाढ़ आई हुई है। कई वीडियो इतनी सफाई से बनाए गए होते हैं कि उसे देखकर पता लगा पाना मुश्किल हो जाता है कि यह असली है या एआई से बनाई गई है। गूगल ने जेमिनी एप में नया फीचर जोड़ा है, जो तुरत बता देगा कि कोई वीडियो असली है या एआई से बनाया गया है। आपको जेमिनी एप ओपन कर उस वीडियो को अपलोड करना है, जिसको आप वेरिफाई करना चाहते हैं। जेमिनी उस वीडियो की सिंथ आईडी चेक कर बता देगा कि वीडियो गूगल एआई से बनाया गया है या असली है। आपको बता दें कि सिंथआईडी एक डिजिटल मार्कर है, जो गूगल के एआई टूल्स से जनरेटेड कंटेट पर लगाया जाता है, जिसे आम लोग देख या पकड़ नहीं कर पाते।

## फेसबुक पर सीमित संख्या में लिंक होंगे शेयर

मेटा फेसबुक पर कुछ नया परीक्षण कर रहा है। कंपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए यूजर्स द्वारा शेयर किए जाने वाले लिंक की संख्या पर सीमा लगाने जा रही है। फेसबुक पोस्ट में लिंक शेयर करने पर यूजर्स से चार्ज लेने की बात चल रही है। दरअसल मेटा ऐसा कर यह समझना चाहता है कि क्या लिंक के साथ ज्यादा संख्या में पोस्ट पब्लिश करने की क्षमता ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करती है। सोशल मीडिया एक्सपर्ट का कहना है कि ऐसा कर कंपनी अपने प्लेटफॉर्म से ज्यादा इनकम पैदा करना चाहती है।

राजधानी

संक्षिप्त खबरें

## निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे कराएं: कुशवाह

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किये जायें। उन्होंने कहा कि इस पर अधिकारियों को पूरा फोकस रखना होगा। मंत्री कुशवाह ने अपने प्रभार के जिले शाजापुर में शुक्रवार को विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, म.प्र. सड़क विकास निगम, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, जल संसाधन संभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी- जल जीवन मिशन, नगरीय प्रशासन विभाग, म.प्र. प.क्षे.विवि कंलि. विभाग, सेतु उप संभाग लोक निर्माण, लोक निर्माण विभाग भवन विकास निगम एवं मध्यप्रदेश भवन विकास निगम सहित स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल कॉलेज, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला पंचायत के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें।

## गेहूं खरीदी: प्रदेश के किसानों को 10403.17 करोड़ का भुगतान

**भोपाल।** प्रदेश में समर्थन मूल्य पर हो रहे गेहूं उपार्जन के चलते अब तक किसानों को 10403.17 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। गेहूँ का उपार्जन 23 मई तक होगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 9 लाख 38 हजार किसानों से 56 लाख 45 हजार मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि एनआईसी सर्वर की क्षमता एवं संख्या में वृद्धि कराई गई। खाद्य विभाग द्वारा प्रति घंटा उपार्जन की मॉनीटरिंग की जा रही है।

## जरूरतमंदों की ओर देखे रेडक्रास

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि दीन-दुखियों की सेवा, ईश्वर की सेवा का सशक्त माध्यम है। मानवता की सेवा ही प्रभु की सेवा है। अपनी शक्ति और सामर्थ्य के अनुसार ग़रीब, वंचित और ज़रूरतमंदों की हमेशा मदद करते रहे। पटेल शुक्र वार को विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित सेवा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सेवा का दायरा बहुत विस्तृत है। रेडक्रॉस सदस्य दूरस्थ, ग्रामीण इलाकों जाकर जरूरतमंदों से मिले, उनकी समस्याओं को करीब से देखें, समझे और यथा संभव समाधान के आत्मीय प्रयास करें। हर सदस्य कम से कम 5 व्यक्तियों को रेडक्रॉस से जोड़े। राज्यपाल ने रेडक्रॉस के सिद्धांतों, उद्देश्यों और कार्यों से जन-जन को प्रेरित करने का आह्वान किया।

## प्रदेश बसपा की बैठक आज

**भोपाल।** बसपा की प्रदेश स्तरीय बैठक शनिवार को भोपाल में होगी। इसमें संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन होगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद राजाराम उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में पदाधिकारियों के साथ संगठन के संदर्भ में चर्चा होगी। उन्होंने बताया संगठन की हर माह बैठक होती है। ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी प्रदेश के अगला निकाय चुनावों को लेकर अभी से अपनी तैयारी प्रारंभ कर रही है।

# संभाग के सभी शासकीय स्कूलों में पीने के पानी और शौचालय की करें व्यवस्था, असुविधा नहीं करेंगे बर्दाश्त

### टीएल बैठक में समीक्षा के दौरान नाराज हुए संभागायुक्त, तेजी से काम पूरा करने का दिया अल्टीमेटम



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** संभाग के किसी भी शासकीय स्कूल में बुनियादी सुविधाओं की कमी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करूंगा। आखिरी बार अल्टीमेटम दे रहा हूं, बारिश शुरू हो जाने से पहले संभाग के हर सरकारी स्कूल में पीने के साफ पानी और साफ शौचालयों की व्यवस्था हो जाना चाहिए। विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह की समस्या नहीं आना चाहिए। यह निर्देश संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने शुक्रवार को संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित समय-सीमा (टीएल) की समीक्षा बैठक में दिए। संभाग आयुक्त शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ संभाग के सभी शासकीय स्कूलों में मिल रही सुविधाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान मूलभूत सुविधाओं में कमी को देखते हुए संभागायुक्त अधिकारियों पर जमकर नाराज हुए और सभी कामों को मानसून के पहले तक करवाने का अल्टीमेटम जारी कर दिया। संभाग आयुक्त ने इस दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी अफसर तत्काल मैदानी स्तर पर सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करें। ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए पानी व शौचालय का अभाव है। बारिश शुरू होने से पहले इन सभी स्कूलों में सभी काम पूरे हो जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने नाराजगी जाहिर की, बार बार निर्देश दिए जाने के बाद भी स्कूलों की व्यवस्था नहीं सुधर रही। यह आखिरी बार है। इसके बाद भी यदि काम नहीं हुआ तो लापरवाही बरतने वाले सभी अधिकारियों को नाप दिया जाएगा।

### जिले में 2 लाख 40 हजार किसानों से खरीदा गया 16 लाख मीट्रिक टन गेहूं

इस दौरान संभाग आयुक्त ने संभाग में अब तक खरीदे गए गेहूं के संबंध में भी जानकारी ली। अधिकारियों ने आयुक्त को रिपोर्ट सौंपते हुए बताया कि संभाग में 2 लाख 40 हजार से अधिक किसानों से लगभग 15 लाख 94 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है, जिसके बदले 2,354 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों की स्लॉट बुकिंग से लेकर बारदाना उपलब्धता और परिवहन में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। साथ बुजुर्गों के लिए शुरू की गई आयुष्मान वय वंदना योजना पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी वरिष्ठ नागरिक इस कार्ड से वंचित न रहे। इस दौरान उन्होंने नई आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण के लिए पीएम गति शक्ति ढांचे का उपयोग करने को कहा, ताकि स्कूलों के नजदीक को-लोकेशन के आधार पर भवनों का निर्माण समय-सीमा में पूरा हो सके।

## नगर निगम का दावा रेलवे ने शौचालय की जमीन पर कब्जा कर तानी दीवार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नगर निगम द्वारा ऐशबाग रोड पर आम लोगों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे सार्वजनिक यूरिनल (मूत्रालय) पर रेलवे द्वारा बनाई दीवार का मामला तूल पकड़ता हुआ दिख रहा है। इस मामले में नगर निगम द्वारा दावा किया जा रहा है कि निगम ने अपनी जमीन पर ही शौचालय बनाया था, जबकि रेलवे द्वारा जबरन निगम की जमीन पर कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी गई है। नगर निगम भोपाल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। जारी पत्र में निगम ने लिखा है कि यदि रेलवे ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो निगम द्वारा स्वयं ही कब्जा हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के यांत्रिक विभाग द्वारा ऐशबाग रोड स्थित लगभग 12,163 वर्गफीट भूमि पर यूरिनल का निर्माण कराया जा रहा है। निगम के अनुसार यह भूमि सरकारी अभिलेखों में म्युनिसिपल बोर्ड के नाम दर्ज है। निगम अधिकारियों के अनुसार रेलवे ने नियमों को ताक पर रखकर इस भूमि और निर्माणाधीन भवन को घेरते हुए बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी है। जिसके बाद निगम प्रशासन ने पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ मंडल अभियंता (सेंट्रल) को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई पूरी तरह अवैध है। निगम ने चेतावनी दी है कि यदि रेलवे ने अपनी सीमा दीवार तत्काल नहीं हटाई, कब्जे को बलपूर्वक हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## आईआरसीटीसी अकाउंट बंद करने के नाम पर बुजुर्ग से 1.40 लाख ऐंठे

**जागरण, भोपाल।** कोलार रोड थाना क्षेत्र में आईआरसीटीसी अकाउंट बंद कराने के नाम पर ठगों ने बुजुर्ग से 1.40 लाख निकाल लिए। जालसाजों ने बुजुर्ग का मोबाइल हैक कर अलग- अलग अकाउंट से रकम निकाल कर वारदात को अंजाम दिया। 71 वर्षीय दिनेश प्रसाद भार्गव दानिश कुंज में रहते हैं। वह रिटायर्ड कर्मचारी हैं। 28 अप्रैल को दोपहर तीन बजे उन्होंने आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट ऐप पर अपने दो अकाउंट बंद कराने के संबंध में गुगल पर संपर्क किया था। इस दौरान उनकी बातचीत अननोन नंबर पर किसी व्यक्ति से हुई थी। जिन्होंने अकाउंट बंद कराने के लिए उन्हें पांच रुपए शुल्क देना कहा। इसके बाद जैसे ही उन्होंने ऑनलाइन पैसे भेजे, तो तुरंत उनका मोबाइल हैक हो गया। जिसके बाद ठगों ने एचडीएफसी बैंक से 55 हजार रुपए, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से 25 हजार रुपए और केनरा बैंक से 60 हजार रुपए निकाल लिए गए। धीरे-धीरे जालसाजों ने तीन बैंक खातों से कुल 1.40 लाख रुपए निकालकर धोखाधड़ी की।

## इंवेस्टमेंट के नाम पर गृहिणी से 5 लाख की ठगी

**जागरण, भोपाल।** गांधीनगर थाना क्षेत्र में इंवेस्टमेंट के नाम पर गृहिणी से 5 लाख की साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय आकांक्षा सिंह लाऊखेड़ी क्षेत्र में रहती हैं। 16 अप्रैल 2026 से अज्ञात लोगों ने उनसे संपर्क कर ऑनलाइन इंवेस्टमेंट करने पर अधिक मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। उन्होंने थोड़ी रकम निवेश की, जिस पर उन्हें कुछ फायदा भी दिखाया गया। आरोपियों ने धीरे-धीरे भरोसा जीतकर उनसे अलग-अलग किश्तों में बड़ी रकम निवेश कराई। बाद में जब उन्होंने अपना पैसा वापस निकालने की कोशिश की तो रकम नहीं मिली। इस तरह जालसाजों ने उनसे कुल 5 लाख 490 रुपए की ठगी कर ली।

## अस्पताल में मिले अनुभव ने किया प्रेरित, 91 साल की महिला का देहदान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** कभी दर्द से जूझती एक बुजुर्ग महिला और अब उसी दर्द से निकलकर दूसरों के लिए उम्मीद बन गई। 91 साल की अमृत कौर ने एम्स भोपाल में मिले इलाज और अपनापन से प्रभावित होकर मरणोपरांत अपना शरीर दान करने का फैसला लिया है। मार्च 2025 से फरवरी 2026 के बीच उन्होंने ऑर्थोपेडिक्स विभाग में प्रो. (डॉ.) रेहान-उल-हक की टीम के साथ अपने घुटने की तीन सर्जरी करवाईं। इलाज सिर्फ सफल ही नहीं रहा, बल्कि डॉक्टरों और स्टाफ के व्यवहार ने उनके मन को भी छू लिया। 4 मई 2026 को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि यहां उन्हें सिर्फ इलाज नहीं, बल्कि नई जिंदगी मिली। इसी एहसास ने उन्हें यह बड़ा निर्णय लेने की ताकत दी कि उनकी देह आगे मेडिकल शिक्षा और रिसर्च में काम आए। अमृत कौर ने अपने अनुभव में लिखा कि अस्पताल का अनुशासन, साफ-सफाई और कर्मचारियों का व्यवहार दिल छू लेने वाला था। सुरक्षा गार्ड से लेकर हाउसकीपिंग तक हर किसी ने सहयोग किया। उन्होंने सभी को नायक बताते हुए कहा कि यही संवेदनशीलता मरीज को हिम्मत देती है।

**इलाज के दौरान जताई इच्छा, परिजनों ने की पूरी**

## एम्स ने सिखाए आग से बचने के गुर, आमजन को किया जागरूक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** एम्स भोपाल में 4 से 10 मई तक अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के तहत प्रशिक्षण, मॉक ड्रिल और वेबिनार आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज रखी गई है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के स्टाफ को आग से बचाव और आपात स्थिति से निपटने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

भोपाल नगर निगम के फायर कंसल्टेंट शक्ति सिंह ने कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के मूल सिद्धांत और अग्निशामक उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। इसमें नर्सिंग स्टाफ, हाउसकीपिंग और तकनीकी टीम ने सक्रिय भागीदारी की। आईपीडी क्षेत्र में फायर स्प्रिंकलर सिस्टम का लाइव प्रदर्शन किया गया, वहीं ओपीडी में मॉक ड्रिल के जरिए कर्मचारियों और आम लोगों को आग बुझाने के तरीकों का अभ्यास कराया गया। इस दौरान फोम और ड्राई केमिकल पाउडर जैसे उपकरणों का उपयोग भी सिखाया गया। निजी वार्ड में मरीजों की सुरक्षित निकासी का अभ्यास किया गया, जिसमें कोड रेड प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इसके अलावा वेबिनार के माध्यम से आईसीयू और ऑपरेशन थिएटर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा पर चर्चा हुई। एम्स प्रबंधन के अनुसार, ऐसे कार्यक्रमों से अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है और आपात स्थिति से निपटने की क्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम में डॉक्टरों, कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों ने सक्रिय भागीदारी की।

## कोलार में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जागरण, भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय विनोद बाथम बांसखेड़ी में रहता था। वह पुताई का काम करता था। उसके घर के पास में ही साली अपने परिवार के साथ रहती है। गुरुवार को पत्नी अपनी बहन के घर गई थी, जबकि बेटी दादा-दादी के घर रोशनपुरा गई थी। रात को बेटी वापस लौटी तो घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। इस दौरान खिड़की से झांक कर देखने पर उसने पिता को फांसी पर लटका देखा।

## संक्षिप्त खबरें

### कामधेनु गौ अभयारण्य बन सकता है विकास का राष्ट्रीय मॉडल: शाह



**भोपाल।** समस्त महाजन के मैनेजिंग ट्रस्टी गिरीश शाह ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी कामधेनु गौ अभयारण्य सालारिया का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अभयारण्य के प्रबंधन एवं कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए इसे केवल गौवंश संरक्षण केंद्र नहीं, बल्कि भारत के लिए ग्रामीण विकास, प्राकृतिक कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं करुणा आधारित अर्थव्यवस्था के राष्ट्रीय मॉडल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्री शाह ने मध्यप्रदेश सरकार का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए 1537 एकड़ भूमि उपलब्ध कराना तथा प्रति पशुधन प्रतिदिन 71 सहायता का प्रावधान करना अत्यंत सराहनीय एवं दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि उचित दीर्घकालीन योजना एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ यह परियोजना देश के श्रेष्ठ गौ-आधारित विकास मॉडलों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकती है। गिरीश शाह ने सुझाव दिया कि सम्पूर्ण क्षेत्र का कॉन्टूर मैप तैयार कर सभी प्राकृतिक जलमार्गों, तालाबों एवं जल संग्रह स्थलों का वैज्ञानिक गहरीकरण (डीसिल्टिंग) एवं आपसी जुड़ाव किया जाए, ताकि आगामी मानसून के जल का अधिकतम संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि बड़े स्तर पर वर्षा जल संचयन भविष्य में हजारों गौवंश के लिए स्थायी जल सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है। उन्होंने अभयारण्य परिसर में कम से कम 10 हजार देशी वृक्ष लगाने का सुझाव दिया, जिनमें बरगद, पीपल, नीम, इमली, आम, जामुन एवं औदुम्बर जैसे वृक्ष शामिल हों। उनके अनुसार यह वृक्ष भूजल संवर्धन, जैव विविधता, तापमान नियंत्रण एवं प्राकृतिक वातावरण निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### एसबीआई में 25-26 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल, बैंकिंग सेवाएं होंगी प्रभावित

**भोपाल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अवार्ड स्टाफ एम्पलाइज यूनियन भोपाल सर्कल के महासचिव प्रवीण मेघानी के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 25 और 26 मई को दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। यह हड़ताल राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन द्वारा घोषित की गई है। कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित और वैध मांगों को लेकर बैंक प्रबंधन को कई बार मौखिक एवं लिखित प्रतिवेदन दिए गए। इसके बावजूद प्रबंधन द्वारा कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से कर्मचारियों में नाराजगी है। यूनियन का कहना है कि लंबे समय तक संवाद और शांतिपूर्ण प्रयासों के बाद भी जब समाधान नहीं निकला, तब कर्मचारियों को हड़ताल का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगेः फेडरेशन ने बैंक प्रबंधन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं, जिनमें संदेशवाहकों और सशस्त्र गार्डों की तत्काल भर्ती, वर्ष 2019 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए इंटर सर्किल ट्रांसफर सुविधा, स्थायी नौकरियों की आउटसोर्सिंग पर रोक, कर्मचारियों के बीच समानता सुनिश्चित करना तथा पर्याप्त संख्या में नई भर्ती शामिल हैं।

### मेंटेनेंस के कारण शहर के कई इलाकों में आज होगी कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल के कई इलाकों में शनिवार को बिजली कंपनी द्वारा लाइनों के रखरखाव और डीटीआर चार्जिंग का कार्य किया जाएगा। इस कारण शहर की कई प्रमुख कॉलोनियों और व्यावसायिक क्षेत्रों में अलग-अलग समय पर दो से छह घंटे तक बिजली की कटौती होगी। बिजली कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज नर्मदापुरम रोड स्थित प्रधान मंडपम, सागर रॉयल विला एंड होम्स, सुरेंद्र लैंडमार्क, 4जी होटल, शालीमार सेवन गार्डन, अंबर होटल, बापू की कुटिया, इंसिग्निया होटल, प्रियदर्शिनी पैरामाउंट, गणेश नगर और ओपल डेवलपर्स सहित आसपास के क्षेत्रों में लाइन मेंटेनेंस के काम के चलते सुबह 8 से 10 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। कोलार स्थित सिग्नेचर रेजीडेंसी, सागर प्रीमियम टावर और सिग्नेचर 99 कॉलोनी में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रहेगी। वहीं चूनाभट्टी स्थित चूनाभट्टी गांव, ताबिश कॉम्प्लेक्स, समर्थन, सागर कैंपस, चाणक्यपुरी कॉलोनी, वर्धमान परिसर, गंगोत्री हाइट्स, हिल क्रेस्ट और परस्पर कॉलोनी में सुबह 10.30 से दोपहर 1.30 बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। रायसेन रोड स्थित पटेल नगर, आनंद नगर, ओरिएंटल कॉलेज, एनआरआई कॉलेज, संस्कृति मैरिज गार्डन, आकांक्षा मैरिज गार्डन, ईशान कॉम्प्लेक्स, ईशान कॉलोनी और ओमेगा कॉलोनी व आसपास देर शाम तक चलेगा डीटीआर चार्जिंग और मेंटेनेंस का काम सुबह 10 से शाम 4 बजे तक और रंभा नगर, नया कबाड़खाना, लियाकत मार्केट, दुलीचंद बाग, इब्राहिम गंज, राजदेव कॉलोनी, आई हॉस्पिटल, गुरुनानक कॉलोनी और शांति नगर और आसपास व यादगार-ए-शाहजहानी पार्क के आसपास सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली उपलब्ध नहीं होगी।

### विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन



**जागरण, भोपाल।** पुलिस कमिश्नरेट की कम्युनिटी पुलिसिंग पहल के तहत आयोजित सृजन कार्यक्रम में शुक्रवार को झुग्गी बस्तियों के विद्यार्थियों के लिए करियर ओरिएंटेशन और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाभा यूनिवर्सिटी के मेंटल हेल्थ काउंसलिंग सेंटर अनलोड पिटारा ने सहयोग प्रदान किया। अनलोड पिटारा की टीम ने विद्यार्थियों को करियर चयन, लक्ष्य निर्धारण और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में मिसरोद, बागसेवनिया और जाटखेड़ी क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों से 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए। इस दौरान भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, सीएसपी रजनीश कश्यप सहित विभिन्न थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मचारियों की उपस्थिति रही। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ाने, सकारात्मक सोच विकसित करने और तनाव से निपटने के तरीके भी बताए।

# सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी होगी दूर, 1649 चिकित्सक जल्द करेंगे ज्वाइन

### एमपीपीएससी ने जारी किया रिजल्ट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी अब दूर होने वाली है। इसके लिए मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 1649 डॉक्टरों का चयन किया गया है। चयनित डॉक्टर काउंसलिंग के बाद जल्द ही सरकारी अस्पतालों में ज्वाइन करेंगे। जानकारी अनुसार स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वर्ष 2025 में मेडिकल ऑफीसर के करीब 1800 पदों पर भर्ती के लिए एमपीपीएससी को जिउम्मेदारी दी थी। एमपीपीएससी ने इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए शुक्रवार को रिजल्ट जारी किया है। इसमें कुल 1649 चिकित्सकों का चयन मेडिकल ऑफीसर के पद पर हुआ है। आयोग ने कुल 1649 पदों के लिए मुख्य भाग (87 प्रतिशत) की चयन सूची घोषित की है। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार चिकित्सा अधिकारी के कुल 1832 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई थी। इनमें अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के पद शामिल हैं।



**चार महीने तक चली साक्षात्कार प्रक्रिया**

जानकारी अनुसार पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 27 जनवरी से 10 अप्रैल तक आयोजित किए गए थे। इसके बाद प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर मुख्य चयन सूची तैयार की गई। जारी पद विवरण के अनुसार चयन सूची में विभिन्न वर्गों के साथ महिलाओं के लिए आरक्षित पद भी शामिल किए गए हैं। आयोग ने श्रेणीवार चयन सूची जारी करते हुए अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर परिणाम देखने की सलाह दी है।

**13 फीसदी पदों के लिए बाद में आएगा परिणाम**

आयोग ने स्पष्ट किया है कि शासन के निर्देशों के तहत फिलहाल 87 प्रतिशत पदों का परिणाम घोषित किया गया है, जबकि शेष 13 प्रतिशत पदों की चयन प्रक्रिया अलग से पूरी की जाएगी। इन पदों का परिणाम बाद में जारी होगा। भर्ती में कुछ पद विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए भी आरक्षित रखे गए हैं। आयोग के अनुसार चयन पूरी तरह मेरिट एवं आरक्षण नियमों के आधार पर किया गया है।

**ग्रामीण क्षेत्र में भेजे जाएंगे डॉक्टरः** मप्र के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की भारी कमी है। इस कमी को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने इतने बड़े पैमाने पर चिकित्सकों की भर्ती की है। इन चिकित्सकों की पदस्थापना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल के साथ साथ संजीवनी क्लीनिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों पर होगी। मप्र के दूरस्थ जिले जैसे बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, शहडोल, कटनी जैसे जिलों में चिकित्सकों को पदस्थापना दी जाएगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो सकें।

**डिप्टी सीएम ने दिए थे जल्द भर्ती के निर्देश**

सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए उप स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने विभाग को निर्देश दिए थे। उन्होंने बीते एक साल में कई बार विभाग की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया था कि रिक्त पदों पर जल्द से जल्द नए चिकित्सकों की भर्ती की जाए।

**मेडिकल ऑफीसर के 5400 पद स्वीकृतः** मप्र के स्वास्थ्य विभाग में मेडिकल ऑफीसर के करीब 5400 पद स्वीकृत हैं। दो साल पहले तक इनमें से करीब 4 हजार पद भरे थे, जबकि 1400 के आस पास पद खाली थे। इन्हें भरने के लिए प्रक्रिया शुरू भी की गई थी। विभाग ने 895 पदों पर भर्ती प्रक्रिया का जिम्मा एमपीपीएससी को दिया था। उस समय जो प्रक्रिया हुई थी, उसमें सभी पदों के लिए चिकित्सक नहीं मिले थे। यही कारण है कि पिछले वर्ष एक बार फिर बड़ी संख्या में चिकित्सकों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई।

### 43 दिन से लापता किशोरी का खेत में मिला कंकाल

**कपड़ों और चप्पलों से हुई पहचान**

**जागरण, भोपाल।** सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र में खेत से किशोरी का कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। कंकाल की पहचान मौके से मिले कपड़ों और चप्पलों के आधार पर हुई। करीब 43 दिन से 17 वर्षीय किशोरी लापता थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नंदनी कुशवाह पिता चेन सिंह (17) ग्राम डोब बरखेड़ी की रहने वाली थी। वह दसवीं कक्षा तक पढ़ी थी और करीब 43 दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी।

परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सूखी सेवनिया थाने में दर्ज कराई थी। मृतका के भाई योगेश कुशवाह ने बताया कि उनके खेत के पास स्थित एक अन्य खेत के मालिक ने खेत में कंकाल पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेष बरामद किए। वहीं मौके से मिले कपड़ों और चप्पलों के आधार पर परिजनों ने कंकाल की पहचान नंदनी के रूप में की। पुलिस का कहना है कि कंकाल का डीएनए परीक्षण भी कराया जाएगा। किशोरी लंबे समय से लापता थी, इसलिए पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। हालांकि परिजनों कपड़ों के आधार पर कंकाल को अपनी बेटी का बताया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण : दीवारों की बदली गई सूरत रंगरोगन कर बच्चों के लिए बनाई सांप-सीढ़ी





**जागरण संवाददाता, भोपाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शुक्रवार को नगर निगम अमले ने शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित पीएम आवास योजना सहित अन्य बैकलेन्स (पिछली गलियों) का कायाकल्प किया। इस दौरान निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने सफाई कर मलबे को हटाया। साथ ही दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग, रंगोली और स्वच्छता संदेश उकेरकर सौंदर्यीकरण किया गया। इस दौरान बच्चों के खेलने के लिए सांप-सीढ़ी और लंगड़ी की पेंटिंग भी बनाई गई। अमले ने नागरिकों को सफाई की शपथ दिलाकर भोपाल को नंबर-1 बनाने में सहयोग की अपील की।

## ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों का होगा निरीक्षण खजूरी स्वास्थ्य केंद्र में होगी सोनोग्राफी

**बेहतर काम करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का होगा सम्मान**

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चरमराई हुई स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर लाने के लिए शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। स्वस्थ महिला बाल विकास स्थाई समिति की बैठक में सभापति चंद्रेश सुरेश राजपूत की अध्यक्षता में गांवां के स्वास्थ्य केंद्रों की दशा सुधारने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करने और बेहतर कार्य करने वाली ग्रामीण क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को जिला पंचायत स्तर पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर लंबे समय से मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकीं आंगनबाड़ियों की तुरंत मरम्मत कराने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार और खेलकूद के लिए पर्याप्त खिलौने और खेल का सामान उपलब्ध कराने की मांग उठी। मांग करते हुए सभापति ने कहा कि बेहतर सुविधाएं हों तो गांवों से भी कई ऐसी प्रतिभाएं सामने आएंगी, जो राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकती हैं। साथ ही बच्चों के विकास का संपूर्ण दारोमदार संभाले हुए जो कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित करना भी जिला पंचायत की प्राथमिकता है।




**स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर सुविधाएं देने के लिए रखा प्रस्ताव**

बैठक में सदस्य देवकुवर अनिल हाड़ा ने फंदा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले स्वास्थ्य केंद्र फंदा, खजूरी और तूमड़ा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नत करने का प्रस्ताव रखा। इन सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी मशीनें लगाई जाएं। वर्तमान में ग्रामीण महिलाओं को सोनोग्राफी केलिए बैरागढ़ के निजी क्लीनिकों के चक्कर काटने पड़ते हैं, जहां उन्हें लंबी लाइनों और भारी खर्च का सामना करना पड़ता है। सदस्य विक्रम बालेश्वर ने ग्राम रोंझिया और बरखेड़ा बरामद के स्वास्थ्य केंद्रों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि वहां पदस्थ कर्मचारियों का व्यवहार मरीजों के प्रति संवेदनशील नहीं है। साथ ही डॉक्टर और स्टाफ समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए सभापति ने सीएमएचओ को जांच कर कड़ी कार्रवाई करने और स्टाफ को व्यवहार सुधारने के लिए कहा।

## गंभीर मरीज को दिल्ली शिफ्ट करने बनाया ग्रीन कॉरिडोर

**बंसल अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया**

**जागरण, भोपाल।** ट्रैफिक पुलिस भोपाल ने शुक्रवार को गंभीर रूप से बीमार मरीज को समय पर दिल्ली पहुंचाने के लिए विशेष ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया। पुलिस की मदद से मरीज को कम समय में बंसल अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचाया गया, जहां से एयर एंबुलेंस के जरिए नई दिल्ली रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार 54 वर्षीय सत्यभान सिंह बंसल अस्पताल में भर्ती थे। उनकी हार्ट और लंग्स से जुड़ी स्थिति बेहद गंभीर बताई गई। उन्हें उपचार के लिए नई दिल्ली स्थित स्कोड अस्पताल शिफ्ट किया जाना था। इसके लिए स्कोड अस्पताल की डॉक्टरों की टीम शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे भोपाल पहुंची। यातायात पुलिस ने डॉक्टरों की टीम को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर कम समय में बंसल अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद सुबह करीब 11:40 बजे विशेष एंबुलेंस के जरिए करीब 24 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर मरीज को व्यस्त यातायात के बीच तेजी से बंसल अस्पताल से भोपाल एयरपोर्ट पहुंचाया गया। वहां से मरीज को एयर एंबुलेंस के जरिए से दिल्ली रवाना किया गया। इस व्यवस्था में ट्रैफिक पुलिस के करीब 60 अधिकारी और कर्मचारियों ने अपनी भूमिका निभाई। यातायात पुलिस ने डॉक्टरों की टीम ग्रीन कॉरिडोर बनाने मदद की।

**सेवा सदन की 40वीं वर्षगांठ पर आध्यात्मिक संगीत का अनोखा प्रयोग**

## एआई विजुअल्स, लाइव स्टोरीटेलिंग और भक्ति का संगम

**जागरण, भोपाल।** गांधी नगर स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार शाम भक्ति और तकनीक का अनूठा संगम देखने को मिला। ट्रस्ट की 40वीं वर्षगांठ पर आयोजित 'भजन क्लबिंग' कार्यक्रम में पारंपरिक भक्ति संगीत को एआई विजुअल्स, लाइव स्टोरीटेलिंग और हाई-वोल्टेज साउंड इफेक्ट्स के साथ नए अंदाज में प्रस्तुत किया गया। मुक्ताकाश मंच पर सजी यह संगीतमय प्रस्तुति देर रात तक श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लोक में ले जाती रही।

**12 ज्योतिर्लिंगों की कथा :** कार्यक्रम की शुरुआत बाबा महाकाल को नमन के साथ हुई। इसके बाद क्रमशः 12 ज्योतिर्लिंगों की कथा संगीत और दृश्य प्रभावों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। जैसे ही मंच से 'ओम नमः शिवाय' का सामूहिक उच्चारण गूंजा, पूरा सभागार भक्तिरस में डूब गया। इसके साथ ही


'भजन क्लबिंग' में शिवमय हुई शाम

कलाकारों ने कृष्ण लीला से जुड़े प्रसंगों को भी शब्द रचना के माध्यम से प्रस्तुत किया। लगभग 45 मिनट तक चली शिव-पार्वती विवाह की संगीतमय कथा में प्रकाश, ध्वनि और एआई विजुअल्स का ऐसा समन्वय देखने को मिला, जिसने मुक्ताकाश मंच को मानो कैलाश धाम में परिवर्तित कर दिया हो।

**भजनों पर झूमे श्रद्धालु :** 'बम लहरी', 'नमो नमो शंकरा', 'भोले बाबा की बारात चली' और 'दुनिया चले ना श्रीराम के बिना' जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में दो मिनट साठ सेकेंड में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में शिव तत्व के साथ राम और कृष्ण भक्ति का भी भावपूर्ण समावेश देखने को मिला। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग प्रसंग के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और मध्यप्रदेश के संबंधों को रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया, वहीं रामेश्वरम कथा के माध्यम से प्रेम और समर्पण के भाव को अभिव्यक्त किया गया। 'दुनिया चले ना श्रीराम के बिना' और 'मंदिर बने ना हनुमान के बिना' जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

**105 दृष्टि मित्रों का सम्मान :** समारोह के प्रथम सत्र में सेवा सदन ट्रस्ट ने नेत्र शिविरों से जुड़े 105 दृष्टि मित्रों को सम्मानित किया। ट्रस्ट अब तक 40 लाख से अधिक लोगों की नेत्र जांच और उपचार कर चुका है।

**भारत भवन में 'प्रणाम उदन्त मार्त्तण्ड' शुरू : 200 वर्ष पहले तय हुआ था हिंदी पत्रकारिता का नैरेटिव**

## पत्रकारिता सत्ता नहीं, सत्य की पक्षधर हो : मिथिलेशनन्दिनीशरण

**जागरण, भोपाल।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर पत्रकारिता, भारतीय चिंतन और सामाजिक मूल्यों पर मंथन का एक बड़ा मंच सजा। भारत भवन में शुरू हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन 'प्रणाम उदन्त मार्त्तण्ड' का शुभारंभ हुआ। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और वीर भारत न्यास की संयुक्त पहल पर आयोजित इस राष्ट्रीय विमर्श में देशभर के पत्रकार, संपादक, लेखक और मीडिया विशेषज्ञों ने न केवल हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा को याद किया, बल्कि बदलते डिजिटल दौर में मीडिया की जिम्मेदारियों, नैतिकता और समाज में उसकी भूमिका पर भी गंभीर विमर्श किया। उद्घाटन सत्र में अयोध्या के हनुमत निवास पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण ने कहा कि पंडित युगलकिशोर शुक्ल ने 200 वर्ष पहले 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत' लिखकर पत्रकारिता का नैरेटिव तय कर दिया था। पत्रकारिता का उद्देश्य सत्ता का समर्थन या विरोध नहीं, बल्कि सत्य और समाजहित की रक्षा होना चाहिए।



**एआई और डीपफेक को बताया 'स्वर्ण मृग'**

विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने आधुनिक मीडिया की चुनौतियों पर बात करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक को 'स्वर्ण मृग' की संज्ञा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सावधान करते हुए कहा कि डिजिटल युग में एक छोटी गलती भी गंभीर परिणाम दे सकती है। पूर्व सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने कहा कि आज पत्रकारिता को विचारधाराओं से ऊपर उठकर 'नेशन फर्स्ट' के सिद्धांत पर काम करने की जरूरत है।

**पत्रकारिता, संस्कृति और संवाद पर गहन विमर्श**

कार्यक्रम में 'डिजिटल समय में टीवी पत्रकारिता', भारतीय पत्रकारिता का वैचारिक अधिष्ठान और नए भारत के निर्माण जैसे विषयों पर चर्चाएं हुईं। वरिष्ठ पत्रकारों और संपादकों ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। इस दौरान 'माखन के लाल', 'कार्टून कथा' सहित विश्वविद्यालय के प्रायोगिक समाचार पत्रों और पत्रिकाओं का लोकार्पण भी किया गया।

**परिवार, प्रेम और मूल्यों पर आचार्य के विचार**

विशेष सत्र 'उत्तिष्ठ भारत' में आचार्य ने परिवार को 'मनुष्य निर्माण की सबसे बड़ी प्रयोगशाला' बताया। उन्होंने कहा कि आज संवाद और विश्वास की कमी के कारण पारिवारिक मूल्य कमजोर हो रहे हैं। 'प्रेम क्या है' विषय पर उन्होंने कहा कि प्रेम केवल आकर्षण या भोग नहीं, बल्कि त्याग, विश्वास और समर्पण का भाव है। माता-पिता के निस्वार्थ प्रेम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रेम वही है, जिसमें अपेक्षा नहीं होती। राम और सीता के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में प्रेम मर्यादा और समर्पण से जुड़ा है।

### जेल से छूटा तस्कर फिर गिरफ्तार, 54 लीटर शराब जब्त

**जागरण,भोपाल।** पुलिस ने 54 लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक्टिवा वाहन जब्त की है। मुख्य आरोपी हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया था और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक्टिवा वाहन से अवैध शराब की सप्लाई की जा रही है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ा। जिनकी पहचान आशीष बडगूजर (39) और विशाल कनाडे (19) निवासी वाजपेयी नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने एक्टिवा में रखी बोरियों से 54 लीटर शराब बरामद की। कीमत 22,800 रुपए है। आरोपी आशीष बडगूजर के खिलाफ पहले से 21 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जबकि विशाल कनाडे पर 4 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अतिवादी रुख त्याग समझौता करें ट्रंप

*जब डोनाल्ड ट्रम्प ने होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे व्यापारिक जहाजों को 'मार्गदर्शन' देने के मकसद से 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' का एलान किया, तो उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के किसी भी हस्तक्षेप से 'बलपूर्वक' निपटा जाएगा। पिछले कुछ हफ्तों के दौरान, ट्रम्प ने तेहरान को इस जलमार्ग को फिर से खोलने के लिए कई अल्टीमेटम जारी किए। तेहरान ने इस जलमार्ग को उसने 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा जंग शुरू करने के बाद बंद कर दिया था। जब ईरान ने झुकने से इनकार कर दिया, तो ट्रम्प ने इस जलडमरूमध्य को सैन्य तरीके से फिर से खोलने के वास्ते अभियान शुरू किया। लेकिन यह अभियान बमुश्किल 50 घंटे ही चला। ईरान ने इस जलडमरूमध्य में दो अमेरिकी विध्वंसक जहाजों पर गोलीबारी और ओमान के तट पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक टैंकर पर हमला करके जवाब दिया। अमेरिका साझेदार यूएई ने भी कहा कि उस पर दो बार हमले हुए।*

*शत्रुता के बीच युद्धविराम पर दबाव बढ़ने के मद्देनजर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि वह 'पाकिस्तान की गुजारिश पर' इस अभियान को रोक रहे हैं। यूं तो ट्रम्प इस जंग को जीतने को लेकर बड़े-बड़े दावे करते रहते हैं, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद रहना – और इसे फिर से खोलने के अभियान का तीन दिन भी नहीं चल पाना – एक बिल्कुल ही अलग जमीनी हकीकत की ओर इशारा करता है। दरअसल, अमेरिका न सिर्फ इस जंग के 40 दिनों के दौरान अपने घोषित मकसदों में से किसी को भी हासिल करने में नाकाम रहा है, बल्कि अब वह खुद इस जंग से पैदा हुए इस जलडमरूमध्य के बंद होने के एक संकट से भी जूझ रहा है.ट्रंप की यह घोषणा कई लोगों को चौंका सकती है, क्योंकि यह उनके ही विदेश मंत्री रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और जॉइंट चीफ्स के चेयरमैन जनरल डैन केन के उन बयानों के उलट है, जिनमें कहा गया था कि यह अभियान होर्मुज़ स्ट्रेट और फारस की खाड़ी में शिपिंग और व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा. रूबियो ने कहा, 'हम शांति का रास्ता पसंद करेंगे. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी एक समझौता चाहते हैं. प्रोजेक्ट फ्रीडम ईरान पर आर्थिक दबाव बनाने के लिए लागू की गई नाकेबंदी से अलग और स्वतंत्र अभियान है.'' प्रोजेक्ट फ्रीडम का मक़सद इस इलाक़े से तेल की आपूर्ति को फिर से सामान्य बनाना और वैश्विक अर्थव्यवस्था को स्थिरता की ओर लौटाने में मदद करना था।*

*दूसरी ओर ऐसे ही कई विरोधाभासी बयान देने वाले ट्रम्प के उलट, ईरान की मांगों में एकरूपता रही है। ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने पिछले हफ्ते कहा कि उनका मुल्क अपनी मिसाइल एवं परमाणु क्षमताओं की 'हिफाजत' करेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा। तेहरान को लगता है कि इस जंग ने उसकी स्थिति को मजबूत किया है और वक्त उसके पक्ष में है। ट्रम्प ने कई गलत अनुमान लगाए हैं। इस जंग के पहले हफ्ते में उन्होंने कहा था कि उन्हें ईरान के 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' से कम कुछ भी मंजूर नहीं होगा। लेकिन जैसे-जैसे यह संघर्ष लंबा खिंचता गया, उन्होंने समझौते की मांग शुरू कर दी। उनकी बयानबाजियों के उलट, इस निरंतर चलने वाले संघर्ष में उनके पास कुछ ही मजबूत दांव हैं। अगर यह संकट जारी रहता है, तो इससे अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्था को लंबे समय तक नुकसान होगा। नतीजतन ट्रम्प के राष्ट्रपति पद को संभावित रूप से खतरा हो सकता है। अगर उन्होंने दोबारा जंग शुरू की, तो तेहरान खाड़ी के देशों को निशाना बनाकर जवाबी कार्रवाई करेगा। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी होगा। अमेरिका इस जंग में नहीं जीत रहा है। सोशल मीडिया पर दी गई धमकियों या सैन्य भाव-भंगिमाओं से यह हकीकत नहीं बदलेगी। वाशिंगटन को यह बात समझनी चाहिए और ईरान के साथ आपसी मांगों और रियायतों पर आधारित समझौता करना चाहिए। तभी वह दुनिया की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेलने से बच सकेगा।*

प्रसंगवश

## चुनाव खत्म होते ही क्यों शुरू हुई हिंसा

पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान और उसके बाद हिंसक घटनाओं का एक लंबा इतिहास रहा है।इस बार भी बंगाल मे पहले से ही इस बात की आशंका लगातार बनी हुई थी कि चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक खींचतान का असर नतीजों के बाद टकराव के तौर पर सामने आ सकता है। विडंबना यह है कि इस तरह की घटनाओं की निंदा तो सभी दल करते हैं, लेकिन उसे रोकने के लिए कुछ भी ऐसा नहीं किया जाता, ताकि हिंसा के हालात बनें ही नहीं।

गौरतलब है कि राज्य में इस बार विधानसभा के लिए हुए चुनावों के दौरान कोई बड़ी हिंसक घटना सामने नहीं आई, लेकिन नतीजे आने के बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा का सहारा लेने वाले असामाजिक तत्त्वों को रोकने के मद्देनजर एहतियातन कुछ भी नहीं किया गया। नतीजतन, बुधवार को राज्य में भाजपा के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के सहायक सहित पांच लोगों की हत्या की खबर आई। इसके अलावा, कई लोग घायल भी हुए। जैसी आशंका बनी हुई थी कि वैसा ही चुनाव नतीजों के बाद टकराव के तौर पर हिंसा की घटनाए सामने आने लगी है। ऐसी स्थितियों से निपटने में प्रशासनिक विफलता का ही यह नतीजा है कि राज्य में कई जगहों पर हिंसा और अराजकता के हालात पैदा हुए।

सवाल है कि आखिर किन वजहों से राज्य प्रशासन इस बात का आकलन करने में नाकाम रहा कि चुनावी नतीजों के बाद मुख्य राजनीतिक पक्षों के बीच का तनाव हिंसा में भी फूट सकता है। चुनाव के दौरान बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की वजह से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संभव हो सका, तो क्या ऐसा बाद में भी नहीं हो सकता था? राज्य के चुनावों में एक समय ऐसे तनाव और टकराव के पक्ष अलग थे, लेकिन वहां की सियासी तस्वीर में समय के साथ हुए बदलाव के बाद अब वहां के दो प्रतिद्वंद्वी दल मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं। करीब पंद्रह वर्ष बाद वहां तृणमूल कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने के बाद राज्य में कई जगहों पर सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद हिंसक झड़प और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं।

प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तोड़फोड़, आगजनी और उनके समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के घरों तक पर हमले की खबरें यह बताती हैं कि राजनीतिक दलों के बीच अपने विरोधियों के प्रति लोकतांत्रिक उदारता दिखाने की औपचारिकता भी खत्म होती जा रही है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाओं के दो सौ से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की गईं और करीब साढ़े चार सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। मगर जो काम पुलिस और प्रशासन ने स्थिति बेलगाम हो जाने के बाद किया, अगर पहले ऐसे कदम उठाए जाते, तो शायद कई जगहों पर हिंसा को रोका जा सकता था।

यह समझना मुश्किल है कि जो लोग नाहक या फिर प्रतिक्रिया के तौर पर हिंसक गतिविधियों का सहारा लेते हैं, वे आखिर क्या हासिल करना चाहते हैं। फिर आक्रामकता और अराजकता का सहारा लेकर ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि लोकतांत्रिक परंपराओं में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति चुनावी नतीजों का विश्लेषण करता है और परिपक्व तरीके से उस पर सभ्य प्रतिक्रिया देता है। अफसोस की बात यह है कि राजनीतिक दलों और उनके शीर्ष नेतृत्व की ओर से अपने समर्थकों को नियंत्रित रखने और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध या समर्थन जाहिर करने को लेकर शायद ही कभी कोई संदेश जारी किया जाता है। वहीं स्थानीय प्रशासन भी पूर्वसावधानी के तौर पर ऐसे ठोस कदम नहीं उठाता, जिससे अराजकता को शुरू होने से पहले रोका जा सके।



सियासत/समाज

### सामाजिक चेतना का केंद्र होने से पूर्व ज्ञान और आध्यात्मिकता की पवित्र भूमि था बंगाल

# पश्चिम बंगाल में परिवर्तन के साथ हुआ पुनर्जागरण



राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री, भारत

'हे नूतन, देखा दिक आर-बार, जन्मेरो प्रथम शुभोखोन' (हे नवीन, एक बार फिर से सामने आओ, ठीक उसी तरह जैसे जन्म के समय वह पहला शुभ क्षण आया था।)

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ केवल एक कविता का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि समय-समय पर स्वतः स्फूर्त और नवीन होने वाली बंगाल की आत्मा का आह्वान भी हैं। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर भली-भाँति इस तथ्य को समझते थे कि बंगाल समय के साथ केवल बदलता नहीं है, बल्कि वह बार-बार बेहतर और नए रूप में पल्लवित होता है। गुरुदेव की जयंती पर गायी जाने वाली यह कविता नवजागरण और नवचेतना की प्रतीक है। यह प्रार्थना पुरानी रूढ़ियों को तोड़कर, नए, उज्ज्वल और रचनात्मक विचारों के स्वागत का आह्वान भी है।

दरअसल, यह एक सुखद संयोग है कि गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 165वीं जयंती से कुछ दिन पहले ही, पश्चिम बंगाल कई दशकों के बाद एक बार फिर नवजागरण का साक्षी बना है। 4 मई को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई है। लेकिन भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह चुनाव सिर्फ एक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि इस महान भूमि के खोए हुए गौरव को पुनर्स्थापित करने का एक अवसर था।

आज जब पश्चिम बंगाल की चेतना और गौरव का अरुणोदय हो रहा है, तो हमें इस बात को समझने की आवश्यकता है कि बंगाल क्या है और बंगाल की चेतना का पुनर्जागरण किसे कहा जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है बंगाल की शताब्दियों पुरानी चेतना को समझना और जानना। बंगाल सामाजिक चेतना का केंद्र होने से पहले ज्ञान और आध्यात्मिकता की पवित्र भूमि था। 15वीं शताब्दी में नबद्वीप के गंगा तट पर एक युवा संन्यासी निमाई ने अपने कीर्तन के माध्यम से समाज को नई दिशा दी। उस युवा सन्यासी को आज हम आदि संत चैतन्य महाप्रभु के नाम से जानते हैं। चैतन्य महाप्रभु के द्वारा दिखाया गया भक्ति मार्ग आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता का अभियान भी था। चैतन्य महाप्रभु ने जात-पात और ऊंच-नीच के बंधनों को तोड़ा। उनके द्वारा प्रवाहित वैष्णव परंपरा ने समाज में करुणा, समावेशिता, समता और सद्भावना को बल दिया। यही चेतना बाउल परंपरा में भी दिखाई दी। बाउल परंपरा के फकीरों की पहचान जाति, धर्म या कोई ग्रंथ नहीं, बल्कि मानवता की भावना थी। बाउल परंपरा के सबसे महान प्रवर्तक लालन फकीर थे। वे किस संप्रदाय से थे, यह प्रश्न कभी महत्वपूर्ण नहीं रहा। उन्होंने हिंदु समाज में प्रचलित जाति व्यवस्था का भी विरोध किया तथा मुस्लिम समाज में होने वाले भेदभाव के खिलाफ भी आवाज उठायी। वे बंगाल की उस सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक थे, जिसमें सहिष्णुता और सह-अस्तित्व का भाव था।

विगत तीन शताब्दियों में, बंगाल और बंगाल के लोगों ने केवल भारत के सामाजिक नवजागरण आंदोलन में भाग ही नहीं लिया, बल्कि उसका नेतृत्व भी किया। जब समाज अपनी जड़ता, कुरीतियों और विकृत परंपराओं के बोझ तले दब चुका था, तब राजा राममोहन राय ने न तो परंपरा का समूल रूप से परित्याग किया और न ही तर्कशून्य तरीके से उसको उचित ठहराया। उन्होंने लोगों को आत्मबोध कराकर, समाज को भीतर से सुधारने का मार्ग चुना। सती प्रथा जैसी अमानवीय कुरीति के विरुद्ध उनका संघर्ष केवल समाज सुधार से जुड़ा आंदोलन नहीं था, बल्कि भारतीय आत्मा को पुनर्जीवित करने का एक तप था।

ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने इस कार्य को आगे बढ़ाया। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञान प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि मुक्ति का मंत्र बना दिया। उन्होंने शिक्षा को नारी शक्ति के उत्थान, सशक्तिकरण और मुक्ति का साधन बना दिया। बंगाल के ही बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 'वंदे मातरम्' जैसा अमर मंत्र राष्ट्र को दिया। वंदे मातरम् वह गीत था जिसने ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ने में हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को बल दिया और सदियों से सोये हुए देश को जगा दिया। यह गीत आज भी भारत की अंतर-आत्मा का स्वर है। बंगाल ने ही भारत की सबसे पहली महिला चिकित्सक डॉ. कादम्बिनी गांगुली जी को जन्म दिया, जिन्होंने सभी को, विशेषकर महिलाओं को, प्रेरित किया। बंगाल की ही धरती पर जन्मे, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।

संभवतः बंगाल की धरती ने जितनी भी विलक्षण प्रतिभाओं और महान लोगों को जन्म दिया, उनमें सबसे देदीप्यमान और प्रबुद्ध स्वामी विवेकानंद को कहा जा सकता है। शिकागो में दिया गया उनका भाषण इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने पूरे विश्व को वेदान्त और भारत के महान सभ्यतागत मूल्यों से परिचित कराया।

दुर्भाग्यवश, लंबे समय तक बंगाल के कुछ बुद्धिजीवियों और राजनीतिक वर्गों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को बोझ समझा और उसे हेय दृष्टि से देखा। सभ्यता, धर्म, संस्कृति और बंगाल की चेतना की बात करने वाले लोगों और उनकी आवाज को दबाया गय.ा। परंपरा को पिछड़ापन समझा। आधुनिकता के नाम पर औपनिवेशिक मानसिकता को बढ़ावा दिया। परिणामस्वरूप प.बंगाल ने दशकों तक विकासहीनता, अराजकता, संस्थागत पतन और वैचारिक जड़ता का दंश झेला।

बंगाल में हुआ यह चुनाव और परिवर्तन सिर्फ राजनीतिक सत्ता का हस्तांतरण नहीं हैं। बल्कि यह ऐसे लोगों के खिलाफ जनादेश भी है जिन्होंने बंगाल को उसके मूल से दूर किया। प्रधानमंत्री मोदी के लिए बंगाल का विधानसभा चुनाव सत्ता की लड़ाई नहीं थी, बल्कि पश्चिम बंगाल के गौरव और विरासत को पुनर्स्थापित करने का यज्ञ था।

बेलूर मठ से प्रधानमंत्री मोदी का आत्मिक जुड़ाव, स्वामी विवेकानंद के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा और सुशासन को 'सेवा' के रूप में देखने का उनका दृष्टिकोण — ये सभी इस बात के प्रमाण हैं कि 'प्रधान सेवक' बंगाल के विकास और पुनर्जागरण को एक पावन दायित्व मानते हैं, जिसे वे अपने 'प्रधान धर्म' और 'प्रधान कर्म' के रूप में निभा रहे हैं। इसलिए बंगाल के विकास और पुनर्निर्माण का अर्थ कई दशकों से उपेक्षित और जीर्ण-शीर्ण हो चुके इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण तो है ही, साथ ही इसका अर्थ उन घाटों को पुनर्जीवित करना भी है जहाँ चैतन्य महाप्रभु के कीर्तन ने लोगों को भाव-विभोर किया था। इसका अर्थ उन शैक्षणिक संस्थानों को सशक्त करना भी है जिनका स्वप्न ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने देखा था। इसका अर्थ उन आदिवासी भाइयों-बहनों को गरिमा, सम्मान और अवसर देना भी है जो सदियों से बंगाल में रहते आए हैं। इसका अर्थ लंबे समय से उपेक्षा झेल रहे पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना भी है।

पिछले कुछ दशकों में भय और कुशासन के कारण ऐसा प्रतीत होने लगा था मानो पश्चिम बंगाल का स्वर्णिम युग बीत चुका हो। किंतु आज बंगाल एक बार फिर नए आत्मविश्वास और नई ऊर्जा के साथ समृद्धि एवं शांति से भरे नए युग में प्रवेश कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन के साथ बनने वाली पहली भाजपा सरकार गुरुदेव के द्वारा वर्णित 'नूतन' भावना के साथ सेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़ेगी और बंगाल की प्रतिष्ठा और समृद्धि के साथ बंगाल का सांस्कृतिक गौरव बढ़ाने के लिए कार्य करेगी।

फूड रेटिंग

# दाल चावल को मिले 10 अंक तो छोले भटूरे को सिर्फ 05

**"पाव भाजी से लेकर छोले भठूरे तक, न्यूट्रिशनिस्ट ने भारतीय खाने को गुणवत्ता के आधार पर दी रेटिंग**

● नमामि अग्रवाल , न्यूट्रिशनिस्ट ●

आजकल वजन घटाने और 'क्लीन ईटिंग' की बातों में भारतीय खाने को काफी जज किया जाता है। लोग कहते हैं कि इसमें बहुत तेल होता है, यह भारी होता है या फिर इसमें कार्ब्स ज्यादा होते हैं। लेकिन सच कहें तो पारंपरिक भारतीय खाना कभी असली समस्या था ही नहीं।असल बात खाने की मात्रा, उसे बनाने के तरीके और कितनी बार खाया जा रहा है, इस पर निर्भर करती है। न्यूट्रिशनिस्ट की एक पेनल ने लोकप्रिय भारतीय व्यंजनों को 'नो बायस, ओनली साइंस' के आधार पर रेट किया। उनका मकसद किसी खाने को बुरा बताना नहीं था, बल्कि लोगों को उसके बारे में सही जानकारी देना था।

### छोले भटूरे - 5/10



उन्होंने इसे 'दिल खुश कर देने वाला खाना' कहा, जो काफी हद तक सही भी है। लेकिन समस्या भटूरे में है, क्योंकि यह मैदे से बनते हैं और डीप फ्राई किए जाते हैं। उनका सुझाव था कि घर पर रागी, ज्वार या गेहूं के आटे से भटूरे बनाएं और साथ में सलाद खाएं, ताकि खाना थोड़ा संतुलित हो सके।

### दाल चावल - 10/10

दाल-चावल को उन्होंने पूरे नंबर दिए। उनके अनुसार यह एक साधारण, संतुलित और रोज खाने के लिए बेहतरीन भोजन है। दाल से प्रोटीन मिलता है और चावल शरीर को ऊर्जा देता है। दोनों मिलकर एक पूरा और संतुलित भोजन बनाते हैं।

### पानी पुरी - 8/10

इस स्कोर ने कई लोगों को हैरान किया। लेकिन उनकी बात समझ में आती है। पानी पुरी में चना और आलू की फिलिंग होती है, जबकि पानी में पाचन के लिए अच्छे मसाले डाले जाते हैं। हालांकि, इसकी सही मात्रा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि '4 से 5 पानी पुरी तक खाना ठीक रहता है।'

### इडली सांभर - 10/10

इडली-सांभर हल्का, फर्मेंटेड और पेट के लिए अच्छा माना जाता है। फर्मेंटेशन की वजह से इडली गट हेल्थ के लिए फायदेमंद होती है, जबकि सांभर और चटनी से फाइबर और प्रोटीन मिलता है। कुल मिलाकर यह एक बेहतरीन नाश्ता है।

### पाव भाजी - 4/10

हालांकि इसमें सब्जियां होती हैं, लेकिन ज्यादा मक्खन और मैदे वाले पाव इसकी न्यूट्रिशन वैल्यू कम कर देते हैं। इसमें प्रोटीन भी पर्याप्त मात्रा में नहीं होता। उनका कहना था कि इसे कभी-कभार खाना ठीक है, लेकिन रोज-रोज नहीं।

### जलेबी - 3/10

जलेबी को कम नंबर मिले क्योंकि यह मुख्य रूप से मैदा और चीनी से बनती है, जिससे ब्लड शुगर तेजी से बढ़ सकता है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि कम स्कोर का मतलब यह नहीं कि आप इसे कभी खा ही नहीं सकते। बस इसे सीमित मात्रा में खाना जरूरी है।उनका सबसे बड़ा संदेश काफी साफ था, 'भारतीय खाना कभी अनहेल्दी नहीं था। असली समस्या जरूरत से ज्यादा खाना और असंतुलित खानपान है।' लेकिन भावनात्मक रूप से यह बात लोगों के दिल से भी जुड़ी हुई है। भारतीय खाना सिर्फ स्वाद नहीं, बल्कि अपनापन, देखभाल और परिवार की भावनाओं से भी जुड़ा होता है।

उपभोक्ता के अधिकार

# पजेशन के बाद भी दिखे कमी तो कर सकते हैं शिकायत

**"उपभोक्ता को बिल्डर की ओर से सेवाओं में कमी के खिलाफ शिकायत करने व मुआवजा मांगने का अधिकार है। खासकर, फ्लैट या मकान का बैनामा व कब्जा मिलने के बाद भी ऐसी कमी आये तो वह उपभोक्ता अदालत की शरण ले सकता है। दिल्ली राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक मामले में यह फैसला सुनाया है।**

● श्रीगोपाल नारसन ●

प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में कई तरह की सेवा में कमी के मामले सामने आते हैं। जिन्हें लेकर उपभोक्ता अदालतों की शरण लेता है। दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले को निरस्त कर परिवाद की पुनः सुनवाई के लिए जिला आयोग को निर्देशित किया है। जिला आयोग ने परिवादी महिला की शिकायत को सिर्फ इसलिए निरस्त कर दिया था कि केस फाइल करते समय वह उपभोक्ता नहीं थी। इस मामले में राज्य उपभोक्ता आयोग ने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को बिल्डर या डेवलपर की ओर से सेवाओं में कमी के लिए मुआवजा मांगने और उसके लिए क्लेम करने का अधिकार है।

### 'पजेशन के बाद भी मुआवजे का हक'





दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कहा, 'प्रॉपर्टी का कब्जा मिलने के बाद भी सेवाओं में कमी को लेकर मुआवजा मांगा जा सकता है।' राज्य उपभोक्ता आयोग ने पीड़ित महिला की अपील मंजूर कर जिला उपभोक्ता आयोग के दिए गए फैसले को निरस्त कर दिया।

**यह था मामला :** सन 1996 में परिवादी के पति के नाम पर एक फ्लैट आवंटित किया गया था, लेकिन पति के निधन के बाद उन्हें फ्लैट का पजेशन पाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। सन 2019 में जब कब्जा मिला तो फ्लैट जर्जर हो चुका था। रेनोवेशन पर उन्हें काफी खर्च करना पड़ा। इसकी भरपाई के लिए उन्होंने उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर कर 20 लाख रुपये मुआवजा मांगा।

### फ्लैट के कब्जे में देरी सेवा में कमी

इसी प्रकार के अन्य मामले में फ्लैट का कब्जा न मिलने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग हरिद्वार ने एक हाउसिंग डेवलपमेंट प्रा. लि. और उसके निदेशकों को उपभोक्ता को छह लाख रुपये से अधिक की जमा धनराशि ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं। आयोग ने फ्लैट निर्माण में अत्यधिक देरी और सेवा में कमी को गंभीर मानते हुए कंपनी पर हर्जाना भी लगाया है। परिवादी के अनुसार कंपनी ने तीन वर्ष के भीतर यानी वर्ष 2017 तक फ्लैट का निर्माण पूरा कर कब्जा देने का वादा किया था लेकिन तय समय बीतने के बावजूद फ्लैट तैयार नहीं हुआ। परिवादी ने कंपनी को कानूनी नोटिस भेजकर धनवापसी की मांग की, लेकिन समाधान न होने पर आयोग की शरण ली। आयोग ने जांच में पाया कि जमा धनराशि से संबंधित रसीदें जारी की गई थीं। आयोग की पीठ ने कंपनी को निर्देश दिया कि वे 45 दिनों के भीतर परिवादी को जमा की गई पूरी राशि सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित लौटाएं। इसके अतिरिक्त मानसिक पीड़ा के लिए एक लाख रुपये तथा वाद व्यय के 25 हजार रुपये अदा किए जाएं।

**समय पर पजेशन न देने पर हर्जाना :** इसी तरह का एक मामला जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-प्रथम में आया था जिसमें आयोग के अध्यक्ष डॉ. सूबे सिंह यादव व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने माना कि करीब 90 प्रतिशत राशि लेने के बाद भी तय समय में फ्लैट का कब्जा नहीं देना अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस है। बिल्डर्स और रियल एस्टेट कंपनी पर 1.25 लाख रुपए हर्जाना लगाया। आयोग ने प्रतिवादी को निर्देश दिया कि वह परिवादी की ओर से जमा करवाई गई राशि 21.96 लाख रुपए उसे 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करे।

बदलता सिनेमा


**"सिनेमा में 'ए' सर्टिफिकेट का नाम आते ही परिवार के साथ देखने योग्य नहीं माना जाता था। इन फिल्मों को देखने के लिए छुपकर सिनेमाघर जाते थे। आज वही फिल्में खुले तौर पर देखी जा रही हैं व बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बना रही हैं। यह बदलाव सिनेमा का नहीं, बल्कि दर्शकों की मानसिकता में आए परिवर्तन का भी संकेत है।**

# दमदार कहानी हो तो 'ए' सर्टिफिकेट फिल्में भी हो रही हिट

● हेमंत पाल ●

फिल्म जगत में लंबे समय तक 'ए' श्रेणी की फिल्मों को लेकर अलग ही धारणा बनी रही। इन्हें मुख्यधारा से अलग और विवादास्पद माना जाता था। 'ए' सर्टिफिकेट का मतलब अश्लीलता, हिंसा या अस्वीकार्य विषयों से लगाया जाता था। इन फिल्मों का दर्शक वर्ग सीमित रह जाता था।फिल्मों में रुचि रखने वाले इसे सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं करते थे। सिनेमाघरों में इन फिल्मों के शो कम होते थे और कमाई सीमित रहती थी। किंतु, यह तस्वीर धीरे-धीरे बदलने लगी। समाज के बदलते स्वरूप, डिजिटल युग और वैश्विक कंटेंट की पहुंच ने दर्शकों की सोच व्यापक बनायी। अब 'ए' सर्टिफिकेट फिल्मों ने अपनी नई पहचान बनानी शुरू की है ।

सत्तर , अस्सी के दशक में 'ए' रेटिंग फिल्मों को समाज हेय मानता था। राज कपूर की 'सत्यम शिवम सुंदरम' जैसी फिल्मों ने जब कलात्मकता और वयस्क सामग्री के बीच की रेखा छुई, तो विवाद हुए। हालांकि, नब्बे के दशक के उत्तरार्ध व नई सहस्राब्दी की शुरुआत में 'मर्डर' व 'जिस्म' जैसी फिल्मों ने वयस्क श्रेणी में भी व्यावसायिक संभावनाओं के द्वार खोले। फिर भी, वे फिल्में छोटे दायरे में सिमटी थीं। लेकिन, सूचना तकनीक के विस्तार और वैश्विक सिनेमा तक पहुंच ने भारतीय दर्शकों की परिपक्वता बढ़ायी, जिसका असर बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों पर दिखता है। इस बदलाव की महत्वपूर्ण कड़ी 'उड़ता पंजाब' साबित हुई। 'ए' सर्टिफिकेट के बावजूद फिल्म को सराहना और सफलता दोनों मिलीं। धीरे-धीरे बड़े सितारों ने भी इस दिशा में कदम बढ़ाया। मसलन, 'कबीर सिंह' फिल्म अपने किरदारों की जटिलता और विवादास्पद व्यवहार के कारण चर्चा में रही। इसके बावजूद दर्शकों ने इसे स्वीकार किया। इस फिल्म की सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर कहानी में दम हो,तो 'ए' सर्टिफिकेट अब दर्शकों को सिनेमाघरों तक आने से नहीं रोकता। यह बदलाव अपने चरम पर तब पहुंचा, जब 'एनिमल' जैसी फिल्में सामने आईं। इस फिल्म ने हिंसा, मनोवैज्ञानिक जटिलता और रिश्तों के अंधेरे पहलुओं को तीव्र और अनगढ़ रूप में प्रस्तुत किया। आलोचना के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद सफल रही। यह संकेत था, दर्शक जोखिम लेने वाले सिनेमा को भी स्वीकार रहा है।



### बदलती अवधारणा व दर्शकों की सोच

'धुरंधर 2' जैसी फिल्मों ने तो इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया कि 'ए' सर्टिफिकेट फिल्में केवल सीमित कमाई कर सकती हैं। ऐसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड बनाए और यह दिखाया कि यदि कंटेंट मजबूत हो, तो दर्शक हर तरह की फिल्म को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, यह बदलाव अचानक नहीं आया। पहले ही 'सत्या' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी फिल्मों ने संकेत दे दिया था कि दर्शक मजबूत कहानी और यथार्थवादी प्रस्तुति पसंद करते हैं, भले वह 'ए' सर्टिफिकेट के साथ क्यों न आए। वहीं दर्शक अब 'ए' सर्टिफिकेट को नकारात्मक नजरिए से नहीं देखते। खुलकर सिनेमाघरों में जाकर इन्हें देखते हैं व चर्चा करते हैं। अब फिल्म की सफलता सर्टिफिकेट से नहीं, उसकी कहानी, प्रस्तुति और भावनात्मक प्रभाव से तय होती है। ऐसे में 'ए' श्रेणी की फिल्में सिनेमा को एक नई दिशा दे रही हैं, जहां सीमाएं टूट रही हैं और कहानियां अपने सबसे सच्चे रूप में सामने आ रही हैं।

### विवादास्पद विषयों पर भी 'ए' फिल्में

इस क्रम में 'द केरल स्टोरी' और 'द कश्मीर फाइल्स' जैसी फिल्मों ने यह साबित किया कि संवेदनशील और विवादास्पद विषय भी दर्शकों को आकर्षित करते हैं। इसलिए 'ए' फिल्में अब आत्मविश्वास के साथ बनाई जा रही हैं। 'ओएमजी 2' इस बदलाव का सकारात्मक उदाहरण है। यह फिल्म न अत्यधिक हिंसक थी और न पारंपरिक अर्थों में 'बोल्ड', लेकिन विषय की संवेदनशीलता के कारण 'ए' सर्टिफिकेट मिला। इसके बावजूद दर्शकों में अच्छी पकड़ बनाई और सफल रही।







# आठ लाख की आबादी को इसी माह मिल सकता है नया अस्पताल भवन

### दो साल तक करना पड़ा लंबा इंतजार विधायक से मिली समिति, सीएम से समय मांगा





**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर सहित आस पास की 8 लाख आबादी के लिए यह अच्छी खबर है कि 10 करोड़ की लागत से बने नए अस्पताल भवन की सौगात इसी माह मिल सकती है। इस तरह का संकेत विधायक रामेश्वर शर्मा से मिले रोगी कल्याण समिति के सदस्य एवं आरएसएस उपनगर प्रमुख बसंत चेलानी, हरीश चेलानी के अलावा अस्पताल अधीक्षक डॉ. जेके जैन ने दिए। इसके लिए मुख्यमंत्री से समय मांगा गया है, जैसे ही सीएम आफिस से हरी झंडी मिलती है, अस्पताल भवन को भी हरी झंडी दिखा दी जाएगी। इधर रोगी कल्याण समिति के दोनो सदस्यों एवं अस्पताल अधीक्षक ने विधायक से अस्पताल के नए भवन में जिन 105 पलंगों की व्यवस्था की गई है, उसमें और वृद्धि करने की आवश्यकता बताई। यहां प्रतिदिन एक हजार से अधिक ओपीडी हो रही है। इसके अलावा प्रसूति के लिए यहां आने वाले महिलाओं की संख्या राजधानी के अन्य अस्पताल की तुलना में अधिक है।

### लक्ष्य से पिछड़ा नया भवन

अगर अस्पताल के नए भवन पर एक नजर डाली जाए तो पता चलता है इसका भूमिपूजन तत्कालीन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रभुराम चौधरी ने स्थानीय विधायक रामेश्वर शर्मा के साथ 22 फरवरी 2022 को किया था और उस समय यह घोषणा की गई थी कि 31 मार्च 2023 तक हर हालत में भवन बनकर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा, लेकिन मई 2026 आ चुका है और आज भी इसको उदघाटन का बेसब्री से इंतजार है। हालांकि इसका 100 फीसदी काम पूरा कर लिया गया है, जिसे भी 6 माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन कतिपय औपचारिकताओं को पूरा करने एवं सीएम से समय लेने में देरी के कारण इसका उद्घाटन आज तक रूका हुआ है। वैसे विधायक रामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में 11 जुलाई 2025 को हुई रोगी कल्याण समिति की बैठक जिसमें सीएमएचओ मनीष शर्मा, एसडीएम रविशंकर राय सहित अन्य अधिकारी व रोगी कल्याण समिति के सदस्य मौजूद थे, के बाद विधायक ने पत्रकारों को बताया था कि 31 अगस्त 2025 तक लोकार्पण कर दिया जाएगा, पर वह भी नहीं हो सका। रोगी कल्याण समिति की बैठक में खुद विधायक रामेश्वर शर्मा ने यह जानकारी दी थी कि जेपी से भी अधिक डिलीवरी के केस संत हिरदाराम नगर सिविल अस्पताल में आते हैं। राजधानी में तीन सिविल अस्पताल हैं एक काटजू दूसरा गोविंदराम का सिविल अस्पताल और तीसरा संत हिरदाराम नगर का और इस अस्पताल पर लगभग 8 लाख आबादी का बोझ है जिसमें मुख्य रूप से फंदा तक शामिल ग्रामीण इलाका, गांधीनगर, जेल रोड एवं समूचा संत हिरदाराम नगर उस हिसाब से अस्पताल में सुविधाओं का अभाव है और सभी की नजरें अब नए अस्पताल भवन पर टिकी हैं। जहां तक 10 करोड़ की लागत से बन रहे नए अस्पताल भवन का सवाल है, तो उसमें चिकित्सा विभाग की तरफ से 105 पलंग की स्वीकृति हैं, लेकिन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसमें 200 पलंगों का प्रावधान किया गया है।

**डॉक्टरों की संख्या कम** हालांकि अस्पताल के लिए 105 पलंगों की व्यवस्था है और इसमें इजाफा करते हुए 200 किए जाने का विचार है लेकिन उस अनुपात में चिकित्सा सुविधाएं एवं डॉक्टर नहीं हैं। यहां केवल 18 डॉक्टर हैं और स्त्री रोग विशेषज्ञ की सालों से कमी है, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ थी वह 31 दिसंबर 25 को सेवानिवृत्त हो गई, जिसके बाद तीन की जगह केवल दो ही स्त्री रोग विशेषज्ञ रह गई हैं। रेडियोलाजिस्ट का पद निर्मित किया जाना है, वर्तमान में उसकी सेवाएं बाहर से ली जा रही हैं। इसी तरह मेडीकल आफीसर कम से कम 10 होना चाहिए, 8 पद स्वीकृत हैं परंतु केवल 6 ही पदस्थ हैं। बेहोशी का डॉक्टर नहीं होने से वेंटीलेटर सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रही हैं। नाक, कान गला विशेषज्ञ का भी अभाव है। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी सप्ताह में केवल दो दिन है शुक्रवार और मंगलवार जबकि वह सातों दिन होना चाहिए। अस्पताल की एंबुलेंस जर्जर है। रात के समय स्त्री रोग विशेषज्ञ सख्त जरूरी होती है, उसके लिए अस्पताल परिसर में ही आवास की व्यवस्था भी आवश्यक है, क्योंकि रात के समय डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नए अस्पताल में अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर माड्यूलर किचन, डॉक्टरों के अलग-अलग बैठने की व्यवस्था आदि का समावेश तो किया गया है, साथ ही आलीशान पार्किंग व्यवस्था भी है, लेकिन प्रतिदिन लगभग 1500 की ओपीडी के हिसाब से चिकित्सा सुविधाओं की काफी कमी है, ओर जनता चाहती है कि नए अस्पताल भवन के उद्घाटन के साथ चिकित्सा सुविधाओं पर भी विशेष जोर दिया जाए। फिलहाल सभी को इसके लोकार्पण का इंतजार है।

# नेत्र चिकित्सालय के 40 वर्ष पूर्ण होने पर 105 दृष्टि मित्र सम्मानित

### निःस्वार्थ सेवा की ताकत खुशियों से भर देती है: कान लखानी



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** स्वामी हिरदाराम जी द्वारा अपने जीवनकाल में स्थापित की गई अग्रणी सेवा चिकित्सा संस्था सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने 40 साल सफर पूरा किया है। इसके लिए गांधीनगर के समीप आसाराम चौराहे पर नवीन भवन में एक दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें 40 वर्ष के दौरान सेवाएं देने वाले 105 दृष्टि मित्रों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर हांगकांग से आए प्रसिद्ध समाज सेवी कान लखानी ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा जीवन को खुशियों से भर देती है, वहीं संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि सेवा का प्रतिफल अधिक सेवा होता है। इस दौरान भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम, हरदा, आगर मालवा, शाजापुर, देवास, राजगढ़, छिंदवाड़ा और बैतूल जिलों के 105 दृष्टि मित्रों को शॉल श्रीफल और प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हांगकांग के दानदाता दादा कान.एच. लखानी ने कहा कि सेवा में वह ताकत होती है कि जीवन खुशियों से भर जाता है। जब आप गरीब को खुश होते देखेंगे तो आपकी आत्मा भी खुश हो जाएगी। दादा लखानी ने कहा कि उनकी मां ने ही उनको सेवा का रास्ता दिखाया था। जरूरतमंदों को विद्यादान और जीवनदान से मनुष्य का जीवन सफल होता है। दादा के पुत्र सुनील लखानी ने कहा कि वे अपने परिवार की सेवा की परंपरा को हमेशा जारी रखेंगे। सेवा का बहुत बड़ा क्षेत्र है। दादा के दूसरे पुत्र राजा लखानी ने कहा कि यह टीमवर्क है, हम लोगों को साथ मिलकर सेवा के बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयत्न करने होंगे। कार्यक्रम ट्रस्टी महेश दयारामानी, हीरो ज्ञानचंदानी, एसी साधवानी, तुलसी आडवानी, भगवान दामानी, राजकुमार मूलचंदानी, समाज सेवी भगवान बाबानी, केएल लोहाना, थावरदास वरलानी और हीरो केसवानी, अस्पताल निदेशक कुशल धर्मानी, प्रशासक अनुषा तिवारी, कार्यक्रम प्रबंधक मनोज धवाड़िया उपस्थित थे।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आज

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मंच देने की मंशा से शनिवार स्थानीय दशहरा मैदान में औबेदुल्लागंज प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा। टूर्नामेंट में नगर सहित आसपास की सोलह टीमें भाग लेंगीं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच शनिवार शाम सात बजे से शुरू होगा। स्पर्धा के शुभारंभ पर जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहेंगे।


**जाहिर सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मो. सलमान खान, पिता श्री मो. हामिद खान, आयु वयस्क, निवासी बी-64, बाग फरहत अफजा, नया ओकाफ बस्ती, भोपाल (म.प्र.) ने निम्नलिखित संपत्ति क्रय करने हेतु विक्रेता श्री मो. आकिब अंसारी, पिता श्री मो. जफर अंसारी, निवासी 10, पी.जी.बी.टी. कॉलेज, कृष्णा कॉलोनी, मिलिट्री रोड, भोपाल (म.प्र.) से विधिवत अनुबंध निष्पादित किया है तथा टोकन राशि का भुगतान कर दिया है।
**संपत्ति का विवरण:-** एक किता भूखण्ड क्रमांक 12, स्थित ग्राम ईंटखेड़ी सड़क, पटवारी हल्का नंबर 19, राजस्व निरीक्षक मंडल 01, विकासखंड फंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित, जिसका कुल क्षेत्रफल 4475 वर्गफुट (लगभग 415.89 वर्गमीटर) है। उक्त भूमि खसरा क्रमांक 196/2/1/1 (एस) का अंश भाग में सम्मिलित है।
**चतुर्दिक सीमाएं :** पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 13, पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक 11, उत्तर में-अन्य की भूमि, दक्षिण में-30 फीट चौड़ा रास्ता।
उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्धशासकीय निकाय का कोई दावा, आपत्ति, बंधक, ऋण, विक्रय अनुबंध, दान, वसीयत या किसी प्रकार का अधिकार/हित हो, तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन से 10 (दस) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा, निर्धारित अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित कराएंगे तथा भविष्य में प्राप्त किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति शून्य एवं अमान्य मानी जाएगी।
दिनांक : 07/05/2026, स्थान : भोपाल
भवदीय **शेख मुनीर** (एडवोकेट)
कार्यालय पता : ऑफिस A, शालीमार फाउंटेन कॉम्प्लेक्स, थाना कोहेफिज़ा के पास, भोपाल, 462001
मोबाइल : 9407559017



**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. 6626080001 आवेदन क्रमांक-12010, आवेदन दिनांक-07/05/2026
क्रमांक 2009/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 08/05/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की रक्षा विहार योजना भूखण्ड क्रमांक 01A सेक्टर-सी श्रीमती राजकुमारी परमार पत्नी श्री सतपाल सिंह परमार एवं श्री अनिरुद्ध सिंह आत्मज श्री कंवर सिंह के संयुक्त नाम पर आवंटित है। संयुक्त आवंटी में से श्रीमती राजकुमारी परमार का स्वर्गवास दिनांकः 04/10/2023 को हो जाने के कारण एवं उनके द्वारा उक्त भूखण्ड में अपने हिस्से की बसीयत श्री अनिरुद्ध सिंह के पक्ष में कर बसीयत नामा दिनांक 12/08/2008 को पंजीकृत कराया गया। पंजीकृत बसीयत नामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर संयुक्त आवंटी श्री अनिरुद्ध सिंह द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, वसीयत सहमति/शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त सम्पूर्ण भूखंड का नामांतरण अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है।
उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल


### 108 जननी सेवा अनुपयोगी, निजी वाहन बने सहारा

**जागरण, नजीराबाद।** सरकार की महत्वाकांक्षी डायल 108 जननी सेवा नजीराबाद-बैरसिया क्षेत्र में बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। ताजा मामला प्रसूता मनीषा बाई निवासी भुजपुरा कला का है। मनीषा प्रसव के लिए शासकीय अस्पताल नजीराबाद आई, उसकी जांच कर तत्काल भोपाल रेफर करने डायल 108 कॉल सेंटर पर फोन किया। यहां से गाड़ी उपलब्ध नहीं होने की बात कही। काफी देर बाद बैरसिया डायल 108 को भेजा गया। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह योजना मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए संजीवनी साबित होनी चाहिए थी, लेकिन वर्तमान में यह केवल कागजों और किलोमीटर पूरा करने तक सीमित होकर रह गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि डायल 108 जननी सेवा की जांच कर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## SUDOKU 30

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 7 | | 8 | 9 | | |
| | | 2 | 6 | | 3 | 1 | | |
| | 3 | | | 1 | | | 8 | |
| | 1 | | | 4 | | | 9 | |
| 5 | | | | | | | | 8 |
| | 4 | | | 5 | | | 2 | |
| | 2 | | | 7 | | | 3 | |
| | | 3 | 2 | | 9 | 5 | | |
| | | 1 | 3 | | 4 | 8 | | |

## SOLUTIONS 29

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 9 | 6 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 6 |
| 6 | 8 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 5 | 1 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 2 | 1 | 9 | 6 | 3 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन सामान्य लेकिन संभलकर चलने का संकेत दे रहा है। नई प्रॉपर्टी लेने का विचार बन सकता है और लाइफस्टाइल को बेहतर बनाने की कोशिश भी करेंगे।

**वृषभ :** आज धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। हर बात में बोलने से बचें, वरना उलझन बढ़ सकती है। अनावश्यक विवाद से बचें।

**मिथुन :** आज जल्दबाजी आपको मुश्किल में डाल सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। नया वाहन लेने का मन बन सकता है।

**कर्क :** आज किस्मत आपका पूरा साथ दे रही है। जिस काम में हाथ डालेंगे, सफलता मिलने के पूरे योग हैं। जीवनसाथी को तरक्की की खबर मिल सकती है। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** आज मन में पैसों को लेकर चिंता रह सकती है। परिवार में शादी-ब्याह की खुशखबरी माहौल को खुशनुमा बनाएगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छा मौका मिल सकता है।

**कन्या :** आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा और कुछ कामों में अड़चनें आ सकती हैं। सेहत में उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है।

**तुला :** आज का दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। नए लोगों से पहचान बढ़ेगी, लेकिन सतर्क रहें क्योंकि हर कोई आपका शुभचिंतक नहीं होगा। उधार लेने से बचें। वाणी पर संयम रखें।

**वृश्चिक :** आज धन लाभ के अच्छे संकेत हैं और आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। रुके हुए काम पूरे करने में आप सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** आज उन्नति के रास्ते खुल रहे हैं। पुराने दोस्त से मुलाकात आपको खुशी देगी। जीवनसाथी के साथ घूमने का प्लान बन सकता है।

**मकर :** आज आप अपने जरूरी कामों में व्यस्त रहेंगे। किसी दोस्त से खुशखबरी मिल सकती है। व्यापार में आर्थिक उन्नति मिल सकती है।

**कुंभ :** आज का दिन खासकर राजनीति से जुड़े लोगों के लिए शानदार रहेगा। आपकी पहचान और प्रभाव बढ़ेगा। क्रोध में वृद्धि हो सकती है।

**मीन :** आज कुछ रुकावटें आपके काम की रफ्तार को धीमा कर सकती हैं। फैसले सोच-समझकर लें और दिखावे से दूर रहें। सेहत का ध्यान रखें, पुरानी परेशानी उभर सकती है।

**आज का पंचांग:** 09 मई शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पूर्व दिशा में रहेगा। **विशेष :** महापंचक (रात्रि 11:25 बजे से प्रारंभ 14 मई को रात्रि 10:34 बजे पर समाप्त)। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की सप्तमी 14 घंटे 04 मिनट तक, तत्पश्चात अष्टमी श्रवण नक्षत्र 23 घंटे 25 मिनट तक, तत्पश्चात धनिष्ठा नक्षत्र शुक्ल योग 26 घंटे 36 मिनट तक, तत्पश्चात ब्रह्म योग, मकर में चंद्रमा।

# छुट्टियों में स्कूली विद्यार्थी सीख रहे पाक कला



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में बाल अभिव्यक्ति शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अलग-अलग एक्टिविटी में भाग लेकर लाभांवित हो रहे हैं। विद्यालय पीआरओ दीपा आहूजा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक योगा, खेलकूद, मर्शाल आर्ट का प्रशिक्षण 8 से 11 तक चित्रकला, मेंहदी, कंप्यूटर, कुकिग लड़के एवं लड़कियों के लिए पृथक-पृथक, कैलीग्राफी, हस्त लेखन, संगीत, नृत्यकला, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सेल्फ ब्यूटिशियन, अंग्रेजी स्पोकन तथा अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा हैं। 11 से 12 बजे तक पुस्तकालय सुविधा भी प्रदान की जा रही हैं। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के स्वल्पाहार की प्रतिदिन व्यवस्था की जा रही हैं। यहां लड़कों को भी भोजन बनाने की कला सिखाई जा रही है। इस मौके पर सुधार सभा के महासचिव केएल रामनानी ने शिविर की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से यहां बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर ढेर सारी कलाओं को सीख रहे हैं, वे भविष्य में उनके लिए काफी मददगार सिद्ध होगी। प्रातःकालीन योगा एवं खेलकूद से बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिलता हैं। साथ ही नई-नई कला को सीख कर हर बालक अपने आप को निखार सकता है इस दौरान प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है जिसमें विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन कर सम्मान को प्राप्त करते है एवं अपने साथ नई प्रतिभा को सीख अपनी रोजमर्रा में उस कला का उपयोग करते है यहा कुकिंग में कई लड़के खाना बनना सीखते हैं। जिससे वे शहर के बाहर पढ़ने या जॉब करने जाते हैं तो उन्हें भोजन की समस्या से जूझना न पड़े। उपाध्यक्ष एवं समाज सेवी एसी साधवानी ने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व निखरता है तथा विद्यार्थी अपनी कला को अपनी आय का साधन भी बना सकते हैं।

# पत्नी बनाने की जिद में किशोरी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, मंडीदीप।** नगर के प्रेमनगर क्षेत्र में 17 वर्षीय युवती की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को घटना के महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी युवती को



अपनी दूसरी पत्नी बनाकर रखना चाहता था। युवती ने जब इसका विरोध किया, तो उसने गुस्से में आकर धारदार कटर से हमला कर उसकी जान ले ली। पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर 12.30 बजे प्रेमनगर इलाके में यह सनसनीखेज वारदात हुई। आरोपी मनोज अहिरवार युवती के घर पहुंचा और उससे बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने अपने पास मौजूद कटर से युवती पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां भी घायल हो गईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में विशेष टीम गठित की। एएसपी कमलेश कुमार खरपूसे, एसडीओपी शीला सुराणा और थाना प्रभारी रंजीत सराठे के नेतृत्व में कई टीमों ने लगातार दबिश दी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी मनोज अहिरवार (26), निवासी भैरोपुर अहमदपुर, जिला सीहोर को गिरफ्तार कर लिया।


**जाहिर सूचना**
(भवन कमांक-3 स्थित टी-25 के पास टी वार्ड, सैनिक कालोनी, बैरागढ़, भोपाल बाबत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री आरती सोनी पत्नी श्री गोपाल सोनी, निवासी-सी-107, इन्द्रविहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड, भोपाल (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के एक किता दो मंजिला व्यवसायिक उपयोग का भवन कमांक-3 जिसके प्लाट का कुल क्षेत्रफल 412.50 वर्गफिट अर्थात 38.33 वर्गमीटर है,, जो कि टी-25 के पास तथा क्वाटर कमांक-1 के पश्चिम दिशा में स्थित मकान (दक्षिणी भाग) का अंशभाग है, जो कि टी वार्ड, सैनिक कालोनी, ग्राम लाऊखेड़ी, बैरागढ़ (मुख्य मार्ग से हटकर) तहसील हुजूर, वार्ड कमांक-5, जिला भोपाल में स्थित है, को कय करने का आशय रखते हुए टोकन राशि का भुगतान कर दिया है ।
यह कि उक्त विकय की जा रही संपत्ति की चर्तुसीमाएं निम्नानुसार हैं :- पूर्व में - मंगतानी परिवार की संपत्ति, पश्चिम में - श्रीमती यशिका मोटवानी की संपत्ति, उत्तर में - जीवनानी परिवार की संपत्ति, एवं दक्षिण में - कालोनी रोड है ।
यह कि उक्त संपत्ति के उक्त संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मय दस्तावेज/साक्ष्य के मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । समयावधि के पश्चात् अथवा दस्तावेज/साक्ष्य के अभाव में कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के विकय-पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।
भवदीय-अखिलेश चेलानी एडवोकेट
कार्यालय - एम.ए.एन. एसोसिएट्स, बी न्यू-8/94, बैंक आफ बड़ौदा के सामने, बैरागढ़, भोपाल मो.-9826329818/9826342961



**-: आम सूचना :-**

मै अपने पक्षकार श्री राजेन्द्र सिंह दांगी आत्मज श्री भिकम सिंह निवासी ग्राम गरेठिया दांगी, तहसील बैरसिया जिला हुजूर भोपाल मोबा न. 9755035364 के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्री नवल किशोर आत्मज स्व. श्री मांगीलाल निवासी - म.न. 89, कृष्णा नगर बरखेडा, पठानी, भोपाल म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो खसरा कमांक 306/2/2/2 (S) रकबा 1.0110 हैक्टेयर, भूमि जो ग्राम मनिखेडी, तहसील बैरसिया जिला भोपाल मं.प्र. में है, जिसे क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने बयाना राशि अदा कर दी है यदि उपरोक्त क्रय किये जाने वाली भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय व गैर शासकीय,हॉउसिंग बोर्ड कार्यालयों का किसी भी प्रकार का कोई लेन देन हो अथवा उक्त सम्पत्ति कही विक्रय, दान, बन्धक, गिरवी, वसीयत, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में प्रमाण सहित मेरे पास में आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार का दावा दखल या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नहीं होगी और मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का भुगतान कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने के लिये स्वतंत्र होगें।
**विजय कुमार शर्मा** एडवोकेट
पता :- श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर करोंद चौराहा भोपाल म.प्र.
मो.7509057750


### कुपोषण युक्त बच्चों को किट वितरित

**औबेदुल्लागंज।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर कुपोषण मुक्त अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को किट वितरित कराई जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक स्तर पर यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में वार्ड पार्षद सेक्टर सुपरवाइजर एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कुपोषित बच्चों और उनके अभिभावक उपस्थिति दे रहे हैं। सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा कुपोषित बच्चों को संतुलित आहार देने तथा उनके वजन शारीरिक विकास संबंधी निगरानी करने का संकल्पित दिलाया जा रहा है।


**कार्यालय कलेक्टर जिला एवं समुचित सरकार**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व भोपाल**
प्रकरण क्रमांक 0001/अ-82/25-26 भोपाल, दिनांक 29/04/2026
क्रमांक/2079/भू-अर्जन/2026

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण अनुसूची क्रमांक-1 में दर्शित हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण क्रमांक 0001/अ-82/2025-26 में चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थान में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013 ) के तहत लाम्बाखेड़ा से पिपलिया बाज खां मार्ग निर्माण हेतु ग्राम पिपलिया बाज खां, तहसील हुजूर, भोपाल स्थित संलग्न हितबद्ध व्यक्तियों को सूचना अनुसूची-02 (प्रभावित धारकों का सूची) अनुसार कुल किता 01 क्षेत्रफल 0.1070 हे. भूमि अर्जन किया जाना है। प्रश्नाधीन भूमि में हितों की प्रकृति तथा ऐसे हितों के लिए प्रतिकर के दावे की रकम और विशिष्टियां धारा 20 के अधीन किये गये मापमानों के संबंध में पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन के दावे यदि कोई हो आदि के संबंध में सुनवाई की जावेगी। अतः धारा 21 की सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अर्जन की जाने वाली भूमि के संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा यदि कोई हो तो सूचना पत्र जारी दिनांक के 30 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जावेगी।

**अनुसूची -2**

| क्रमांक | भूमि स्वामी का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकबा (हे. में) | प्रभावित रकबा (हे. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | श्री अशोक कुमार जैन पिता श्री रतनलाल श्रीमती शोभा जैन पत्नी स्व. श्री बाबूलाल, अनुभव जैन, सोनिया बाई, मोनिका बाई, स्वाती बाई, दीपिका बाई आ. स्व. श्री बाबूलाल | 387 | 0.1070 | 0.1070 |

चूँकि ग्राम लाम्बाखेड़ा से पिपलिया बाज खाँ तक मार्ग निर्माण हेतु हितबद्ध व्यक्तियों की आंशिक भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित है, जिसमें कोई भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं हो रहा है।
भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।
अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी तहसील हुजूर, जिला-भोपाल
जी-12574/26
पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार
मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(प्रियंक मिश्रा)
कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल एवं समुचित सरकार
मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग



**भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल**
संस्थान निर्माण विभाग, भोपाल बायपास रोड, भौरी, भोपाल-462 066

अधीक्षण अभियंता, संस्थान निर्माण विभाग, आई.आई.एस.ई.आर. भोपाल, द्वारा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो लिफाफा पद्धति में योग्य फर्मों/ प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं | निविदा क्र. एवं दिनांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आई.डब्ल्यू.डी./अ.अ./एन.आई.टी./2026-27/60 दिनांक 08/05/2026 | आई.आई. एस. ई. आर. भोपाल में बिटुमिनस सड़कों का रखरखाव। | रु. 93,34,728/- | रु. 1,86,695/- | 30 दिवस |

निविदा प्रपत्र एवं आवेदन की अन्य जानकारी हेतु वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app देखें। निविदा सूचना संस्थान की वेबसाइट www.iiserb.ac.in पर भी उपलब्ध है।



**Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Website: www.cancerinstitute.edu.in email: executiveregistrar.ksssci@gmail.com

**NOTICE**

It is informed that against Advertisement No. **KSSSCI/Rectt/CMO/ER-04/2025-26** dated 13.10.2025 and KSSSCI/CMS/212A/10/2025-26 dated 26.02.2026, one (01) post of Casualty Medical Officer (CMO) was advertised under the Scheduled Caste (SC) category. The written examination for the said post was conducted in the Institute on 02.05.2026.
The above mentioned advertisements dated 26.02.2026 are hereby stands cancelled with immediate effect. Accordingly, the entire selection process and examination conducted for the said post shall be treated as cancelled.
Details may be seen on institute's website :- www.cancerinstitute.edu.in
Advt. No: KSSSCI/Rectt/CMO/ER-03/2026-27 DIRECTOR



केनरा बैंक Canara Bank
A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1
पर्यावास भवन, भोपाल

**निविदा द्वारा चल संपत्ति की ई-नीलामी सूचना**


ऋण न चुकाने पर जब्त किये गये निम्न वाहन को जैसे है जहाँ है के आधार पर ऑन लाईन ई-नीलामी द्वारा विक्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति संबंधित शाखा द्वारा वित्त पोषित वाहन खरीदने हेतु प्रस्ताव के साथ निम्न वर्णित तालिका में वर्णित बयाना जमा राशि, जो कि नेफ्ट/आरटीजीएस के माध्यम से खाता सं. **209272434** केनरा बैंक, संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो, संलग्न होना चाहिए। बैंक, किसी एक या सभी प्रस्तावों को, बिना कोई कारण बताएं, निरस्त करने का अधिकार रखता हैं। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि **22-05-2026** शाम 5.00 बजे तक हैं। विक्रय की जाने वाली संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है।

| ऋणी का नाम | मॉडल/मेक/पंजीयन क्र./ इंजिन नं./चेसिस नं. | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| बैरसिया रोड मुख्य शाखा, भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0000360 | | |
| ऋणी- कयूम | ATUL AUTO RICKSHAW MP04YL8306 / CMS24C15977 MCG68A3CMC2413097 | ₹ 1,94,000/- / ₹ 19400/- / ₹ 2000/- |
| ऋणी- दीपक सतवानी | E-Scooty Two Wheeler MP04UK5458 / BLHSM1-00412 MD9B1AUMJ20429392 | ₹ 17,200/- / ₹ 1720/- / ₹ 2000/- |
| ऋणी- मोहम्मद शमीम | BAJAJ AUTO MAXIMA Z CNG MP04RB5672/ AZXWMJ88462 MD2B17AX5MWJ17404 | ₹ 93,400/- / ₹ 9340/- / ₹ 2000/- |
| सुल्तानिया रोड शाखा, भोपाल खाता सं. 209272434 IFSC Code: CNRB0005270 | | |
| ऋणी- धर्मेन्द्र साहू | AUTO BAXY MOBILITY EXPRESS G-CNG MP04RC0148 / A2J1547304 MCS3G2P35PAL44579 | ₹ 43,000/- / ₹ 4300/- / ₹ 2000/- |

ई-नीलामी दिनांक 25-05-2026 को दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक
ईएमडी एवं केवायसी दस्तावेज जमा करने की अंतिम दिनांक: 22-05-2026 शाम 5.00 बजे तक
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय-1, वसूली विभाग, भोपाल ब्लाक नं. 3, पाँचवीं मंजिल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 फोन नं. 8871888343 या केनरा बैंक की वेबसाइट https://baanknet.com या सर्विस प्रदाता की वेबसाइट पर संपर्क करें।
दिनांक- 08-05-2026, स्थान-भोपाल प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

दिल्ली 36.4 अधिकतम 22.6 न्यूनतम
मुंबई 35.5 अधिकतम 28.1 न्यूनतम
चेन्नई 38.9 अधिकतम 19.4 न्यूनतम
कोलकाता 32.6 अधिकतम 20.2 न्यूनतम

सूर्यास्त 6:51 PM
सूर्योदय 5:43 AM
चन्द्रोदय 12.00 PM
चन्द्रास्त 10:39 AM

# ऑटो-आयशर की भिड़ंत, महाकाल दर्शन करने जा रहे तीन दोस्तों की मौत

## इंदौर से उज्जैन आते वक्त हुआ हादसा

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के इंदौर रोड पर पंथपिपलई के पास गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ऑटो और आयशर वाहन की जोरदार भिड़ंत में ऑटो पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में ऑटो में सवार तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। नानाखेड़ा थाना पुलिस के मुताबिक मृतक इंदौर के रहने वाले थे और रात करीब 2 बजे ऑटो से श्री महाकालेश्वर के दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। ऑटो में चिराग सोलंकी, विशाल रावत, गोलू उर्फ आकाश ठाकुर और चालक जितेंद्र कछवाय सवार थे। पंथपिपलई स्थित वाटर पार्क के पास उज्जैन से इंदौर की ओर जा रहे तेज रफ्तार आयशर वाहन ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। घटना के बाद आयशर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**जेब से मिले दस्तावेजों से हुई पहचान :** हादसे में तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटो चालक जितेंद्र कछवाय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान उनकी जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर हुई। तीनों इंदौर के अरण्य नगर और लसूड़िया क्षेत्र के निवासी थे। वहीं घायल चालक जितेंद्र कछवाय भी इंदौर का रहने वाला है।

## गूगल मैप देख दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं की गाड़ी खाई में गिरी, सात लोग हुए घायल



**जागरण, खंडवा।** प्रदेश के खंडवा में छैगांवमाखन थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के श्रद्धालुओं से भरे एक तूफान वाहन के खाई में गिरने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में सात लोग घायल हो गए, जिनमें 3 से 4 श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार, आलीराजपुर जिले के बेटमा क्षेत्र स्थित ग्राम कोल्याबेड़ा के करीब 15 श्रद्धालु शिवा बाबा के दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सिरसौद और बंजारी गांव के बीच तड़के करीब 4 बजे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा। घायल राकेश बघेल ने बताया कि वाहन चालक रास्ता खोजने के लिए गूगल मैप का सहारा ले रहा था। देर रात यात्रा के दौरान चालक को अचानक झपकी आ गई, जिससे वाहन सीधे खाई में उतर गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया। इधर, सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल लेकर आई।

## श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी महिला की मौत, 17 से ज्यादा घायल

**जागरण, भिंड।** जिले के लहार थाना क्षेत्र में भागवत कथा के लिए जल लेने जा रही श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में 61 साल की फूलवती बघेल निवासी इकमिली की मौत हो गई, जबकि महिलाएं और बच्चे समेत करीब 17 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और ग्रामीणों ने ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकालकर राहत कार्य शुरू किया। दरअसल घटना शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे चौरई-असवार मार्ग पर वीरेंद्र सिंह तोमर की कोठी के पास हुई। गांव में शुक्रवार से बघेल समाज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा शुरू होनी थी। कथा से पहले महिलाओं और ग्रामीणों की कलश यात्रा निकाली जानी थी। कलश यात्रा के लिए ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर दतिया जिले के सेवढ़ा स्थित सिंध नदी के सनकुआ घाट से जल लेने जा रहे थे लेकिन रास्ते में हादसा हो गया। ट्रॉली में क्षमता से अधिक 30 से 35 लोग सवार थे।



# लुटेरी दुल्हन ने ठगे 3 लाख पुलिस को बुलाकर खुद फंसी

**जागरण, ब्यावरा ।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना क्षेत्र में शादी के नाम पर 3 लाख 10 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। तलावड़ा गांव के एक परिवार को शादी कराने का झांसा देकर यह राशि ऐंठी गई। पुलिस ने एक युवती, उसके कथित प्रेमी और एक बिचौलिए के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक फरार है। पुलिस के अनुसार, तलावड़ा निवासी रामप्रसाद तंवर अपने छोटे भाई ग्यारसीराम की शादी के लिए लड़की तलाश रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात रिश्तेदारी के माध्यम से ग्राम कोयला निवासी राजू तंवर से हुई। राजू ने उन्हें एक युवती से शादी कराने का आश्वासन दिया और बाद में रामप्रसाद को रंजना सिरोनिया और गोविंद सौंधिया से मिलवाया। आरोप है कि रंजना ने खुद को पति से अलग रह रही महिला बताया, जबकि गोविंद को उसका भाई बताया। बातचीत के दौरान आरोपियों ने शादी से पहले जेवर बनवाने और अन्य खर्च के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल 3 लाख 10 हजार रुपए ले लिये। गोविंद पैसे लेकर जेवर खरीदने की बात कहकर चला गया और फिर वापस नहीं लौटा। इसी बीच रंजना ने ग्यारसीराम के साथ बोरकापानी मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद वह तलावड़ा स्थित ससुराल भी पहुंची और वहां एक रात रुकी। अगले दिन रंजना ने खुद पुलिस को फोन कर सूचना दी कि उसे बंधक बनाकर रखा है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि शादी और बंधक बनाने की पूरी कहानी पहले से रची गई साजिश का हिस्सा थी।

# घर-जमीन बचाने एसपी आफिस के बाहर आदिवासी परिवारों ने बिछाए बिस्तर

## विधायक भूरिया ने भी डाला डेरा, बोले-रात 3 बजे क्यों एक्शन में आती है पुलिस

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित 'हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों' के प्रति आगाह करते हुए आईपीएल में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की घटनाओं को उजागर किया था। बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को पत्र लिखा है। सैकिया ने पत्र में कहा है, मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरुकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है। बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों से जुड़े दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं हुई हैं।

**पत्र में शामिल विषय**

- होटल के कमरों में बिना अनुमति बाहरी लोगों का आना
- लाइव मैच के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्रों में फ्रेंचाइजी मालिकों का खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों से व्यक्तिगत रूप से मिलना
- मैच वेन्यू पर वेपिंग करना
- बिना अनुमति टीम होटल छोड़ना

### टारगेटेड कॉम्प्रोमाइज और हनी ट्रैपिंग का खतरा

बीसीसीआई ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना अनधिकृत व्यक्तियों को होटल के अपने कमरों में प्रवेश करने की अनुमति दी है। कई मामलों में टीम मैनेजर को ऐसे मेहमानों की उपस्थिति के बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। इस चलन को तत्काल प्रभाव से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है, जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। पत्र के अनुसार बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और 'हनी ट्रैपिंग' (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है। आईपीएल फ्रेंचाइजी को ऐसे जोखिमों को कम करने के लिए हर समय सतर्क और सक्रिय रहना चाहिए।

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 494 |
| अभिषेक (हैदराबाद) | 475 |
| केएल राहुल (दिल्ली) | 445 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)



| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर (बेंगलुरू) | 17 |
| अंशुल कंबोज (चेन्नई) | 17 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 16 |

### बाउंड्री मीटर



951 छक्के
1565 चौके
100 अर्धशतक

केएल राहुल के आईपीएल में 500 चौके हो गए हैं। वे ऐसा करने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए। इस मामले में शीर्ष पर विराट कोहली हैं, जिनके नाम 813 चौके दर्ज हैं।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 | 0.737 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 | 0.571 |
| बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 12 | 1.234 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 4 | 12 | 0.510 |
| गुजरात | 10 | 6 | 4 | 12 | -0.147 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | 0.151 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 | -0.169 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.154 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.649 |
| लखनऊ | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.934 |

### खेल एक नजर

## भारतीय टीम के नए स्पिन बॉलिंग कोच बन सकते हैं साईराज बहुतुले

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में जल्द बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पूर्व भारतीय स्पिनर साईराज बहुतुले को टीम इंडिया का नया स्पिन-बॉलिंग कोच बनाए जाने की चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बीसीसीआई से विशेषज्ञ-गेंदबाजी कोच नियुक्त करने की सिफारिश की है और इस अहम जिम्मेदारी के लिए बहुतुले का नाम आगे बढ़ाया है। बहुतुले का कार्यकाल जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू होने की उम्मीद है। बाहुतुले (53), जिन्होंने 2001 से 2003 के बीच भारत के लिए दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले हैं, अपनी स्पिन-बॉलिंग कोचिंग के हुनर के लिए काफी मशहूर हैं। टीम इंडिया की कोचिंग टीम में बैटिंग कोच सितांशु कोटक, फास्ट-बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल, फील्डिंग कोच टी. दिलीप और असिस्टेंट कोच रयान टेन डेशकाटे शामिल हैं। अभी टीम में कोई खास स्पिन-बॉलिंग कोच नहीं है।

## 44 साल में पहली बार एस्टन विला यूरोप के बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में

### यूरोपा लीगः मैकगिन के दो गोल से विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को हराया



**लंदन, जेएनएन।** जॉन मैकगिन के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यह पिछले 44 वर्षों में पहला अवसर है, जबकि एस्टन विला ने यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इंग्लैंड की दो टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल में एस्टन विला ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा था। वह सेमीफाइनल के पहले चरण में 0-1 से हार गया, लेकिन आखिर में 4-1 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करने में सफल रहा। एस्टन विला 20 मई को इस्तांबुल में होने वाले फाइनल में जर्मन क्लब फ्रीबर्ग से भिड़ेगा। फ्रीबर्ग ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में ब्रागा को 3-1 से हराकर कुल 4-3 से जीत हासिल की। एस्टन विला 1982 में यूरोपा कप में बायर्न म्यूनिख पर जीत हासिल करने के बाद से पहली बार यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगा।

## भारत पहली बार अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में


लेबनान को हराकर रचा इतिहास, 21 साल बाद जीता मैच

**सुझोउ (चीन), जेएनएन।** भारत ने शुक्रवार को अपने आखिरी ग्रुप-बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई करके इतिहास रच दिया। भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप-सी मैच को 12 या उससे ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए मैच में भारत की ओर से प्रीतिका बर्मन ने छठे और 85वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि अल्वा देवी सेंजाम ने 36वें मिनट और जया ने 72वें मिनट में गोल कर टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि के करीब पहुंचा दिया था। इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने से भारत का 2026 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में स्थान पक्का हो जाएगा। भारत ने 2005 के बाद इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस शानदार जीत ने भारत को टूर्नामेंट की सबसे अच्छी तीसरे स्थान वाली टीमों में से एक के तौर पर क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने में मदद की। फिलीपींस को चीनी ताइपे को 12 गोल से हराना था, जबकि चीनी ताइपे को 13 गोल से जीतना था। भारत को इससे पहले जापान ने 3-0, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से हराया था।

## रैपिड के आखिरी दौर में कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे गुकेश

**वारसॉ (पोलैंड), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 साल के गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला। अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन ने 13 अंकों के साथ इस वर्ग का विजेता बनकर इतिहास रचा। नीमन ने अपने हमवतन वेस्ली सो को पूरे एक अंक से पीछे छोड़ा। फेडोसेव 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश ने कहा कि रैपिड वर्ग में मेरा प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा। मैंने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन मैं कुछ मौके चूक गया।

### टेस्टः शांटो का शतक, बांग्लादेश ने पाक के खिलाफ बनाया बड़ा स्कोर

**ढाका, जेएनएन।** कप्तान नजमुल हुसैन शांटो के शानदार शतक की बदौलत बांग्लादेश ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के शुरुआती दिन स्टंप तक चार विकेट पर 301 रन बना लिए। शांटो ने 130 गेंदों में 101 रन बनाए, जिसमें 12 चौके और दो छक्के शामिल रहे। मोमिनुल हक शतक से चूक गए और 91 रन बनाकर आउट हुए। शांटो और मोमिनुल ने तीसरे विकेट के लिए 170 रन की साझेदारी कर टीम की पारी को संभाला। बांग्लादेश ने एक सफल दिन का समापन करते हुए 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया। मुशफिकुर रहीम 48 रन और लिटन दास चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही थी और टीम 10.1 ओवर में 31 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी।

## मैच प्रीव्यूः रॉयल्स और टाइटंस के बीच आगे निकलने की जंग

**जयपुर, जेएनएन।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटंस शनिवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल के 52वें मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है। इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं।

रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। आईपीएल में राजस्थान के खिलाफ गुजरात का रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है। दोनों टीमों के बीच अब तक नौ मैच हुए हैं, जिनमें गुजरात ने छह और राजस्थान ने तीन मुकाबले जीते हैं। हालांकि राजस्थान ने पिछले दो मैच अपने नाम किए हैं, जिसमें इस सीजन अहमदाबाद में खेला गया रोमांचक मुकाबला भी शामिल है।

जयपुर में दोनों टीमों के बीच तीन मैच हुए हैं, जहां राजस्थान ने दो और गुजरात ने एक जीत दर्ज की है। ऐसे में प्लेऑफ की रेस को देखते हुए यह मुकाबला दोनों के लिए बेहद अहम रहने वाला है। यह मुकाबला सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा।



## रोनाल्डो ने दागा सऊदी प्रो लीग में 100वां गोल

**रियाद, जेएनएन।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में अपना 100वां गोल किया, जिससे अल-नासर ने अल-शबाब को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बना ली। इस 41 वर्षीय फॉरवर्ड ने गुरुवार को मैच समाप्त होने से 15 मिनट पहले साडियो माने के क्रॉस पर हुए गोल किया, जो उनके करियर का 971वां गोल है। यह इस सत्र में लीग में उनका 26वां गोल भी था। चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स ने अल-नासर की तरफ से तीन गोल किए। इस जीत से अल-नासर के 32 मैचों में 82 अंक हो गए हैं, जो दूसरे नंबर पर काबिज अल-हिलाल से पांच अंक अधिक हैं। अल-हिलाल को अभी तीन मैच खेलने हैं जो अल-नासर से एक अधिक है। पांच बार के बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नासर से जुड़े थे, लेकिन उनकी मौजूदगी में इस टीम ने सऊदी अरब में अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है।

## मप्र शूटिंग अकादमी में महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल ने जीता गोल्ड मेडल

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी में चल रही कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रुद्रांक्ष पाटिल ने स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के युवा निशानेबाज पाटिल ने फाइनल में 252.9 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि हरियाणा के रोहित कन्यान ने 251.9 के साथ रजत पदक जीता। पश्चिम बंगाल के बैदुरिया बिस्वास को 230.8 से कांस्य पदक मिला। पश्चिम बंगाल के अश्मित चटर्जी ने 251.0 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता, जबकि उत्तर प्रदेश के पीयूष शर्मा ने 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। हरियाणा के रोहित कन्यान ने 229.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 254.4 के स्कोर के साथ युवा वर्ग का खिताब जीता और हरियाणा के प्रियांशु (249.7) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। हरियाणा के जतिन लांबा ने 228.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।



### रियाज कौसर मेमौरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 13 से

**भोपाल, खेप्र।** बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा चार दिवसीय रियाज कौसर मेमौरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के संस्थापक शाहबाज कौसर एवं सुफियान अली ने बताया यह टूर्नामेंट 13 से 16 मई के बीच होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया कौमी तंजीम के प्रदेश अध्यक्ष मुनव्वर कौसर रहेंगे। इस टूर्नामेंट में प्रदेश भर से लगभग 28 से 32 टीमों के भाग लेने की संभावना है। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 45000 और उप विजेता को 21000 रुपए की राशि व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बॉलर, मैनऑफ द मैच एवं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, बेस्ट फील्डर अवॉर्ड से भी विजेता खिलाडियों को नवाजा जाएगा।

## प्रारब्ध मिश्रा का ऑलराउंड प्रदर्शन 360 रन से जीती मयंक अकादमी

**भोपाल, खेप्र।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने 14वें स्व. अरविंद चतुर्वेदी क्रिकेट टूर्नामेंट 'रमेश शर्मा गुड्डू भैया ट्रॉफी' में अकीरा अकादमी को 360 रन से करारी शिकस्त दी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर मयंक अकादमी ने 404 रन का विशाल स्कोर बनाया। प्रारब्ध मिश्रा (86), अरबाजुद्दीन (76) और देवांश यदुवंशी (64) ने अर्धशतक जड़ा। वहीं आयुष ने 42 रन का योगदान दिया। अकीरा अकादमी के आर्यन शर्मा ने तीन, जबकि पीयूष राज सक्सेना और कार्तिकेय ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में अकीरा क्रिकेट अकादमी मात्र 44 रन पर ऑलआउट हो गई। कार्तिकेय ने सर्वाधिक 13 रन बनाए। मयंक अकादमी के प्रारब्ध और प्रियांशु ने चार-चार विकेट लिए। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्रारब्ध को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय कॉमेंटेटर दामोदर प्रसाद आर्य ने प्रदान किया।



# ईरान पर शिकंजा: पाबंदी तोड़ रहे दो जहाजों पर अमेरिका ने दागीं मिसाइलें

## अमेरिकी जंगी जहाज पर ईरान ने किया था हमला, दोनों ने एक दूसरे पर हमला करने का लगाया आरोप

**दुबई , जेएनएन।** अमेरिका और ईरान में सीजफायर के बावजूद जंग जोर पकड़ती नजर आ रही है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिकी डिस्ट्रॉयर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी, तो वहीं अब अमेरिका ने भी पाबंदी तोड़ रहे दो जहाजों पर मिसाइलें दागीं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने काशेम और बंदर अब्बास पर हमला बोला। ईरान के मीनाब शहर में भी धमाकों की आवाज सुनी गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरानी हमलों के बाद की गई ये जवाबी कार्रवाई सिर्फ एक लव टैप है।

इधर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दावा किया है कि ईरान ने उसके खिलाफ 2 बैलिस्टिक मिसाइल और 3 ड्रोन दागे हैं। यूएई रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सभी लक्ष्यों को हवा में ही मार गिराया गया। हमले में 3 लोग घायल हुए हैं। हालांकि इस दावे पर ईरान ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने डील नहीं की तो अमेरिका आगे भी हमले करेगा। वहीं, ईरान का दावा है कि अमेरिकी हमले में सैन्य ठिकानों नहीं, नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया। ईरानी सेना ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में होर्मुज जलडमरूमध्य और चाबहार बंदरगाह के पास मौजूद अमेरिकी सैन्य जहाजों को निशाना बनाया। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में उसके तेल टैंकरों को निशाना बनाया।

**ट्रंप ने झड़पों को 'प्यार की थपकी' बताया:** अमेरिका और ईरान के बीच इन ताजा झड़पों ने युद्धविराम को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जो पिछले एक महीने से जारी है। हालांकि, ट्रंप ने जोर देकर कहा कि युद्धविराम कायम है। अमेरिकी ब्रॉडकास्टर एबीसी न्यूज पर एक इंटरव्यू में जब ट्रंप से इन ताजा झड़पों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे 'प्यार की थपकी' (लव टैप) बताया। ट्रंप ने कहा, 'यह तो बस एक लव टैप है, युद्धविराम जारी है। यह अभी भी लागू है।'



### हमले में गुजरात का जहाज डूबा, एक भारतीय की मौत

**दुबई/द्वारका, जेएनएन।** ईरान और अमेरिका की नेवी के बीच बीती रात हॉर्मुज स्ट्रेट में हुई फायरिंग की चपेट में गुजरात का एक मालवाहक जहाज डूब गया। यह जहाज गुजरात के द्वारका जिले के सलाया का था। हादसे में जहाज के इंजन रूम में काम कर रहे अल्ताफ तालब केर नाम के भारतीय क्रू की मौत हो गई, जबकि बाकी 17 क्रू को बचा लिया गया। इंडियन सेलिंग वेसल्स एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आदम भाई ने दुबई स्थित भारतीय दूतावास को ईमेल भेजकर मदद भी मांगी है।

### अमेरिकी युद्धपोतों पर ईरानी हमला नाकाम जवाबी कार्रवाई में कई नावें डुबोईं: ट्रंप



हमले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर पोस्ट किया कि अमेरिका के तीन बड़े युद्धपोत सुरक्षित तरीके से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर गए, जबकि उन पर हमला किया गया था। ट्रंप के मुताबिक, जवाबी कार्रवाई में ईरान के हमलावर पूरी तरह तबाह हो गए। कई छोटी नावें भी समुद्र में डुबो दी गईं। अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, लेकिन सेना ने सभी हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने जल्द समझौता नहीं किया तो भविष्य में और कड़ी कार्रवाई करेगा।

### ईरानी तेल टैंकर को अमेरिका ने निशाना बनाया, हमने जवाबी कार्रवाई की: ईरान



**तेहरान, जेएनएन।** ईरानी सेना ने कहा है कि उसने अमेरिकी नौसेना के जहाजों पर जवाबी कार्रवाई की है, क्योंकि अमेरिकी सेना ने ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में एक तेल टैंकर को निशाना बनाया था। ईरान के खत्म अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने गुरुवार को कहा कि 'अमेरिकी हमलावर, आतंकवादी और डाकू सेना ने युद्धविराम का उल्लंघन करते हुए एक ईरानी तेल टैंकर को निशाना बनाया।' बयान में यह भी दावा किया गया कि ईरानी प्रतिक्रिया से अमेरिकी जहाजों को 'काफी नुकसान' हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुत्तों ने 2 साल की बच्ची को नोचकर मार डाला

**झालावाड़, जेएनएन।** राजस्थान के झालावाड़ में कुत्तों के हमले में 2 साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे भाटिया वर्कशॉप के पास एक अस्थायी टेंट के बाहर हुई। बच्ची पिता के साथ टेंट के बाहर सो रही थी। तभी 3-4 कुत्ते अचानक वहां पहुंचे और बच्ची को उठाकर करीब 50 मीटर दूर ले गए। आहट सुनकर पिता उठे तो बच्ची गायब थी। पिता बच्ची को ढूंढते हुए मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोच डाला था। पिता ने कुत्तों को भगाकर बच्ची को छुड़ाया और तुरंत एसआरजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका परिवार काम की तलाश में यहां आया था।

### मिड-डे मील खाने के बाद 250 बच्चे बीमार

**सहरसा, जेएनएन।** बिहार के सहरसा जिले के महिषी प्रखंड में राजकीय मध्य विद्यालय बलुआहा में मिड-डे मील में खाना खाने के कुछ देर बाद 250 से ज्यादा बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को उल्टी, पेट दर्द और घबराहट की शिकायत होने लगी। सभी बीमार बच्चों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल और फिर सहरसा अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद अभिभावकों ने आरोप लगाया कि मिड-डे मील में सांप मिला था। एक अभिभावक ने बताया कि बच्चे ने खाने में सांप मिलने की बात कही। अभिभावक के मुताबिक, स्कूल के ऑफिस में रखी खाने की प्लेट में बड़ा सांप पड़ा हुआ दिखाई दिया।

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, 3 पर्यटकों की मौत

## चेतावनी के बाद भी बनाने गए थे वीडियो



**जकार्ता, जेएनएन।** सोशल मीडिया पर खतरनाक जगहों की तस्वीरें और वीडियो बनाने का जुनून कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो सकता है। इंडोनेशिया के माउंट डुकोनो ज्वालामुखी पर ऐसा ही दर्दनाक हादसा हुआ, जहां चेतावनी और नो-गो जोन के बावजूद 20 हाइकर्स पहाड़ पर चढ़ गए। अचानक ज्वालामुखी फट पड़ा और देखते ही देखते आसमान राख और धुएं से भर गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो सिंगापुर के पर्यटक थे। अब अधिकारियों का कहना है कि कई विदेशी पर्यटक सिर्फ सोशल मीडिया कंटेंट बनाने के लिए खतरे को नजरअंदाज कर रहे हैं। इंडोनेशिया के माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में शुक्रवार को हुए विस्फोट में तीन हाइकर्स की मौत हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, मरने वालों में दो सिंगापुर के नागरिक और एक स्थानीय व्यक्ति शामिल हैं। ये लोग उस इलाके में मौजूद थे जहां जाने पर प्रतिबंध लगा हुआ था। हलमहेरा द्वीप पर स्थित इस ज्वालामुखी के विस्फोट से करीब 10 किलोमीटर ऊंचाई तक राख का बड़ा गुबार उठ गया।

### वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट 2026

# विदेशों से पैसा भेजने में भारतीय दुनिया में अव्वल



संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी 'इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन' (आईओएम) द्वारा जारी नवीनतम 'वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट 2026' के अनुसार, वर्ष 2024 में भारत दुनिया में सबसे अधिक रेमिटेंस (प्रवासियों द्वारा स्वदेश भेजा गया धन) प्राप्त करने वाला देश रहा। भारत ने इस वर्ष 137.67 अरब डॉलर (लगभग 12,99,742 करोड़ रुपये) प्राप्त किए, जिससे वह सालाना रेमिटेंस में 100 अरब डॉलर (लगभग 9,44,100 करोड़ रुपये) का आंकड़ा पार करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है।

### 100 अरब का आंकड़ा पार

| | | |
|---|---|---|
| **100** बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार करने वाला पहला देश बना भारत | **137.67** बिलियन डॉलर अर्थात 12,99,742 करोड़ रुपये आए 2024 में | **83.15** बिलियन डॉलर 7,85,019 करोड़ रुपये) साल 2020 में प्रवासियों ने भारत भेजा |
| **67.64** बिलियन डॉलर लगभग 6,38,589 करोड़ रुपये के साथ मेक्सिको दूसरे नंबर पर | **40.28** बिलियन डॉलर 3,80,283 करोड़ रु. के साथ फिलिपींस तीसरे नंबर पर | **38.78** बिलियन डॉलर लगभग 3,66,121 करोड़ रुपये फ्रांस भेजे गए 2024 में |
| **24** अरब डॉलर लगभग 2,26,584 करोड़ रुपये 2024 में जर्मन भेजे गए | **34.91** बिलियन डालर अर्थात 3,29,585. करोड़ रुपये भेजकर पाकिस्तान तालिका में पांचवें नंबर पर | **31.41** बिलियन डालर अर्थात 2,96,541 करोड़ रुपये के साथ चीन छठे नंबर पर |

# मांगी नौकरी मिली लाठी, पटना में टीआरई-4 अभ्यर्थियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**पटना, जेएनएन।** पटना में शुक्रवार को टीआरई-4 अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। कैंडिडेट्स को सड़कों पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। इस दौरान कई के सिर फटे हैं। महिला अभ्यर्थी को पुलिस वालों ने पैरों से कुचला। अभ्यर्थी ने कहा, 'हम आने वाले भविष्य के टीचर हैं। ये लोग हमें गुंडा समझ कर पीट रहे हैं।' लाठीचार्ज के बाद सड़कों पर अभ्यर्थियों की चप्पलें बिखरी दिखीं। एक कैंडिडेट के कपड़े सीने तक खून से सने थे। लाठीचार्ज के बाद कैंडिडेट्स ने आधे कपड़े उतार दिए और सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। बारिश के बीच अभ्यर्थी सड़क पर डटे हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि सरकार आज ही टीआरई-4 की वैकेंसी जारी करे। शुक्रवार सुबह 10 बजे अभ्यर्थियों ने वैकेंसी जारी करने की मांग को लेकर पटना कॉलेज से निकले थे। अभ्यर्थी बीपीएससी ऑफिस तक मार्च निकाल रहे थे।



महिला प्रत्याशी को पैरों से कुचला

# 'एक दिन' के फ्लॉप होते ही पल्लवी बोलीं- मेरी गलत कास्टिंग हुई

पिछले शुक्रवार को एक्ट्रेस साई पल्लवी ने आमिर खान की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'एक दिन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जिसमें उनके को-एक्टर जुनैद खान हैं। हालांकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिला है और रिव्यूज में भी इसे कुछ खास नहीं बताया गया, लेकिन साई ने हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान खुलकर कहा कि शायद उन्हें लगता है कि इस फिल्म में उनकी कास्टिंग गलत हो गई। वो जल्द ही रणबीर कपूर के साथ 'रामायणम्' में सीता के रोल में दिखाई देंगी। इससे पहले, उन्होंने 'एक दिन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। अपने को-एक्टर जुनैद खान के साथ यूट्यूब चैनल 'आमिर खान टॉकीज' पर बातचीत में, साई ने फिल्म में काम करने के अनुभव पर बात की।

### फिल्म देखने के बाद मैं कुछ देर चुप रही



उन्होंने आमिर खान के साथ पहली बार फिल्म देखने के बाद अपने रिएक्शन पर बार करते हुए कहा, 'मैं कुछ देर चुप रही और फिर उन्होंने कहा, 'कुछ बोलो।' मैंने उनसे कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं इस रोल के लिए बनी थी और मुझे लगता है कि मुझे गलत रोल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'तुम क्या कह रही हो?'

# राहुल गांधी बोले- सद्भाव यात्रा से हरियाणा को फायदा होगा

## गुरुग्राम में बृजेंद्र सिंह के साथ एक किमी पैदल चले

**गुरुग्राम, जेएनएन।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को गुरुग्राम में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में शामिल हुए। वह खांडसा चौक से एसडी स्कूल तक एक किलोमीटर पैदल चले। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, 'बृजेंद्र की इस यात्रा से हरियाणा को बहुत फायदा होगा, क्योंकि इन्होंने हरियाणा के लोगों की पल्स (नब्ज) सुनकर समझी। आप (बृजेंद्र) हजारों किलोमीटर चले। आपकी मेहनत सबने देखी। मेरा पूरा सपोर्ट आपके साथ है। कांग्रेस पार्टी में हमारे जो युवा नेता हैं, उन सबको जनता के बीच में इस तरह की यात्रा करनी चाहिए।'

**कंपनी का नाम मुदाणी होना चाहिए:** 'आपका सारा डेटा नरेंद्र मोदी ने अमेरिका को पकड़ा दिया। इसके दो कारण हैं, सबसे पहला एपस्टीन फाइल।



नरेंद्र मोदी की पूरी हिस्ट्री उस फाइल में है। ट्रंप कहता है कि नरेंद्र मोदी का करियर एक मिनट में खत्म कर दूंगा। दूसरा कारण अडाणी है। अमेरिका में इसके ऊपर क्रिमिनल केस है। ये केस अडाणी पर नहीं है, ये नरेंद्र मोदी पर है। मोदी और अडाणी एक हैं। कंपनी का नाम अडाणी है, लेकिन नाम मुदाणी होना चाहिए।' यह यात्रा हमने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर शुरू की है। हम 2700 किलोमीटर पैदल चल चुके हैं। अभी पांच हलके बाकी हैं।

# आम लोगों में हंतावायरस फैलने का खतरा बेहद कम

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि हंतावायरस का आम लोगों में फैलने का खतरा 'बेहद कम' है। यह बयान उस समय आया है, जब एमवी होंडियस नाम के क्रूज शिप पर हंतावायरस संक्रमण के कारण तीन यात्रियों की मौत हो चुकी है, जिनमें से दो भारतीय बताए जा रहे हैं। जबकि कई अन्य बीमार हुए हैं। यह वायरस आमतौर पर चूहों और दूसरे कृन्तकों के जरिए फैलता है। हालांकि इस मामले में एंडस वायरस की पुष्टि हुई है, जो हंतावायरस की ऐसी प्रजाति मानी जाती है, जो इंसानों से इंसानों में भी फैल सकती है। डच झंडे वाला यह क्रूज शिप करीब 150 यात्रियों और क्रू मेंबर्स के साथ रविवार को स्पेन के टेनेरिफ पहुंचने वाला है। क्रूज ऑपरेटर, ओशनवाइड एक्सपीडिशंस ने बताया कि, तीनों मरीजों को निकालने के बाद जहाज की पूरी जांच की जानी है। इसके लिए जहाज को कैनरी द्वीप समूह भेजा जाना है। हालांकि, इस द्वीप समूह की क्षेत्रीय सरकार के प्रमुख, फर्नांडो क्लैविजो ने इजाजत देने से मना कर दिया है। सूत्रों की माने तो स्पेन के टेनेरिफ में जहाज की डॉकिंग की जाएगी। बता दें कि, यह लग्जरी क्रूज एक अप्रैल को अर्जेंटीना के उशुआइया से रवाना हुआ था।




### संक्रमित व्यक्ति तक ही सीमित

डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता क्रिस्टीन लिंडमियर ने कहा, 'यह खतरनाक वायरस जरूर है, लेकिन इसका जोखिम मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति तक सीमित है। आम जनता के लिए खतरा फिलहाल बहुत कम है।' उन्होंने बताया कि जहाज पर कई मामलों में ऐसा देखा गया कि एक ही केबिन में रहने वाले दो लोगों में से केवल एक ही संक्रमित हुआ। इससे संकेत मिलता है कि वायरस आसानी से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।

# हिंदुत्व का चेहरा: नंदीग्राम-भवानीपुर की जीत से सुवेंदु बने पहली पसंद

## कांग्रेस के पार्षद से भाजपा के मुख्यमंत्री तक का सफर किया तय

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद पार्टी ने सुवेंदु अधिकारी को अपनी पहली सरकार का चेहरा घोषित किया है। वर्षों तक खुद को टीएमसी के सबसे मजबूत विरोधी के रूप में स्थापित करने वाले अधिकारी अब राज्य की सत्ता संभालगें। उनकी जमीनी लोकप्रियता, चुनावी सफलता और संगठनात्मक क्षमता ने उन्हें भाजपा नेतृत्व की स्वाभाविक पसंद बनाया।



### ममता को गढ़ में दो बार हराया

सुवेंदु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद सौपने का सबसे बड़ा कारण भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराना रहा। ममता का गृह क्षेत्र माना जाने वाला भवानीपुर उनका राजनीतिक किला था, लेकिन अधिकारी ने यहां 73,917 वोट हासिल कर ममता को 15,105 वोटों से मात दी। इससे पहले 2021 में नंदीग्राम में भी उन्होंने ममता बनर्जी को हराया था। भवानीपुर की यह जीत बेहद महत्वपूर्ण साबित हुई क्योंकि यह सीट लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का सबसे सुरक्षित गढ़ मानी जाती रही है। दो बार ममता को सीधे चुनौती देकर अधिकारी ने भाजपा के भीतर अभूतपूर्व कद हासिल किया। पार्टी के अंदर कई दावेदार थे, लेकिन नंदीग्राम और भवानीपुर की जीत ने किसी को भी उनके करीब नहीं पहुंचने दिया।

### टीएमसी की रणनीति पर अंदरूनी जानकारी

सुवेंदु अधिकारी टीएमसी की कार्यप्रणाली को जानने वाले नेता हैं। कांग्रेस से राजनीतिक सफर शुरू कर 1998 में टीएमसी में शामिल हुए। 2009 और 2014 में तामलुक से सांसद रहने के बाद 2016 में नंदीग्राम से विधायक बने और ममता सरकार में मंत्री रहे। टीएमसी की संगठनात्मक संरचना, मतदाता नेटवर्क और रणनीतियों की समझ उन्हें भाजपा के लिए खास बनाती है।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sq.cm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG
RATE 500/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(A Govt. of M.P. Undertaking)
OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (O&M) DIVISION BHAIRUNDA
Nasrullaganj, Disst. Sehore, M.P., E-mail : eenasrullaganj99@gmail.com
No. : DGM/O&M/Veh./230 Bhairunda, Dated : 07.05.2026

OFFER FOR HIRING VEHICLE

MPMKVVCL hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations :-

| Name of Unit/ Office | Particulars | Due Date of Submission of Offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| DGM(O&M) Division Bhairunda | Type "Type E, Air-conditioned Jeep or equivalent Category MUV with min. engine capacity 1450 CC (For Petrol/Diesel) with Airbags and ABS" (As per Vehicle Policy) | 25.05.2026 Up to 03:30 pm | 25.05.2026 at 4:00 pm |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/125688/2026 DGM (O&M)

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, Website : www.mpstdc.com
क्रमांक 210/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 08.05.2026

निविदा सूचना

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नि.सू. क्र./सिस्टम आई.डी./कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रु. लाख में |
|---|---|---|
| 1. | 171/2026_STDC_506119_1/ Construction of 05 AR, boundary, gate, renovation & toilet at Govt. HS Kadlawad Sarangpur block, Distt. Rajgarh completion month 14 | 199.27 |
| 2. | 172/2026_STDC_506120_1/ Construction of 05 AR, boundary, gate, renovation & toilet at Govt. HSS Bhyana Sarangpur block, Distt. Rajgarh completion month 12 | 159.04 |
| 3. | 173/2026_STDC_506121_1/ Construction of 02 AR, boundary, renovation & gate at Govt. HS Magrana Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 10 | 110.21 |
| 4. | 174/2026_STDC_506122_1/ Construction of 03 AR, boundary, renovation & toilet at Govt. HS Girls Sandawata, Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 10 | 107.03 |
| 5. | 175/2026_STDC_506124_1/ Construction of 03 AR, boundary, renovation & toilet at Govt. HS Panda, Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 10 | 95.30 |
| 6. | 176/2026_STDC_506125_1/ Construction of 03 AR, gate, renovation & toilet at Govt. HSS Dhamanda Sarangpur block, Distt. Rajgarh completion month 08 | 83.80 |
| 7. | 177/2026_STDC_506126_1/ Construction of 02 AR, boundary, gate & renovation at Govt. HS Harana Sarangpur block, Distt. Rajgarh. completion month 06 | 57.56 |

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 29.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर दिनांक 12.05.2026 से देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125696/2026 कार्यपालन यंत्री

### पहली कक्षा के बच्चे के बस्ते का वजन 1078 ग्राम रहे

**जागरण, जबलपुर।** बच्चों के भारी स्कूल बैग को लेकर अब प्रशासन सख्त हो गया है। बाल संरक्षण आयोग और लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने कलेक्टर को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में नेशनल बैग पॉलिसी का सख्ती से पालन कराया जाए। आयोग ने साफ कहा है कि पहली कक्षा के बच्चे का स्कूल बैग 1078 ग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। यदि कोई स्कूल तय मानकों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### कबाड़ से बनाई ई-साइकिल, एक चार्ज में 35 किमी चलेगी

**जागरण, उमरिया।** पॉलिटेक्निक के छात्रों ने वेस्ट मटेरियल से कम लागत वाली ई-साइकिल तैयार की है। करीब 18 हजार रुपए की लागत से बनी यह साइकिल एक बार चार्ज करने पर 35 किलोमीटर तक चल सकती है। छात्रों का दावा है कि यह पर्यावरण के अनुकूल और आम लोगों के बजट में फिट है। नवाचार को लेकर शिक्षकों और स्थानीय प्रशासन ने भी छात्रों की सराहना की है।




### "ट्वीट ऑफ द डे"



तेजस्वी यादव
राजद नेता

बिहार कैबिनेट में 35 में से 17 मंत्री परिवारवादी हैं। तीन मंत्री तो पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवारवाद के पोषक हैं, इसका उदाहरण सम्राट कैबिनेट में देखने को मिल रहा है। अब पीएम किसे शहजादा और युवराज कहेंगे? प्रधानमंत्री को अब मंत्रिमंडल में बिहार के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों बेटों को युवराज और शहजादा कहकर संबोधन करना पड़ेगा।

# नेचर हाइट्स की अटैच प्रॉपर्टी में से 20 करोड़ रुपए की संपत्ति बैंकों को सौंपी

## कंपनी ने मप्र-पंजाब में जमीनों के नाम पर की थी 51 करोड़ रुपए की ठगी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश और पंजाब के हजारों मध्यमवर्गीय परिवारों को सस्ते प्लॉट और दुकानों का सपना दिखाकर करोड़ों की चपत लगाने वाली कंपनी नेचर हाइट्स इंफ्रा लिमिटेड पर शिकंजा कस गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में साफ हो गया है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर करीब 51 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। इस मामले में अब विशेष अदालत ने कुर्क की गई संपत्तियों में से लगभग 20.21 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी बैंकों को वापस करने का आदेश दिया था, ताकि कर्ज की भरपाई की जा सके। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार फिलहाल ईडी ने इस कंपनी की 46 करोड़ की संपत्ति को जब्त कर रखा है, जिसका बाजार भाव अब लगभग 100 करोड़ हो गया है। कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा है कि बैंक लोन चुकाने के बाद शेष बची रकम और प्रॉपर्टी से एमपी और पंजाब के उन लोगों को भुगतान भी किया जाएगा जिनके साथ कंपनी ने धोखाधड़ी की है।




### प्राइम लोकेशन पर सस्ते प्लॉट का झांसा

जांच में खुलासा हुआ है कि कंपनी के कर्ताधर्ता नीरज अरोरा उर्फ नीरज थताई ने 2010 से 2015 के बीच एमपी के इंदौर, भोपाल के साथ पंजाब में प्राइम लोकेशन पर कम दाम में प्रॉपर्टी देने का लालच दिया था। इसके बाद निवेशकों से जुटाई गई इस रकम से न तो जमीन खरीदी गई और न ही इस राशि को वापस लौटाया गया। लोगों से वसूली गई 51 करोड़ की रकम को कंपनी ने अपने ही ग्रुप की अन्य कंपनियों में डायवर्ट कर दिया, जिसका इस्तेमाल निजी ऐशो-आराम और बेनामी संपत्तियां खरीदने में किया गया। ईडी ने जांच के दौरान पाया कि ठगी की इस रकम का एक बड़ा हिस्सा एमजी गोल्ड रियल्टर्स नाम की फर्म को भी भेजा गया था। नेचर हाइट्स इंफ्रा और एमजी रियल्टर्स के नाम पर इसी अवधि में अलग-अलग बैंकों से करोड़ों के लोन भी लिए गए और इन्हें भी अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। इस घोटाले के मास्टरमाइंड नीरज को 2016 में पहली बार जांच एजेंसियों ने गिरफ्तार किया था, लेकिन वह जमानत पर बाहर आकर फरार हो गया था। बाद में ईडी ने उसे 2024 में फिर से धर दबोचा। नीरज के पास एमपी और पंजाब के अलग-अलग शहरों में 200 फ्लैट होने की जानकारी ईडी को मिली थी, जिनमें से 46 करोड़ की प्रॉपर्टी अब तक अटैच की गई है।

### एसबीआई और सीएसबी करेंगे प्रॉपर्टी की नीलामी

इसी साल फरवरी में बैंकों की अर्जी पर सुनवाई करते हुए पंजाब की एक कोर्ट ने इन संपत्तियों की नीलामी और उससे होने वाली रिकवरी का रास्ता साफ कर दिया है। अदालत ने 46 करोड़ में से लगभग 20.21 करोड़ की प्रॉपर्टी के दस्तावेज एसबीआई और सीएसबी बैंकों को सौंप दिए हैं, ताकि वे इन संपत्तियों को नीलाम कर सकें और अपने लोन की भरपाई कर सकें। बाजार भाव के अनुसार बैंकों को मिली संपत्ति का वर्तमान मूल्य लगभग 50 करोड़ से अधिक हो सकता है, लिहाजा कोर्ट ने यह भी कहा कि बैंक इन संपत्तियों को बेचकर अपना बकाया वसूलने के बाद बाकी रकम को अदालत में जमा कराएंगे। ईडी ने इस केस में एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को विज्ञापनों और वादों के भरोसे किसी अनजान या बाहरी राज्य की कंपनी में निवेश करने से बचने की सलाह दी है। ईडी के मुताबिक इन्वेस्टमेंट स्कीम में पैसा लगाने से पहले प्रोजेक्ट के रेरा में रजिस्टर्ड होने की पुष्टि जरूर करें और कंपनी के पुराने रिकॉर्ड, जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेज और सरकारी एनओसी की भी बारीकी से जांच कर लें।

### उज्जैन में सोलर टैंकर से मिलेगा शुद्ध-ठंडा पानी



**जागरण, उज्जैन।** प्रदेश में एक नई तकनीक के तहत सोलर ऊर्जा से संचालित पानी का टैंकर तैयार किया है। लगभग 4 लाख रुपए की लागत से बने इस टैंकर में 565 वॉट का सोलर पैनल लगा है, जो बिना किसी बाहरी बिजली के आरओ प्लांट और चिलर सिस्टम को चलाता है। इससे लोगों को शुद्ध और ठंडा पानी मिलता है। यह सिस्टम सूरज की रोशनी से ऊर्जा प्राप्त करता है। सोलर पैनल पर धूप पड़ते ही पानी के शुद्धिकरण और ठंडा करने की प्रक्रिया स्वतः शुरू हो जाती है, जिससे टैंकर में आने वाला पानी साफ और ठंडा होकर उपलब्ध होता है। वर्तमान में इस सिस्टम की टेस्टिंग उज्जैन के कोठी रोड स्थित एमपी स्टेट एग्रो उज्जैन कार्यालय के सामने की जा रही है। यहां प्रशासनिक कार्यालयों और न्यायालय जाने वाले कर्मचारी व आम नागरिक इसका लाभ उठा रहे हैं। इस सड़क पर फिलहाल कोई अन्य प्याऊ उपलब्ध नहीं है। इससे पहले, इस सोलर टैंकर का सफल उपयोग कृषि मेलों में भी किया गया था, जहां किसानों ने इसका भरपूर फायदा उठाया।

## संक्षिप्त खबरें

### दूल्हे ने की हर्ष फायरिंग तीन गोलियां दागी

**जागरण, ग्वालियर।** शादी के स्टेज पर दूल्हे ने हर्ष फायरिंग कर एक के बाद एक तीन गोलियां दागीं। दुल्हन का हाथ भी बंदूक के ट्रिगर पर रखवाया। मामला डबरा के भितरवार में 5 मई का है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच की बात कही है। वीडियो में वरमाला के बाद दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर खड़े दिख रहे हैं। दूल्हे ने हाथ में बंदूक पकड़ रखी है। वह उसमें बुलेट लोड करता है। फिर ऊपर की तरफ फायर कर देता है। ऐसा उसने लगातार तीन बार किया। दूल्हा-दुल्हन ने हर्ष फायरिंग का ये वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट भी किया है। पुलिस के मुताबिक, भितरवार के वार्ड नंबर 9 में रहने वाले गगन रावत (24) की शादी मुस्कान रावत (22) से हुई है। लड़की पक्ष दतिया के सुनारी गांव से भितरवार आया था। विवाह समारोह राधा रानी मैरिज गार्डन में पूरा हुआ था। गगन किसान है। वह सोशल मीडिया पर बंदूक के साथ फोटो-वीडियो डालता रहता है। हर्ष फायरिंग में इस्तेमाल की गई बंदूक लाइसेंसी बताई गई है।

### एबी रोड पर महाजाम: नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस के 10 विधायकों पर एफआईआर

**धार।** जिले के धामनोद स्थित खलघाट टोल टैक्स के पास गुरुवार को आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर कांग्रेस द्वारा किए गए महा जाम के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। यहां जाम लगाने पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित कांग्रेस के 10 विधायकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। विधायकों के अलावा तीन पूर्व विधायकों सहित कुल 25 नेताओं के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। एफआईआर में विधायक बाला बच्चन, सुरेंद्र हनी बघेल, प्रताप ग्रेवाल, सचिन यादव, हीरालाल अलावा, झूमा सोलंकी, केदार डावर और मोंटू सोलंकी के नाम शामिल हैं। इनके अलावा पूर्व विधायक कांतिलाल भूरिया, डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ, पंचीलाल मेडा और नवीन जोशी सहित जिलाध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के नाम दर्ज किए गए हैं। धामनोद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 191(2) और राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा 8(बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है।

## मप्र में सड़क हादसों में 45695 लोगों की मौत, महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2024 में देश में हुए सड़क हादसों को लेकर आंकड़े जारी किए हैं। देशभर में 9 लाख से अधिक हादसे हुए, जिसमें 4.59 लाख लोगों की मौत हुई है जबकि 4.53 लाख लोग घायल हुए। यानी इन हादसों में मरने की संख्या, घायलों से ज्यादा रही। इन हादसों में 58 फीसदी ऐसे लोगों की मौत हुई है, जिनकी अपनी कोई गलती नहीं थी। सड़क हादसे में कुल 1.99 लाख लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा एक्सीडेंट मार्च और मई महीने में हुए हैं। मार्च में 43508 और मई में 43640 एक्सीडेंट हुए हैं। अधिकांश एक्सीडेंट शाम को पीक आवर्स में हुए हैं। ग्रामीण इलाके में 60 फीसदी और शहरी इलाके में 40 फीसदी हादसे हुए हैं।

**एनसीआरबी के आंकड़े, ग्रामीण इलाकों में 60 और शहरी क्षेत्रों में 40 फीसदी हादसे**

मध्य प्रदेश में वर्ष 2024 में सड़क हादसों में 45696 लोगों को मौत हुई है। एक्सीडेंट के मौत के मामले में महाराष्ट्र के बाद मप्र का दूसरा स्थान है। 52 फीसदी मामलों में एक्सीडेंटल मौत हुई है। प्रदेश में बिजली गिरने से भी 577 लोगों ने अपनी जान गवाई है। प्रदेश में नेचुरल और आपदा से 1085 लोगों की जान गई है। एक्सीडेंट के मामलों में 14 साल से कम उम्र के 3167, 14 से 18 साल के 2862, 18 से 30 साल के 12344, 30 से 45 साल के 14290, 45 से 60 साल के बीच 8871 और 60 से ऊपर वाले 4161 लोगों ने अपनी जान गवा दी। एक्सीडेंट में कुल मरने वालों में 36279 पुरुष और 9415 महिलाएं तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है।

### तथ्य छिपाकर राहत लेने के मामले में कोर्ट सख्त

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने तथ्य छिपाकर राहत लेने वाले अधिवक्ता दिनेश सिंह चौहान पर 50 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई है। उन पर आरोप है कि जिस मामले में मुख्यपीठ जबलपुर की बेंच ने याचिका खारिज कर दी थी, उसकी जानकारी होने के बावजूद समान मामले में इंदौर बेंच से अंतरिम राहत ले ली। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने अधिवक्ता को निर्देश दिए कि कॉस्ट की राशि हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के सचिव को भुगतान करें। दरअसल, प्राथमिक शिक्षक भर्ती से जुड़े एक मामले में सुनवाई चल रही थी। मामले पर अधिवक्ता चौहान वीसी के जरिए उपस्थित हुए। इसी मामले में संलग्न अन्य याचिकाओं के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि जबलपुर बेंच ने 6 अप्रैल को समान मुद्दे पर दायर याचिकाएं खारिज कर दी थीं।

## एनीमिया मुक्त भारत अभियान में मप्र देश में नंबर वन

### 92.1 प्रतिशत रहा स्कोर कार्ड

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) स्कोरकार्ड 2025-26 में 92.1 एएमबी इंडेक्स के साथ देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार और एनीमिया नियंत्रण की दिशा में प्रदेश सरकार की सतत प्रतिबद्धता और प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम सहयोगी विभागों और मैदानी स्वास्थ्य अमले को बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधार, पोषण सुदृढ़ीकरण तथा एनीमिया उन्मूलन के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित मध्यप्रदेश की आधारशिला हैं। प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के प्रत्येक मानक में निरंतर सुधार के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

### ऐसा रहा है मप्र का देशभर में प्रदर्शन

मध्यप्रदेश ने बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं में आयरन-फॉलिक एसिड (आईएफए) अनुपूरण कवरेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश ने 6 से 59 माह के बच्चों में 80.4, 5 से 9 वर्ष के बच्चों में 95, किशोर वर्ग में 95, गर्भवती महिलाओं में 95 तथा धात्री माताओं में 95 प्रतिशत कवरेज प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च स्थान अर्जित किया। राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश के बाद आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना संयुक्त रूप से 90.6 एएमबी इंडेक्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि तमिलनाडु 89.9 इंडेक्स के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## गर्मी की वापसी, 2 डिग्री चढ़ा भोपाल का पारा

### दतिया सहित कुछ जिलों आंधी बारिश का अलर्ट, रतलाम में 43.5 डिग्री तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** कुछ दिन की राहत के बाद गर्मी ने फिर वापसी की है। शुक्रवार को भोपाल में तेज धूप व गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को गर्मी का एहसास कराया। राजधानी में दिन का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। जो कि गुरुवार की तुलना में 2 डिग्री ज्यादा है। इसी के साथ न्यूनतम पारा भी 25 डिग्री के पार पहुंच गया। इससे रात में भी गर्मी रही। मौसम विभाग के अधिकारी ने बताया कि अब 12 मई तक ऐसा ही दौर रहेगा। हर दिन पारा कुछ ऊपर रिकार्ड किया जाएगा। इससे गर्मी में वृद्धि होगी। शहर का अधिकतम पारा 44 डिग्री पहुंचने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश शनिवार के लिए तेज आंधी, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने-चमकने का अलर्ट जारी किया है। जानकारी के अनुसार, सिवनी, छिंदवाड़ा, रायसेन, सागर, दमोह और बालाघाट में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, भोपाल, देवास, खरगोन, राजगढ़, विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, बैतूल, नरसिंहपुर, मंडला, पांढुर्णा, डिंडौरी, अनूपपुर में धूलभरी आंधी चल सकती है। अमरकंटक और टीकमगढ़ में भी बारिश के आसार है।



### सभी जगह बढ़ा तापमान

शुक्रवार को भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिलों में तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। रतलाम मप्र का सबसे गर्म जिला रहा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। शाजापुर में 42.6 डिग्री रहा। वहीं, पांच बड़े शहरों में उज्जैन में पारा 42.4 डिग्री, इंदौर-भोपाल में 41.2 डिग्री, जबलपुर में 38.8 डिग्री और ग्वालियर में 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**संकट में धरोहर** — आंधी और बारिश भी नहीं झेल पाया ताजमहल का शाही गेट

# ताजमहल में लगे पत्थरों में आने लगीं दरारें

**आगरा, जेएनएन।** ताजमहल करीब 373 साल पुराना हो चुका है। दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों में शामिल इस स्मारक के रॉयल गेट (शाही दरवाजे) के पत्थर अब दरकने लगे हैं। दरवाजे की दीवारों में कई जगह दरारें आ गई हैं। कुछ पत्थर अपनी जगह से खिसक चुके हैं। शाही गेट अब आंधी और बारिश भी नहीं झेल पा रहा।

पिछले महीने आंधी-बारिश के दौरान दो बार गेट के पत्थर टूटकर गिर चुके हैं। ये पत्थर मुगलकाल के हैं। इससे पहले भी ताजमहल परिसर के कई हिस्सों में पत्थर और जालियां टूट चुकी हैं। मुख्य मकबरे के पीछे यमुना नदी की तरफ लगी जालीदार रेलिंग भी तेज बारिश और आंधी नहीं झेल पाई। साल 2020 में यह रेलिंग गिर गई थी। लेकिन मरम्मत के नाम पर एएसआई ठेकेदारों के भरोसे बैठा है।



- **7 अप्रैल 2026:** आगरा में तेज आंधी और बारिश हुई। इस दौरान ताजमहल के रॉयल गेट के सफेद और लाल पत्थर निकलकर गिर गए। गनीमत रही कि कोई पर्यटक इसकी चपेट में नहीं आया।
- **30 अप्रैल 2026:** आगरा में हल्की आंधी और बारिश हुई। इसके बावजूद रॉयल गेट के कमजोर हो चुके पत्थर इसे नहीं झेल पाए। सफेद पत्थर के 5 टुकड़े टूटकर नीचे गिर पड़े।
- **31 मई 2024:** ताजमहल के रॉयल गेट का एक पत्थर टूटकर गिर गया था।
- **20 दिसंबर 2024:** ताजमहल के दक्षिणी गेट की दीवार से पत्थर टूटकर गिर गए थे।
- **29 मई 2020:** ताजमहल में संगमरमर और लाल पत्थर की जालियां टूट गई थीं। पश्चिमी गेट की चूल टूटने से गेट टेढ़ा हो गया था।

### पत्थरों ने अपनी जगह छोड़ी

ताजमहल का रॉयल गेट यानी शाही दरवाजा अब जर्जर हो चुका है। कई जगहों से पत्थर अपनी जगह छोड़ चुके हैं। दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। पत्थर इतने पुराने हो गए हैं कि वे दीवारों से उखड़कर गिरने लगे हैं। लाल पत्थर से बने रॉयल गेट में नक्काशी के लिए लगाए गए सफेद और काले पत्थर भी निकल रहे हैं। कई जगह पत्थर झड़ने से दीवारों में गैप बन गया है।

### रॉयल गेट का इतिहास

रॉयल गेट ताजमहल का मुख्य प्रवेश द्वार है। ताजमहल के पश्चिमी और पूर्वी गेट से प्रवेश करने के बाद पर्यटक फोरकोर्ट में पहुंचते हैं। यहां से इसी शाही दरवाजे के जरिए मुख्य मकबरे तक जाते हैं। पहले दक्षिणी गेट से आने वाले पर्यटक भी इसी दरवाजे के सामने पहुंचते थे। हालांकि, साल 2018 से दक्षिणी गेट बंद है। शाही दरवाजा भी उतना ही पुराना माना जाता है, जितना ताजमहल का मुख्य मकबरा।




मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।